सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 24 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 110, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 852 अंकों की गिरावट

गिरावट के चलते बीएसई सेंसेक्स 852 .49 अंक लुढ़क गया और एनएसई निफ्टी भी 205 अंक नुकसान में रहा। } 10

## बदलाव के पक्ष में मिलेगा शानदार जनादेश

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में वोट देने के लिए राज्य की जनता को बधाई दी और मतदान के अब तक के आंकड़ों को परिवर्तन के लिए शानदार जनादेश का संकेत बताया। } 12



## नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती : योगी

### गोखपुर में मुख्यमंत्री ने 497 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

विशेष संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती है। करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो और नीयत भी उसी के अनुरूप हो तो परिस्थितियां बदलती हुई दिखाई देती हैं। गोरखपुर में नौ वर्षों के अंदर आया विकासपरक परिवर्तन इसका प्रमाण है। सीएम योगी गुरुवार को राप्ती नदी के एकला बंधा पर लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कर बनाए गए ईको पार्क, नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क सहित विकास की 1055 करोड़ रुपये की लागत वाली 497 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता टूलकिट और कैलेंडर का अनावरण कर स्वच्छ स्कूल अभियान का भी शुभारंभ किया। एकला बंधे पर आयोजित लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अच्छा करने की ...शेष पृष्ठ 10 पर




## यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं रिजल्ट : बेटियों ने फिर मारी बाजी

### हाईस्कूल में 90.42% व इंटर में 80.38% छात्र सफल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने गुरुवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया। परिणामों में हाईस्कूल में 90.42% और इंटर में 80.38% छात्र सफल घोषित किए गए हैं। हाईस्कूल परीक्षा के टॉपर्स में प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार, पिहानी (सीतापुर) की कशिश वर्मा (97.83) और द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर (बाराबंकी) की अंशिका वर्मा (97.83%) रहीं। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉपर्स ...शेष पृष्ठ 10 पर







# पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रिकॉर्ड मतदान

## बंगाल : प्रथम चरण में करीब 92.35 प्रतिशत मतदान दर्ज

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बृहस्पतिवार को शाम पांच बजे तक करीब 92.35 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। इस दौरान हिंसा, मतदाताओं को डराने-धमकाने और कम से कम तीन उम्मीदवारों पर हमले की छिटपुट घटनाएं भी हुईं।

राज्य के हालिया चुनावी इतिहास में यह मतदान प्रतिशत सबसे अधिक है। मतदान शाम छह बजे समाप्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित समय से पहले मतदान केंद्रों पर पहुंचने वाले मतदाताओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाएगी। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में नाम काटे जाने को लेकर विवाद के बीच राज्य के 16 जिलों में मतदान से 294 सदस्यीय राज्य विधानसभा के 152 निर्वाचन क्षेत्रों में 167 महिलाओं सहित 1,478 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा। भीषण गर्मी और उमस के बावजूद मतदाता सुबह से ही मतदान केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में कतारों में खड़े नजर आए और जैसे-जैसे समय बीतता गया, मतदान की गति तेज होती गई। मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें इस बात का संकेत थीं कि मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच महत्वपूर्ण मुकाबले के रूप में देखा जा रहा है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। राज्य में शाम पांच बजे तक 89.93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जिसमें दक्षिण दिनाजपुर जिले में सबसे अधिक 93.12 प्रतिशत मतदान हुआ। विश्लेषकों का कहना है कि मतदान में लोगों की भारी भागीदारी बढ़ी हुई राजनीतिक गोलबंदी और एसआईआर के सांख्यिकीय प्रभाव दोनों को दर्शाती है, जिसके तहत राज्य भर में मतदाता सूची से 91 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए थे। पहले दो घंटे में 3.60 करोड़ मतदाताओं में से 18.76 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और धीरे-धीरे मतदान में तेजी आई। पूर्वाह्न 11 बजे तक 41.11 प्रतिशत और अपराह्न एक बजे तक 62.18 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। तीन बजे तक 78 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके थे। उम्मीदवारों पर हमलों समेत कुछ जिलों में छिटपुट हिंसा की घटनाओं ने बंगाल के चुनावी माहौल में अपेक्षित तनाव पैदा कर दिया। निर्वाचन आयोग ने हिंसा के संबंध में अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। बीरभूम जिले के खारिसोल में अंतिम घंटों के दौरान तनाव काफी बढ़ गया, जब मतदाताओं ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में डाले गए वोट भाजपा के खाते में दर्ज हो रहे हैं। चुनाव अधिकारियों और नाराज मतदाताओं के बीच बहस छिड़ने के बाद स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों का एक समूह मतदान केंद्र के बाहर इकट्ठा हो गया और प्रदर्शन करने लगा। इससे पहले, दिनाजपुर के कुमारगंज में भाजपा उम्मीदवार ...शेष पृष्ठ 10 पर



## तमिलनाडु में 85 फीसद पड़े वोट, सबसे अधिक सेलम में हुआ मतदान

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु की 234 विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, शाम पांच बजे तक राज्य के 5.73 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से 82.24 फीसदी ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

इससे पहले, तमिलनाडु में 2011 के विधानसभा चुनावों में सर्वाधिक 78.29 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था, जब ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने शानदार जीत हासिल की थी। तमिलनाडु में ...शेष पृष्ठ 10 पर



### संक्षेप

## गंगा में डूबने से तीन युवकों की मौत

रायबरेली। जिले के सरेनी थाना क्षेत्र में गंगा नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक का इलाज जारी है। मरने वालों में दो व्यक्ति सगे भाई बताए गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 11 बजे सरेनी थाना क्षेत्र में गंगा नदी में डूबने से तीन नवयुवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक का इलाज जारी है। हादसे के शिकार नवयुवक एक शादी के कार्यक्रम में शामिल होने आए थे और आज गंगा स्नान करने निसगर घाट तक आये थे। मृतकों में रानीखेड़ा के निवासी हरिओम, हरिशंकर और सत्येन्द्र शामिल हैं।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट

### पहले दिन ही उमड़ी अपार श्रद्धा, 15 हजार से अधिक भक्तों ने किये दर्शन

प्रमुख संवाददाता

बद्रीनाथ धाम (उत्तराखंड)। देवभूमि उत्तराखंड के विश्वप्रसिद्ध श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट गुरुवार की सुबह शुभ मुहूर्त में 6:15 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। वैदिक मंत्रोच्चार, पारंपरिक पूजा-विधि और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच जैसे ही मंदिर के द्वार खुले, संपूर्ण धाम जय बद्री विशाल के जयकारों, शंखनाद और घंटियों की मंगलध्वनि से गूंज उठा। इस अलौकिक अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी धाम में उपस्थित रहे।

कपाटोद्घाटन के पहले ही दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देश-विदेश से पहुंचे 15 हजार से अधिक भक्तों ने भगवान बद्री विशाल के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें लग गई थीं। श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया। कपाट खुलने के अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। श्री बद्रीनाथ मंदिर को पुष्पमालाओं, पारंपरिक तोरण द्वारों और आकर्षक ...शेष पृष्ठ 10 पर



## चमकविहीन व सिकुड़ा गेहूं भी खरीदेगी यूपी सरकार

लखनऊ। मौसम की मार से परेशान किसानों को डबल इंजन सरकार ने बड़ी राहत दी है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार ने निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश के किसानों का अधिक से अधिक गेहूं एमएसपी पर खरीदा जाए तथा किसानों को लाभकारी मूल्य प्राप्त हो।

बता दें कि प्रदेश में बेमौसम वर्षा के कारण गेहूं की गुणवत्ता में कमी आई है। चमकविहीन होने के साथ गेहूं के दानों में सिकुड़न आ गयी है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार के अनुरोध पर किसानों के हित में भारत सरकार ने चमकविहीन एवं सिकुड़े गेहूं को खरीदने की अनुमति प्रदान की है। अब किसानों का 70 प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं तथा 20 प्रतिशत तक टूटे व सिकुड़ा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आईएसआई के दो आतंकवादी गिरफ्तार

### यूपी एटीएस को मिली बड़ी सफलता, सोशल मीडिया से नौजवानों को बनाया निशाना

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी गैंगस्टर्स व आईएसआई के लिए काम करने वाले दो आतंकियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पायी है। उनके कब्जे से 0.32 बोर पिस्टल, 05 जिन्दा कारतूस, चाकू व दो मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

उत्तर प्रदेश एटीएस को सूचना मिली थी कि भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने व भारत की सम्प्रभुता, एकता व अखण्डता को नष्ट करने के उद्देश्य से पाकिस्तानी गैंगस्टर जो आईएसआई के कहने पर भारत की आंतरिक सुरक्षा को क्षति पहुंचाना चाहते हैं, उनसे जुड़कर उन आतंकवादी संगठनों व गैंगस्टर्स के साथ मिलकर भारत के युवकों को इंस्टाग्राम व विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से स्लीपर सेल बनाने व आतंकी गतिविधियों को कारित करने के लिए उकसाने का कार्य किया जा रहा है। इस सूचना को एटीएस की टीम ने विकसित किया तो यह तथ्य प्रकाश में आए कि पाकिस्तान की खूफिया एजेन्सी आईएसआई के निर्देश पर ...शेष पृष्ठ 10 पर



समीर खान तुषार उर्फ हिज्बुल्ला



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 42.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 25.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- 15 मई से फार्मर आईडी अनिवार्य (पृष्ठ-02)
- उत्तर जोन का क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन आज (पृष्ठ-02)
- रुपया 33 पैसे टूटकर 94.11 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- वित्त मंत्री ने बैंक प्रमुखों के साथ बैठक की (पृष्ठ-10)


विशेष खबर एक साल में 20 .53 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक पहुंचे प्रयागराज, संगम नगरी की बढ़ी लोकप्रियता

## विदेशी श्रद्धालुओं की पहली पसंद बना यूपी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था, मजबूत बुनियादी ढांचे और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाली नीतियों के चलते विदेशी पर्यटकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रयागराज के रूप में सामने आया है, जहां वर्ष 2025 में 20,53,918 से अधिक विदेशी श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचे। यह आंकड़ा दर्शाता है कि संगम नगरी केवल देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए आस्था और संस्कृति का प्रमुख केंद्र बन चुकी है।

प्रयागराज में 20,53,918, वाराणसी में 3,21,358, मथुरा में 1,42,134, अयोध्या में 65,487 विदेशी पर्यटक साल 2025 में पहुंचे। प्रयागराज सदियों से गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां की धार्मिक मान्यताएं, प्राचीन मंदिर, घाट, आश्रम और आध्यात्मिक वातावरण विदेशी पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु संगम स्नान, पूजा-अर्चना, योग, ध्यान और भारतीय संस्कृति को करीब से समझने के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। खासतौर पर माघ मेला, कुम्भ और धार्मिक आयोजनों के दौरान यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है, जिससे विदेशी पर्यटकों में विश्वास बढ़ा है। पर्यटन स्थलों पर पुलिस व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, साफ-सफाई, बेहतर सड़क संपर्क, एयरपोर्ट और रेलवे सुविधाओं में सुधार का सकारात्मक असर देखने को मिला है। प्रयागराज में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार, घाटों के सुंदरीकरण, प्रकाश व्यवस्था और आधुनिक व्यवस्थाओं ने भी विदेशी मेहमानों को आकर्षित किया है। सरकार द्वारा धार्मिक स्थलों के विकास और प्रचार-प्रसार से प्रदेश की छवि वैश्विक स्तर पर मजबूत हुई है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ...शेष पृष्ठ 10 पर



## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 5 लोगों की मौत , 22 घायल

- जिलाधिकारी, एसपी, सीएमओ पहुंचे जिला अस्पताल
- घायलों का जाना हाल, हरसंभव मदद का आश्वासन
- सीएम योगी ने सड़क हादसे का लिया संज्ञान, जताया शोक
- मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक मदद

जिला संवाददाता

लखीमपुर खीरी। निघासन तहसील के पढुआ थाना क्षेत्र में गुरुवार को मुंडन कार्यक्रम में जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 22 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल ओयल में इलाज चल रहा है, वहीं गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में हुई पांच लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की घोषणा की है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों का समुचित एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित किया ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# विशेष टीम गठित कर हो जमीनी विवादों का निस्तारण : योगी

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनी 200 लोगों की फरियाद, किया आश्वस्त, किसी के भी साथ नहीं होगा अन्याय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जमीन से जुड़े विवादों का निस्तारण विशेष टीम गठित करके किया जाए। जमीन का मालिकाना हक उसके वास्तविक स्वामी के पास ही होना चाहिए। किसी व्यक्ति की जमीन पर यदि दबंगों ने कब्जा किया है तो जमीन को कब्जामुक्त कराने के साथ दोषियों को कानूनी सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले बख्शे न जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।

सीएम योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में भूमि विवाद के मामलों में उन्होंने अफसरों से कहा कि विशेष टीम लगाकर ऐसे मामलों को शीघ्रता से निस्तारित किया जाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

# डोमिनगढ़ बंधा फोरलेन सड़क व रेल उपरिगामी पुल का सीएम ने किया निरीक्षण



**फोरलेन सड़क और उपरिगामी पुल से और सुगम हो जाएगा आवागमन**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को निमार्णाधीन डोमिनगढ़ माधोपुर बंधा से महेसरा पुल तक फोरलेन सड़क और डोमिनगढ़ में बन रहे रेल उपरिगामी पुल (आरओबी) का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजघाट पुल से हाबर्ट बंधा होते हुए डोमिनगढ़, कोलिया, गाहासाढ़ बंधा होते हुए जंगल कौड़िया-कालेसर मार्ग तक फोरलेन सड़क के निर्माण की भी जानकारी ली। उन्होंने इन तीनों परियोजनाओं को सुगम यातायात और बाढ़ बचाव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

ईको पार्क सहित 1055 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री डोमिनगढ़ माधोपुर बंधा से महेसरा पुल तक फोरलेन सड़क और डोमिनगढ़ रेल उपरिगामी पुल का निरीक्षण करने पहुंचे। सबसे पहले वह लालडिग्गी के आगे बंधे पर रुके। यहां उन्होंने फोरलेन सड़क परियोजना के ड्राइंग मैप का अवलोकन किया और कार्य प्रगति के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड दो के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि काम में और तेजी लाकर इसे जल्द से जल्द जनता को समर्पित करने की तैयारी करें। इसके बाद सीएम योगी ने इसी मार्ग पर इलाहीबाग के पास बंधे पर रुककर निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने लक्षित समय सितंबर 2026 की बजाय जुलाई 2026 तक ही फोरलेन का काम पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए। यहां मुख्यमंत्री ने नगर आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि महेसरा तक बनने वाले फोरलेन के अंतिम छोर को खूबसूरत बनाने में नगर निगम भी योगदान दे। उन्होंने कहा कि महेसरा में सड़क से सटी वाटर बॉडी के समीप की भूमि पर कचरा पड़ा रहता है। वहां भी ईको पार्क जैसा विकास किया जा सकता है। फोरलेन सड़क का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री ने डोमिनगढ़ चौकी के पास जगतबेला-डोमिनगढ़ रेल सेक्शन पर रहमतनगर-माधोपुर रोड पर रेल उपरिगामी पुल की प्रगति की जानकारी ली। ड्राइंग मैप देखने के बाद उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर में जीवन सुगमता के लिए विकास की एक नई श्रृंखला खड़ी हो रही है। उन्होंने कहा कि हाबर्ट बंधा, डोमिनगढ़ बंधा पर फोरलेन सड़क और डोमिनगढ़ में रेल उपरिगामी पुल बन जाने से घुनघुनकोठा, जगतबेला और आसपास के लोगों को आवागमन में बड़ी सहूलियत हो जाएगी। फोरलेन के रूप में तटबंध सुदृढ़ हो जाने से बाढ़ से भी बचाव होगा। फोरलेन सड़क बन जाने से जंगल कौड़िया-कालेसर या फिर सोनौली मार्ग पर जाना बेहद सुगम हो जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब सिटी के बाहर-बाहर फोरलेन की बेहतरीन कनेक्टिविटी मिल जाएगी। राजघाट, टीपीनगर से होते हुए नेपाल जाने वाले मार्ग पर जाने के लिए यात्रियों को शहर के अंदर जाने की जरूरत नहीं रहेगी। इस फोरलेन से सीधे महेसरा और फिर वहां से सोनौली मार्ग पर जाना आसान होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यदायी संस्थाएं समय पर कार्य पूर्ण कर लेंगी और लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। डोमिनगढ़ माधोपुर बंधा से बसियाडीह मंदिर होते हुए महेसरा पुल के पास गोरखपुर-सोनौली मार्ग तक 10.2 किमी लंबाई में 379.54 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण जारी है। इसकी कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड दो है। इस सड़क को सितंबर 2026 तक पूरा कराया जाना है। हालांकि मुख्यमंत्री ने इसे जुलाई तक ही पूरा करने के लिए निर्देशित किया है। इसी तरह राजघाट पुल से हाबर्ट बंधा होते हुए डोमिनगढ़, कोलिया, गाहासाढ़ बंधा होते हुए जंगल कौड़िया-कालेसर मार्ग तक फोरलेन सड़क का निर्माण हो रहा है। 4.07 किमी लंबे इस मार्ग को फोरलेन सड़क में तब्दील करने पर 195.21 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड दो के अनुसार 75 प्रतिशत से अधिक कार्य हो चुका है और इसे मई 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। जगतबेला-डोमिनगढ़ रेल सेक्शन पर रहमतनगर-माधोपुर रोड पर उपरिगामी पुल का निर्माण 132 करोड़ 60 लाख 78 हजार रुपये की लागत से किया जा रहा है। 755 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण दिसंबर 2027 तक पूरा किया जाना है। इस पुल के बन जाने से टीपीनगर, कालेसर जंगल कौड़िया मार्ग से जोड़ते हुए रोहिन नदी के बाएं तट पर हाबर्ट तटबंध से माधोपुर तटबंध होते हुए मोहरीपुर का गोरखपुर-सोनौली मार्ग से सीधा संपर्क हो जाएगा। इससे सोनौली मार्ग पर जाने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी, समय व ईंधन की बचत भी होगी।

# उत्तर जोन का क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन आज

## नौ राज्यों के कृषि मंत्री, अफसर, प्रगतिशील किसान व वैज्ञानिक लेंगे हिस्सा

विशेष संवाददाता (vol)



- **मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री व राज्यमंत्री रहेंगे मौजूद**
- **40 हजार कुंतल ढेंचे के बीज किसानों को मिलेंगे**

**लखनऊ।** उत्तर जोन खेती का प्राण है। कृषि क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने अनेक सकारात्मक कदम उठाए हैं। यूपी के इस कदम के कारण केंद्रीय किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में 24 अप्रैल (शुक्रवार) को सेंट्रम होटल में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन (उत्तर जोन) होगा। इसमें 9 राज्यों (उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब व दिल्ली) के कृषि मंत्री, उद्यान मंत्री, प्रमुख सचिव, निदेशक, एफपीओ, प्रगतिशील किसान, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, भारत सरकार के अधिकारी आदि रहेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी व रामनाथ ठाकुर भी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दी।

लोकभवन में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में आयोजन के संबंध में जानकारी देते उन्होंने बताया कि इसमें कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड की प्रगति, राज्यों के किसानों, केंद्र के स्टार्टअप, एफपीओ, नाबार्ड, बैंकों, मिल मालिकों, प्रसंस्करण इकाइयों, बागवानी की संभावनाओं, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की प्रगति, बीज एजेंसियों, खरीद एजेंसियों, सिंचाई कंपनियों, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन आदि पर चर्चा व समीक्षा भी होगी। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों के कल्याण व आमदनी को लेकर विभिन्न राज्यों ने बेहतर कार्य किया है। वे अपने कार्यों का प्रस्तुतिकरण देकर अन्य राज्यों को भी अवगत कराएंगे। उत्तर प्रदेश के अंदर गन्ने के साथ इंटरक्रॉपिंग शुरू कराई गई है। इसके साथ ही धान की सीधी बोआई (डीएसआर) विधि को लेकर भी प्रस्तुतिकरण होगा। भारत सरकार ने सर्वोत्तम पद्धति मानते हुए इसे किसानों के हित का भी बताया है। वहीं पंजाब सरकार ने धान के फसल विविधीकरण की पद्धति, हिमाचल व उत्तराखंड ने बागवानी के क्षेत्र में विशेष पद्धति अपनाई है। इसके साथ ही कृषि के क्षेत्र में अन्य राज्यों के विभिन्न सकारात्मक कार्यों की भी जानकारी आदान-प्रदान होगी। सम्मेलन में नकली कीटनाशकों, उर्वरकों की कालाबाजारी पर नियंत्रण, प्रभावी वितरण, इसके विकल्पों को बढ़ावा देने, संतुलित उपयोग, रासायनिक फर्टिलाइजर की जगह पर अल्टरनेटिव फर्टिलाइजर के प्रयोग को लेकर भी पर विस्तृत चर्चा व समीक्षा भी होगी। सम्मेलन में उत्तर जोन के लिए आगे क्या पॉलिसी बनाई जाए और इसके जरिए किसानों को कैसे सामर्थ्यवान व आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा सके, इस पर भी चर्चा होगी। कृषि मंत्री ने एक सवाल के जवाब में बताया कि उत्तर प्रदेश में उर्वरक की कोई समस्या नहीं है। उत्तर प्रदेश में 20 लाख मीट्रिक टन से अधिक फर्टिलाइजर है। इसमें साढ़े 11 लाख एमटी यूरिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया है कि लगभग 40 हजार कुंतल ढेंचे का बीज किसानों को उपलब्ध कराएगी, जिससे यूरिया की 20 प्रतिशत खपत कम होगी।

# अपार प्लस से हर छात्र पर डिजिटल नजर

## एक प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित होगा पूरा शैक्षणिक रिकॉर्ड

विशेष संवाददाता (vol)

- **न किसी छात्र का रिकॉर्ड खोएगा, न ही कोई छात्र व्यवस्था से बाहर रहेगा**
- **4.24 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 2.68 करोड़ अपार आईडी हुई जनरेट**

**लखनऊ।** अब उत्तर प्रदेश में कोई भी बच्चा पढ़ाई के सिस्टम से बाहर नहीं रहेगा और उसकी पूरी शैक्षणिक जानकारी एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज हो रही है। योगी सरकार के ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री, अपार प्लस मिशन के अंतर्गत हर छात्र को एक यूनिक आईडी दी जा रही है, जिससे उसकी पढ़ाई, उपस्थिति और प्रगति पर सीधी नजर रखी जा सकेगी। मतलब साफ है, न तो किसी बच्चे का रिकॉर्ड खोएगा और न ही कोई छात्र व्यवस्था से बाहर रह पाएगा। यह व्यवस्था सरकारी विद्यालयों के साथ-साथ सहायता प्राप्त और निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों में भी लागू की जा रही है।

11 अप्रैल से शुरू होकर 30 जून 2026 तक चलने वाले इस मिशन में 4.24 करोड़ छात्रों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक 2.68 करोड़ से अधिक बच्चों को शामिल कर 63 प्रतिशत से ज्यादा लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। खास बात यह है कि सरकारी स्कूलों में 82 प्रतिशत से अधिक बच्चों को इस डिजिटल व्यवस्था से जोड़ दिया गया है। इससे शिक्षा को जमीनी स्तर तक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में तेज प्रगति दिखाई दे रही है। सबसे बड़े छात्र समूह तक डिजिटल पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य की पूर्ति की ओर बड़ी उपलब्धि है।

वहीं सहायता प्राप्त विद्यालयों में 74.84 प्रतिशत, निजी विद्यालयों में 50.54 प्रतिशत और अन्य श्रेणियों में 46.97 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। अपार प्लस व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक छात्र को एक यूनिक डिजिटल आईडी प्रदान की जा रही है, जिसके माध्यम से उसकी नामांकन, उपस्थिति, कक्षा प्रगति, परीक्षा परिणाम और उपलब्धियों सहित पूरी शैक्षणिक प्रोफाइल एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से दर्ज हो जाती है। आधार से लिंक होने के कारण यह आईडी छात्र की पहचान को प्रमाणित करती है और स्कूल परिवर्तन की स्थिति में उसका पूरा शैक्षणिक रिकॉर्ड स्वतः स्थानांतरित हो जाता है, जिससे डेटा की निरंतरता बनी रहती है। इस प्रणाली से ड्रॉपआउट और फर्जी नामांकन की पहचान आसान होती है, वहीं सरकार को रियल-टाइम डेटा के आधार पर प्रभावी मॉनिटरिंग और नीति निर्माण में सहायता मिलती है। परिणामस्वरूप, हर छात्र सिस्टम में दर्ज और ट्रैक हो रहा है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा को डेटा आधारित और ट्रैक योग्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

योगी सरकार ने अपार सेचुरेशन के लिए डेटा शुद्धिकरण, आधार सीडिंग, बायोमेट्रिक अपडेट और अभिभावक सहमति जैसी प्रक्रियाओं को एकीकृत कर व्यवस्थित रूप से लागू किया है। हर शनिवार टारगेटेड सेचुरेशन कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि जिला और ब्लॉक स्तर पर सतत समीक्षा के माध्यम से प्रगति सुनिश्चित की जा रही है। मिशन मोड में संचालित यह अभियान प्रशासनिक कार्य-संस्कृति को गति और जवाबदेही से जोड़ रहा है।

अपार आईडी के माध्यम से प्रत्येक छात्र को एक स्थायी डिजिटल शैक्षणिक पहचान दी जा रही है, जिससे उसकी शैक्षिक उपलब्धियां, प्रगति और रिकॉर्ड एक ही प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रहेंगे। यह व्यवस्था पारदर्शिता बढ़ा रही है और छात्रवृत्ति, स्कूल परिवर्तन, उच्च शिक्षा प्रवेश और करियर ट्रैकिंग को भी अधिक व्यवस्थित और सुगम बना रही है।

# 15 मई से फार्मर आईडी अनिवार्य खाद व बीज लेने में होगा जरूरी

**लखनऊ।** प्रदेश में जायद 2026 सीजन की तैयारियों के तहत सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री को लेकर अभियान तेज कर दिया है। निर्देश दिए गए हैं कि 30 अप्रैल 2026 तक 100 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए विशेष रूप से उन गांवों पर फोकस किया जा रहा है जहां अब तक रजिस्ट्री का सैचुरेशन कम है। अभियान के तहत सभी भूमिधर किसानों को शामिल किया जाएगा, चाहे वे पीएम किसान योजना के लाभार्थी हों या नहीं।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि 15 मई 2026 से फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी जाएगी। इसके बिना किसानों को सरकारी कृषि योजनाओं, उर्वरकों और बीज का लाभ नहीं मिल सकेगा। ऐसे में किसानों को समय रहते अपना पंजीकरण पूर्ण कराने की सलाह दी गई है।

किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिलों को व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें लाउडस्पीकर के माध्यम से घोषणाएं, स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन और ग्राम प्रधानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि हर किसान तक जानकारी पहुंच सके और रजिस्ट्रेशन में तेजी आए। इसी क्रम में जायद 2026 के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे भी निर्धारित समयसीमा में संचालित किया जाएगा। इसके लिए 28 अप्रैल 2026 को जिला स्तरीय टीमों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि 1 मई से 31 मई 2026 तक पूरे प्रदेश में सर्वे अभियान चलाया जाएगा। इस सर्वे के माध्यम से फसलों का सटीक आंकलन कर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।

# केंद्र की मंजूरी: अब चमकविहीन व सिकुड़ा गेहूं भी खरीदेगी यूपी सरकार

- **बेमौसम बारिश से परेशान गेहूं किसानों को डबल इंजन सरकार ने दी बड़ी सुविधा**
- **टोल-फ्री नम्बर 18001800150 पर समस्या बता सकते हैं किसान**

लखनऊ। मौसम की मार से परेशान किसानों को डबल इंजन सरकार ने बड़ी राहत दी है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार ने निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश के किसानों का अधिक से अधिक गेहूं एमएसपी पर खरीदा जाए तथा किसानों को लाभकारी मूल्य प्राप्त हो। बता दें कि प्रदेश में बेमौसम वर्षा के कारण गेहूं की गुणवत्ता में कमी आई है। चमकविहीन होने के साथ गेहूं के दानों में सिकुड़न आ गयी है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार के अनुरोध पर किसानों के हित में भारत सरकार ने चमकविहीन एवं सिकुड़े गेहूं को खरीदने की अनुमति प्रदान की है। अब किसानों का 70 प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं तथा 20 प्रतिशत तक टूटे व सिकुड़ा गेहूं सरकारी क्रय केन्द्रों पर बिना किसी कटौती के खरीदा जायेगा। किसानों के पंजीकरण में दर्ज विवरण का सत्यापन राजस्व एवं चकबन्दी विभाग द्वारा किया जा रहा है। अब नई व्यवस्था के अन्तर्गत जिन किसानों का उक्त विभागों द्वारा सत्यापन अभी तक नहीं हुआ है, उन किसानों का गेहूं भी क्रय केन्द्र प्रभारियों की ओर से किसानों के राजस्व/चकबन्दी अभिलेखों का मिलान करते हुए क्रय किया जायेगा। समस्त जनपदों के क्रय केन्द्रों पर 15 जून तक अनवरत रूप से गेहूं खरीद जारी रहेगी। किसानों के समस्त गेहूं की खरीद सुनिश्चित कराई जायेगी। भीड़ अधिक होने पर किसान अपनी सुविधानुसार क्रय केंद्र प्रभारी से टोकन प्राप्त कर लें और टोकन में दर्ज तिथि पर क्रय केंद्र लाकर गेहूं बिक्री करें। किसी भी असुविधा पर किसान टोल-फ्री नम्बर 18001800150 पर सम्पर्क कर सकते हैं। शासन ने प्रदेश के सभी 18 मंडल में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है। नामित अधिकारी अपने सम्भाग का भ्रमण करते हुए किसानों से क्रय किए जा रहे गेहूं की व्यवस्था की समय-समय पर समीक्षा करेंगे। साथ ही बैठक करके गेहूं खरीद को सुचारु रूप से सम्पन्न कराएंगे।

# विशेष सदन में नारी शक्ति वंदन पर बवाल, निंदा प्रस्ताव पास

## सपा-कांग्रेस ने सदन की वैधता पर खड़े किये सवाल, किया बहिष्कार

विशेष संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** गुरुवार को नगर निगम के विशेष सदन की बैठक नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी, लेकिन बैठक की शुरूआत होते ही माहौल गरमा गया और देखते ही देखते सदन हंगामे का अखाड़ा बन गया। समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षदों के बीच तीखी बहस शुरू हुई, जो जल्द ही आरोप-प्रत्यारोप और नारेबाजी में बदल गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्षों के पार्षद आमने-सामने आ गए और सदन की कार्यवाही बाधित हो गई। सपा और कांग्रेस के पार्षद सदन का बहिष्कार करके बाहर चले गए। इसके बाद सदन में विपक्ष की खाली कुर्सियों के बीच महापौर ने नारी वंदन अधिनियम को लोकसभा में पास न करने पर सपा और कांग्रेस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया।

नगर निगम में गुरुवार को महिलाओं के राजनीति में आरक्षण को लेकर भाजपा व सपा-कांग्रेस पार्षद आमने-सामने आ गए। सपा-कांग्रेस पार्षदों ने सदन में धरना-प्रदर्शन किया और मौजूदा सीटों पर महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की बात कही। महापौर सुषमा खर्कवाल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर अपना संबोधन शुरू किया। उनके बोलते ही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के पार्षदों ने विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी और सदन की वैधता पर ही सवाल खड़े कर दिए। विपक्ष का कहना था कि इस तरह के राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के लिए नगर निगम का मंच उपयुक्त नहीं है। हंगामा होने के बीच सपा व कांग्रेस के पार्षदों ने सदन का बहिष्कार कर दिया। सपा के सभी 22 पार्षद व कांग्रेस के दो पार्षद सदन से बाहर निकल गए। बैठक के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। भाजपा पार्षदों ने महापौर के समर्थन में नारे लगाए, वहीं विपक्षी पार्षद लगातार विरोध जताते रहे।

## मैं सैनिक की बेटी, अनुशासन व स्वाभिमान मेरे जीवन के मूल : महापौर

सदन को संबोधित करते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने भावुक शब्दों में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वह केवल महापौर के रूप में नहीं, बल्कि एक सैनिक परिवार से जुड़ी महिला के रूप में भी यहां खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अनुशासन और स्वाभिमान उनके जीवन के मूल मूल्य हैं, लेकिन बुधवार सुबह उनके आवास पर हुई घटना ने लोकतंत्र और मानवता दोनों को शर्मसार किया है। सदन में कई पार्षदों ने भी अपने विचार रखे। नामित पार्षद नेहा सिंह, पार्षद रेखा सिंह, शिवम उपाध्याय, गौरी सांवरिया, ऋचा मिश्रा, भृगुनाथ शुक्ला एवं अनुराग मिश्रा (अन्नू) ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बोलते हुए महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार और सामाजिक सम्मान की आवश्यकता पर जोर दिया।



महापौर ने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जिस देश में नदियों को माँ कहा जाता है, वहाँ नारी के सम्मान को ठेस पहुंचाना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि मां, बहन और बेटी जैसे पवित्र रिश्तों का अपमान देश की जनता कभी नहीं भूलेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एक माँ होने के नाते वह किसी भी माँ का अपमान करने की सोच भी नहीं सकतीं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों तक महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया और संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि अब देश की नारी जाग चुकी है और अपने अधिकारों के लिए पूरी ताकत से खड़ी है। महापौर ने बुधवार को उनके आवास पर हुए प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी नामपट्टिका पर जूता चलाना न केवल उनके पद का, बल्कि पूरे शहर की गरिमा का अपमान है। उन्होंने इसे लखनऊ की प्रथम नागरिक और एक सैनिक परिवार की महिला पर हमला बताया। भाजपा पार्षदों ने इस घटना की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया गया, जिसे 119 में से 93 पार्षदों ने सर्वसम्मति से पारित किया। महापौर ने इस समर्थन के लिए सभी पार्षदों और लखनऊ की जनता का आभार व्यक्त किया। अंत में महापौर ने कहा कि यह केवल शुरूआत है और नारी सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि लखनऊ की जनता न्याय और सम्मान के इस प्रयास में हमेशा साथ खड़ी रहेगी।

## धरने पर बैठे कांग्रेस के पार्षद

हंगामे के बीच कांग्रेस के पार्षद मुकेश सिंह चौहान और ममता चौधरी नगर निगम मुख्यालय में ही महापौर की गाड़ी के पास धरने पर बैठ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता से जुड़े असली मुद्दों को नजरअंदाज कर राजनीतिक एजेंडा थोपा जा रहा है। ममता चौधरी ने सवाल उठाया कि यदि महिला आरक्षण जैसे मुद्दे पर विशेष सदन बुलाया जा सकता है, तो मणिपुर, उन्नाव और अन्य राज्यों में महिलाओं के साथ हुई घटनाओं पर चर्चा के लिए सदन क्यों नहीं बुलाया गया। मुकेश सिंह चौहान ने सदन की कार्यवाही को 'जनता के पैसे की बबार्दी' बताते हुए कहा कि विकास के बजाय केवल राजनीतिक एजेंडा चलाया गया। दूसरी ओर सपा के पार्षदों ने सामूहिक रूप से बहिष्कार करते हुए परिसर छोड़ दिया।







- सदन में पार्षद रेखा सिंह ने महिला आरक्षण के समर्थन में शेरो-शायरी के जरिए अपनी बात रखी, जबकि भाजपा पार्षद संदीप शर्मा के कुछ आपत्तिजनक नारों ने माहौल को और अधिक गरमा दिया। महिला पार्षद तख्तियां लेकर भी पहुंचीं, जिन पर विपक्ष के खिलाफ तीखे संदेश लिखे हुए थे।
- नामित पार्षद नेहा सिंह ने महापौर की नेम प्लेट के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार का जिक्र करते हुए सुरक्षा पर सवाल उठाए और एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। उनका कहना था कि जब शहर की महापौर ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी।

## जनता के मुद्दे दरकिनार

पूरे घटनाक्रम में सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि शहर की मूल समस्याएं—पानी, सफाई, सीवर और यातायात जैसे अहम मुद्दे—चर्चा से पूरी तरह गायब रहे। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और महिला आरक्षण पर टकराव के बीच एक बार फिर जनता के सरोकार हाशिये पर चले गए।

# हाईस्कूल में अदरिजा व आरोही और इंटर में सुभान अली आये अव्वल

## यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी होने पर छात्र-छात्राओं का स्कूलों में हुआ भव्य स्वागत, माला पहनाकर खिलायी गयी मिठाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में यूपी बोर्ड का गुरुवार को हाईस्कूल और इंटर का परिणाम घोषित हुआ। हाईस्कूल में लखनऊ पब्लिक कालेज बी ब्लाक राजाजीपुरम के अदरिजा चौरसिया व आरोही सिंह 96.17 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम आये जबकि इंटर में एसकेडी एकेडमी इंटर कालेज राजाजीपुरम के सुभान अली 95 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल आये।

**हाईस्कूल के टॉप टेन टॉपर :** इसी प्रकार से राजधानी में हाईस्कूल में दूसरे स्थान में एसएस भूपति सिंह इंटर कालेज के आर्यन लोडवाल 95.67 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर बाल निकुंज इंटर कालेज के दिव्या पाल 95.5 प्रतिशत, चौथे और पांचवे स्थान पर क्रमशः लखनऊ पब्लिक कालेज के आदित्य कुमार कुशवाहा 95.17 प्रतिशत और अविका सिंह 95 प्रतिशत रहा। वहीं छठवें स्थान पर 94.83 प्रतिशत अंक के साथ बाल निकुंज इंटर कालेज के यश वर्मा और ट्रिन्टी एकेडमी के नितिन मोदी, सातवें स्थान पर 94.33 अंकों के साथ बाल गाइड इंटर कालेज से उज्जवल व बाल निकुंज इंटर कालेज से दिव्यांश तिवारी, आठवें स्थान पर 94.17 प्रतिशत अंकों के साथ लखनऊ पब्लिक कालेज से आरव सिंह व कॉसमोपॉलिटन इंटर कालेज से अंश आये। इसी प्रकार नौवें स्थान पर 93.83 प्रतिशत अंकों के साथ बाल निकुंज इंटर कालेज की वंशिका शर्मा व बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी की जानवी वर्मा और दसवें स्थान पर 93.67 प्रतिशत अंकों के साथ चार मेधावियों ने बाजी मारी। इसमें हीरालाल यादव इंटर कालेज से बेबी यादव, बाल निकुंज इंटर कालेज से वर्तिका श्रीवास्तव, कॉसमोपॉलिटन इंटर कालेज से आकाश तिवारी व बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल से शिवम श्रीवास्तव रहे।



**इंटर के टॉप टेन टॉपर :** राजधानी में इंटर एसकेडी एकेडमी इंटर कालेज राजाजीपुरम के सुभान अली 95 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल आये। दूसरे और तीसरे स्थान पर लखनऊ पब्लिक कालेज से क्रमशः 93 प्रतिशत अंकों के साथ आर्ची सिंह व 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ भैरवी मौर्या, चौथे स्थान पर 91.4 प्रतिशत अंकों के साथ चित्रांश विद्यापीठ इंटर कालेज के आस्था मौर्या, पांचवें स्थान पर 91 प्रतिशत के साथ दो मेधावी लखनऊ पब्लिक कालेज से समीक्षा राजपूत व ब्राइट सन पब्लिक इंटर कालेज से अफजल अहमद, छठवें स्थान पर 90.60 अंकों के साथ हीरा लाल यादव गर्ल्स इंटर कालेज से आंचल गुप्ता रहीं। वहीं सातवें स्थान पर 90.20 प्रतिशत अंकों के साथ दो मेधावी एसएस भूपति सिंह मेमोरियल इंटर कालेज से दिव्यांशी यज्ञसेनी व केशरी बाल शिक्षा केंद्र इंटर कालेज से रिचा शुक्ला, आठवें स्थान पर 89.8 प्रतिशत अंकों के साथ बाल निकुंज इंटर कालेज की आंकाक्षा सिंह रहीं। इसी प्रकार नौवें स्थान पर 89.60 प्रतिशत अंकों के साथ चार मेधावी आये हैं, जिसमें बाल निकुंज इंटर कालेज की अंशिका, कॉसमोपॉलिटन इंटर कालेज की आर्शिया राइन, द ओएएफ पब्लिक इंटर कालेज से राज कश्यप व बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी से विभा पाल रहीं जबकि दसवें स्थान पर 89.40 प्रतिशत के साथ गवर्मेंट जुबिली इंटर कालेज से अभिषेक गौतम ने जगह बनायी है।

## यूपी बोर्ड में फिर चमके एलपीसी के मेधावी

लखनऊ पब्लिक कॉलेज की बी-ब्लॉक, राजाजीपुरम शाखा के छात्रों ने यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10 में छात्रा आद्रिजा चौरसिया एवं आरोही सिंह ने संयुक्त रूप से 96.17% अंक प्राप्त कर उत्तर प्रदेश में दसवां स्थान एवं लखनऊ में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त आदित्य कुमार कुशवाहा ने 95.17% अंक प्राप्त कर जनपद में चौथा व अविका सिंह ने 95% अंक के साथ पाचवां स्थान प्राप्त किया तथा आरव सिंह ने (94.17%) आठवां, रौनक गुप्ता ने 92.67%, श्रेष्ठ पटेल ने 91.83% तथा अथर्व प्रताप सिंह ने 91.67% अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की। कक्षा 12 में आर्ची सिंह ने 93% अंक प्राप्त कर शहर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि भैरवी मौर्य ने 92.40% अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा समीक्षा राजपूत ने 91% के साथ पाचवां स्थान, वंशिका शर्मा ने 88.40%, तविशी मित्तल ने 87% तथा रिया सिंह यादव ने 86.80% अंक प्राप्त किए। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसपी सिंह (सांसद) एवं जनरल मैनेजर हर्षित सिंह ने सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।






## अवध कॉलेजिएट का शानदार परीक्षा परिणाम



अवध कॉलेजिएट के विद्यार्थियों ने यूपी बोर्ड की कक्षा 10 एवं 12 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष कक्षा 10 में कुल 27 विद्यार्थी एवं कक्षा 12 में 41 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम कक्षा शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल के समीर सिद्धार्थ ने 87.3% तथा इंटरमीडिएट के वेदांश ने 86.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया जो इन विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को दशार्ता है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रबंधक सर्वजीत सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी लगन के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग की सराहना की। विद्यालय की निदेशिका जतिंदर वालिया ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने सभी छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने एवं अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया। विद्यालय की संयुक्त निर्देशिका डॉ ब्रह्मजोत कौर एवं प्रधानाचार्या नीरजा सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। अवध कॉलेजिएट निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है और भविष्य में भी इसी प्रकार श्रेष्ठ परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एसकेडी एकेडमी ने कायम रखी परंपरा, कक्षा 12 में फिर मिला लखनऊ टॉपर

एसकेडी एकेडमी के छात्रों ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है तथा शैक्षिक उत्कृष्टता की अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है। अपनी निरंतर उत्कृष्ट उपलब्धियों की शृंखला को जारी रखते हुए, एसकेडी एकेडमी ने इस वर्ष भी कक्षा 12 में लखनऊ टॉपर दिया। छात्र सुभान अली ने 95% अंक प्राप्त कर लखनऊ में प्रथम स्थान हासिल किया, साथ ही उन्होंने जेईई मेन्स में 88 परसेंटाइल भी प्राप्त किए। अन्य प्रमुख उपलब्धियों में, सुभान अली ने कक्षा 12 में 95% अंक प्राप्त किए, जबकि वंश राज सिंह ने कक्षा 10 में 91.67% तथा गौरव सिंह ने 91.33% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय भगवान के आशीर्वाद, अभिभावकों के निरंतर सहयोग तथा प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन के मार्गदर्शन को दिया। एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने इस उपलब्धि पर छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के मेधावी छात्रों को जुलाई माह में आयोजित एक भव्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन चेयरमैन एसकेडी सिंह, निदेशक मनीष सिंह, उप-निदेशक निशा सिंह, सहायक निदेशक कुसुम बत्रा एवं प्रधानाचार्या शैली श्रीवास्तव ने छात्रों के सतत प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## बाल गाइड इंटर कालेज के मेधावियों का दबदबा

यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में बाल गाइड इंटर कॉलेज गोसाईगंज के मेधावियों ने अपना दबदबा कायम रखा। हाईस्कूल में 94.3% अंकों के साथ उज्ज्वल ने लखनऊ मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान हासिल किया। जबकि 93% अंकों के साथ हर्षित निगम विद्यालय में दूसरे, 92.5% अंकों के साथ सृजन गुप्ता, देवराज गुप्ता तीसरे, 91.17% अंकों के साथ निष्कर्ष वर्मा चौथे और 91% अंकों के साथ अफ़्शा जहीन पांचवें स्थान पर रही।

इंटर मीडियट में 89% अंकों के साथ मानस कुमार ने विद्यालय में टॉप किया। वहीं 86.4% अंकों के साथ आस्था श्रीवास्तव विद्यालय में दूसरे, 85.6% अंकों के साथ शिवांशी वर्मा तीसरे, 85.2% अंकों के साथ सुबोध पटेल चौथे और 84% अंकों के साथ उभयराज यादव पांचवें स्थान पर रहे।

## प्राची डिजाइन क्षेत्र में पाना चाहती हैं ऊंचाइयां



प्राची विश्वकर्मा ने इंटर में 77.12 प्रतिशत अंक अर्जित किये है। उन्होंने दयानंद इंटर कालेज से हाईस्कूल और इंटर की पढ़ाई की है। हाईस्कूल में उनके 71 प्रतिशत अंक आये थे। प्राची ने बताया कि वह भविष्य में बैचलर ऑफ डिजाइन इन यूएक्स डिजाइन करना चाहती है और इसी क्षेत्र में ऊंचाईयां पानी चाहती है। इनके पिता अवधेश विश्वकर्मा निजी संस्थान में कार्यरत है और माता रेखा विश्वकर्मा गृहिणी है। इनका छोटा भाई आरएलबी स्कूल में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत है।

## तनाएरा ने नई समर वार्डरोब लॉन्च की

**लखनऊ।** गर्मियों और शादी सीजन को ध्यान में रखते हुए टाटा समूह के ब्रांड तनाएरा ने हजरतगंज स्थित अपने स्टोर पर नई समर वार्डरोब लॉन्च की। इसमें वैली ऑफ फ्लावर्स, इनाया, रास और समर एसेंशियल्स कलेक्शन शामिल हैं। सीएसएमओ सोमप्रभ कुमार सिंह ने बताया इन कलेक्शन्स में पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक डिजाइन का मिश्रण देखने को मिलता है, जो शादी, त्योहार और रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त हैं। इस मौके पर मौजूद अभिनेत्री अहाना कुमरा ने अपने लखनवी प्रेम के साथ ही साड़ी लुक्स को लेकर अनुभव साझा किए।

## सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल को नयी उम्र की छिपी बीमारी: डा. केके सिंह

**लखनऊ।** मोबाइल स्क्रीन पर स्क्रॉल होती रील्स और लगातार बजते नोटिफिकेशन अब सिर्फ मनोरंजन का जरिया नहीं रहे, बल्कि सेहत पर चुपचाप वार कर रहे हैं। केजीएमयू के पैरामेडिकल संकाय के डीन डॉ. केके सिंह ने छात्रों को सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल को नई उम्र की छिपी बीमारी बताया। वह गुरुवार को केजीएमयू के कलाम सेंटर में मोबाइल के इस्तेमाल से बढ़ता तनाव व बीमारी विषय पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर घंटों बिताने की आदत युवाओं की दिनचर्या ही बदल रही है। सुबह उठते ही मोबाइल और रात को सोने से पहले आखिरी नजर स्क्रीन पर। यह पैटर्न शरीर की प्राकृतिक घड़ी को बिगाड़ रहा है। नतीजतन नींद अधूरी रह जाती है। दिनभर थकान बनी रहती है। लगातार स्क्रीन देखने से आंखों में जलन, सूखापन और सिरदर्द आम हो गया है। वहीं एक ही पोजीशन में बैठे रहने से टेक्स्ट नेक और कमर दर्द जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। लेकिन असली खतरा मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

## केजीएमयू में कुलपति के लिए आवेदन 15 तक

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालरय (केजीएमयू) के लिए नये कुलपति के लिए जन भवन की ओर से आधिकारिक विज्ञापन जारी कर दिया गया है। पात्र अभ्यर्थी 15 मई तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हालांकि, गुरुवार देर शाम तक जन भवन की वेबसाइट पर कुलपति की नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन नहीं खुल रहा था। मौजूदा कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद का कार्यकाल अगस्त में पूरा होगा। ऐसे में लगभग तीन माह पहले ही चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कुलपति पद के लिए वही अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे, जिन्होंने 65 वर्ष की आयु पूरी नहीं की हो। हालांकि, अधिकतम आयु सीमा के तहत कोई भी व्यक्ति 68 वर्ष की उम्र से अधिक समय तक इस पद पर नहीं रह सकेगा। जन भवन की ओर से जारी प्रक्रिया के तहत आवेदन प्राप्त होने के बाद चयन समिति द्वारा योग्य अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके बाद अंतिम नामों पर निर्णय लिया जाएगा।

## डा. कमलेश्वर सिंह को डेंटल एडवाइजरी काउंसिल का सदस्य नामित



**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग के प्रतिष्ठित संकाय सदस्य डा. कमलेश्वर सिंह को नेशनल डेंटल कमीशन नई दिल्ली की डेंटल एडवाइजरी काउंसिल का सदस्य नामित किया गया है। डा. सिंह वर्तमान में केजीएमयू के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त शिक्षाविद् के रूप में, डॉ. सिंह का चयन जापान में आयोजित जापान प्रोस्थोडॉन्टिक सोसाइटी एवं इंडियन प्रोस्थोडॉन्टिक सोसाइटी के संयुक्त इंटरनेशनल साइंटिफिक एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए किया गया था। डा. सिंह ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में 60 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं तथा अनेक स्नातकोत्तर शोध प्रबंधों का मार्गदर्शन किया है, जिससे प्रोस्थोडॉन्टिक शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

## 14 फर्मों के खाद्य तेल व वसा के निर्माण-बिक्री पर प्रतिबंध

### प्रदेशभर से लिए गए थे खाद्य तेल एवं वसा के 206 नमूने

विशेष संवाददाता (vol)

- **लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, हापुड़, हाथरस व गोरखपुर की फर्में शामिल**

**लखनऊ।** प्रदेश में खाद्य तेलों एवं वसा में मिलावट का बड़ा मामला सामने आया है। कई फर्मों के नमूने जांच में असुरक्षित और कुछ अधोमानक पाए गए। खास बात यह है कि खाद्य तेल एवं वसा के नमूनों में लेड की अधिकता मिली है जबकि कई उत्पादों में एक से अधिक खाद्य तेलों को मिश्रित कर बेचा जा रहा था। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश में चलाए गए विशेष प्रवर्तन अभियान में यह खुलासा हुआ है।

प्रदेश में ऐसी 14 फर्मों के उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण और खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डा. रोशन जैकब के निर्देश पर एफएसडीए ने खाद्य तेल एवं वसा की जांच को प्रदेश में विशेष अभियान चलाया था। इसके लिए 58 टीमें गठित की गई थीं। इन 58 प्रदेश स्तरीय खाद्य सचल दलों ने 210 नमूने एकत्रित किए थे, जिसमें से 206 नमूने खाद्य तेल एवं वसा के थे। इन नमूनों की अधिकृत प्रयोगशालाओं में अत्याधुनिक मशीनों से जांच कराई गई। विभाग की मानें तो प्रवर्तन अभियान के तहत कई फर्मों के नमूने विश्लेषण में असुरक्षित एवं विभिन्न पैरामीटरों पर अधोमानक पाए गए हैं। इनमें लखनऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, आगरा, मेरठ, हाथरस, हापुड़ और गोरखपुर की फर्में शामिल हैं। कई नमूनों में मिली लेड की अधिकताजिन प्रकरणों में यह पुष्टि हो रही है कि संबंधित फर्म द्वारा निर्मित खाद्य पदार्थ एवं वसा तेल अथवा लेड तत्व की अधिक मात्रा के कारण असुरक्षित होने के साथ ही अन्य उत्पादों में एक से अधिक खाद्य तेलों को अनाधिकृत रूप से मिश्रित कर विक्रय किया जा रहा है। साथ ही फोर्टिफाइड खाद्य तेल-वसा में कम मात्रा में विटामिन आदि मिलाते हुए उपभोक्ता को धोखा दिया जा रहा है। ऐसी 14 फर्मों के संबंधित उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं विक्रय पर राज्य की सीमा के तहत प्रतिबंध लगाया गया है।

इन फर्मों के उत्पादों का विश्लेषण कराया1- हिंद वेज ऑइल प्रा.लि. लखनऊ, मस्टर्ड ऑयल, फोर्टिफाइड मल्टी सोर्स एडिबल आयल, फोर्टिफाइड रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, फोर्टिफाइड कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल।2- संकट मोचन एंटरप्राइजेज लखनऊ, प्योर मस्टर्ड ऑयल, रिफाइंड पामोलीन ऑयल, रिफाइंड पामोलीन ऑयल, पामोलीन रिफाइंड ऑयल3- भीम श्री, प्रोडक्ट कानपुर नगर, मस्टर्ड ऑयल, कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल4- एनआर उद्योग कानपुर नगर, तिल ऑयल, अलसी ऑयल5-कटारिया एडिबल्स कानपुर नगर, तिल ऑयल क्रूड6- वैभव एडिबल्स कानपुर देहात, फोर्टिफाइड रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल, रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल, एडिबल वेजिटेबल ऑयल, फोर्टिफाइड कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल, कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल।7- मंटोरा ऑयल प्रोडक्शन कानपुर देहात, फोर्टिफाइड कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल, मस्टर्ड ऑयल, फोर्टिफाइड रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल।8- आगरा ऑयल जनरल इंडस्ट्री लिमिटेड हाथरस, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, मस्टर्ड ऑयल, फोर्टिफाइड रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल।9- एनएम ऑयल कॉरपॉरेशन आगरा, पामोलीन रिफाइंड ऑयल, मस्टर्ड ऑयल।10-जीएस एग्रो फूड्स मेरठ, इंटरस्ट्रीफाइड वेजिटेबल फैट।11-जेपी एग्रो ऑयल मेरठ, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल।12-राजेन्द्र कुमार सुशील चंद मेरठ, रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, मस्टर्ड ऑयल।13-केएल वेजिटेबल ऑयल प्रोडक्ट हापुड़, फोर्टिफाइड कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल, कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल।14-जय लक्ष्मी सोलवेंटस प्रा.लि., गोरखपुर, सोलवेंट एक्सट्रेक्टेड क्रूड मस्टर्ड ऑयल।

## पॉवर कॉरपोरेशन के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक का संघर्ष समिति ने किया स्वागत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक नीतीश कुमार (आईएएस) के पदभार ग्रहण करने पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र की ओर से उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया है।

संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में न केवल बिजली व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, बल्कि कर्मचारियों की वर्षों से लंबित समस्याओं का भी न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित होगा। संघर्ष समिति ने अपने प्रेस वक्तव्य में कहा कि प्रबंध निदेशक द्वारा अपनी प्राथमिकताओं में विश्वसनीयता, गुणवत्ता, पारदर्शिता, तकनीक आधारित सुधार तथा उपभोक्ता-केंद्रित विद्युत वितरण व्यवस्था पर जो बल दिया गया है, वह सराहनीय है। संघर्ष समिति का मानना है कि यदि इन लक्ष्यों को वास्तविक रूप से लागू करना है, तो बिजली कर्मियों के मनोबल को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए कर्मचारियों पर हो रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को तत्काल रोका जाना तथा मार्च 2023 से अब तक की गई सभी दमनात्मक कार्रवाइयों की निष्पक्ष समीक्षा कर उन्हें वापस लिया जाना जरूरी है। विपरीत परिस्थितियों में भी कर्मचारी पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। आशा है कि प्रबंध निदेशक के नेतृत्व में प्रबंधन का सकारात्मक सहयोग एवं भरोसा प्राप्त होगा, तो विद्युत कर्मी और अधिक समर्पण एवं एकाग्रता के साथ व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्षम होंगे। संघर्ष समिति ने आशा व्यक्त की कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक पारदर्शी, जवाबदेह और कर्मचारी-हितैषी प्रशासनिक वातावरण स्थापित होगा, जिससे न केवल संगठन मजबूत होगा बल्कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था भी अधिक सुदृढ़ एवं उपभोक्ता-केंद्रित बनेगी। संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल में मुख्यतया प्रभात सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय, पी के दीक्षित, सुहेल आबिद, चन्द, सरजू त्रिवेदी, मोहम्मद इलियास, आरसी पाल सम्मिलित हुए।

## ट्रॉमा वेंटिलेटर यूनिट में नौ वेंटिलेटर बेड बढ़े

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा वेंटिलेटर यूनिट में नौ वेंटिलेटर बेड बढ़ाए गए हैं और डायलिसिस की संख्या भी बढ़ाई गई है। ऐसे में अति गंभीर मरीजों को भर्ती होने में आसानी होगी। गुरुवार से यूनिट का विस्तार करके सभी बेड पर मरीजों की भर्ती चालू कर दी गई है। हर दिन ट्रॉमा सेन्टर में 200 से 250 मरीज इलाज के लिए आते हैं, इसमें 15 से 20 मरीज आईसीयू वेंटिलेटर के लिए प्रदेश भर से आ रहे हैं। वेंटिलेटर खाली न होने की स्थिति में मरीजों को निजी केंद्र पर जाना पड़ता था।

## प्रयोगशाला सहायक एसोसिएशन के 18 मंडलीय सचिव मनोनीत

**लखनऊ।** उप्र प्रयोगशाला सहायक एसोसिएशन( चिकित्सा - स्वास्थ्य) की प्रांतीय कार्य समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के क्रम में संगठन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के 18 मंडलों में मंडलीय सचिवों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से आज कर दी गई। एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री सीएल गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में 18 मंडलीय सचिवों की नियुक्ति से संगठन मजबूत होगा, इससे जनपद इकाइयों को संगठित करने में भी सहयोग मिलेगा। एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री सी एल गुप्ता, उपाध्यक्ष गण आर के सिंह, ए सी वर्मा, रणधीर सिंह, अजय यादव मीडिया प्रभारी एमके गुप्ता, मनोज सिंह सहित प्रदेश से अनेक पदाधिकारियों ने नव नियुक्त मंडलीय सचिवों को बधाई दी है।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0) टोल-फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldalucknow.in

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती गीता अवस्थी | भूखण्ड सं0 के-712 | सेक्टर-के, आशियाना कानपुर रोड योजना | 26.02.2022 | श्री सुमित अवस्थी | (1) श्री अशोक अवस्थी (पति) (2) श्री अमित अवस्थी (पुत्र) (3) श्रीमती दीप्ति अवस्थी (पुत्री) | पुत्र |
| 2. | स्व0 प्रवीन कुमार (क्रेता) | भूखण्ड/भवन सं0 सी-49 | सेक्टर-एन अलीगंज योजना | 25.05.2010 | (1) श्रीमती कविता कुमार (2) श्रीमती बेनजी कुमार | उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के अनुसार | पत्नी एवं पुत्री |
| 3. | स्व0 राम बहादुर यादव (आवंटी) | भूखण्ड सं0 6/वी-253 | सेक्टर-6 गोमती नगर विस्तार | 10.06.2013 | श्री रणजीत कुमार यादव | उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के अनुसार | पुत्र |
| 4. | श्रीमती अंशू जगवानी | फ्लैट/भवन सं0 डी-9 | विवेकानन्दपुरी योजना | 09.12.2016 | श्री तरून धमेजा (पति) समस्त वारिस स्व0 अंशू जगवानी | ---- | पति |
| 5. | श्री विजय कुमार | भूखण्ड सं0 E-3, फेज-1 | ट्रांसपोर्ट नगर योजना | 15.11.2025 | श्री सौरभ साहनी | वसीयत के आधार पर | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कालम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# शहर में 6 जगह आग से तबाही, लाखों का नुकसान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** हजरतगंज के पास पराग डेरी में आग लगने की सूचना से हड़कम्प मचा गया। वहीं कई अन्य थाना क्षेत्रों में भी आग लगने की घटनाएं हुईं। विकासनगर, सरोजनीनगर, मड़ियांव, आशियाना व तालकटोरा थाना क्षेत्रों में आग लगने से दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग को समय से बुझा लिया गया।

गुरुवार को समय 15:42 बजे फायर स्टेशन हजरतगंज के कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई कि वजीर हसन रोड हजरतगंज लखनऊ में आग लग गई है। इस सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में हजरतगंज से अग्निशमन अधिकारी रामकुमार रावत 01 फायर टेंडर मय यूनिट के साथ घटनास्थल रवाना हुए और विधानसभा पर स्टैंड बायी ड्यूटी में लगे फायर टेंडर को मय यूनिट के घटनास्थल पर पहुंचाने के लिए निर्देश दिया। कुछ समय में दोनों फायर टेंडर पहुंच गए देखा तो परिसर के अंदर टूट रही बिल्डिंग में लगी हुई थी, जिसको मोटर फायर इंजन से पंपिंग करके आग को बुझाना प्रारंभ किया गया। दोनों मोटर फायर इंजन से पंपिंग करते हुए लैडर के सहारे भवन की दीवार पर चढ़कर 02 फायर टेंडर की मदद से आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। बाद में जानकारी की गई तो मौके पर उपस्थित प्रखर गुप्ता ने बताया गया कि कंडम भवन को तोड़कर सामान को ले जाया जा रहा था। लोहे के चद्दर को काटते समय निकली चिंगारी से टीनशैड पर पड़े पत्तों में आग लगी और आग फैल गई। विकासनगर थाना क्षेत्र में मामा चौराहे के पास स्थित बैंक में आग लगने से हड़कम्प मचा, जिसे समय रहते काबू किया गया। दमकलकर्मियों ने आग को बुझाया। कोई भारी क्षति नहीं हुई है। उधर, दोपहर 12:35 बजे फायर स्टेशन सरोजनीनगर कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि एयरफोर्स स्टेशन मेमोरा के अंतर्गत आग लगी है। सूचना प्राप्त होते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल सिंह एफएस सरोजनीनगर 01 फायर टेंडर मय यूनिट के घटनास्थल के लिए रवाना हुए। यूनिट ने घटनास्थल पहुंच कर देखा कि एयर फोर्स स्टेशन मेमोरा के अंदर गार्डन एरिया में घास फूस में आग लगी हुई थी। दमकलकर्मियों ने आग को बाउंड्रीवॉल के सहारे सीढ़ी लगाकर पंपिंग करते हुए पूर्ण रूप से बुझा दिया।

इसी तरह थाना मड़ियांव क्षेत्र के केशवनगर चौकी क्षेत्र स्थित एलजी के गोदाम में लगी। गोदाम में रखे इलेक्ट्रॉनिक सामान और कीमती उपकरणों के कारणआग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुची और करीब एक गठटे में दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। उधर, हजरतगंज क्षेत्र अंतर्गत प्रयागपुर टावर (शक्ति भवन के पीछे) के चतुर्थ तल पर बाथरूम के फॉल सीलिंग में शार्ट सर्किट से आग लग गई थी, जिससे स्मोक पूरे भवन में फैल गया था। अग्निशमन अधिकारी हजरतगंज राम कुमार रावत के नेतृत्व में दो फायर टेंडर तत्काल घटनास्थल पहुंचे और समय रहते आग पर काबू पाय। उधर, आशियाना क्षेत्र में दोपहर करीब 12 बजे रजनीखण्ड पावर हाउस के सामने पार्क में चल रहे समारोह के गैस सिलेण्डर में आग लगी। अग्निशन कर्मियों ने समय रहते काबू पाया। बताया जा रहा है कि अभिषेक पुत्र रामकरन द्वारा कार्यक्रम किया जा रहा था, जिसमें भोजन बनाने के दौरान गैस सिलेण्डर में आग लग गयी थी। इसकी सूचना पर अग्निशमन केन्द्र आलमबाग की यूनिट पहुंचक आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया। वहीं दोपहर करीब 01:19 बजे तालकटोरा अन्तर्गत जलालपुर रेलवे क्रासिंग के बगल में झोपड़ी में आग लगी। सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी आलमबाग धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन केन्द्र आलमबाग से 02 फायर टैकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए प्रस्थान हुए। घटनास्थल पर पहुंचकर देखा की आग झुग्गी-झोपड़ियों में लगी है तथा भयंकर जल रही है । आसपास कई और झोपड़ियां है. जिस पर तत्काल आग को आगे बढ़ने से रोकते हुए दो तरफ से आग को बुझाना प्रारम्भ किया गया। करीब 30 मिनट में आग को कंट्रोल करते हुए पूर्ण रूप से बुझा दिया गया और आसपास की झोपड़ियों तक आग को पहुंचने से रोका गया।

## स्पेशल अपील दाखिल करने में देरी पर हाईकोर्ट सख्त, यूपी सरकार की 11 विशेष अपीलें खारिज

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दायर 11 विशेष अपीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सरकार अपीलें दाखिल करने में हुई देरी के लिए पर्याप्त कारण प्रस्तुत नहीं कर सकी। सरकार की स्पेषल अपीलें खारिज होने के बाद पीडल्यूडी के तमाम जूनियर इंजीनियरों को मिली बड़ी राहत मिलते हुए अन्य लाभों के साथ पुरानी पेंषन स्कीम का लाभ मिलना तय हो गया है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की पीठ ने राम गोपाल गुप्ता व अन्य की ओर से अलग अलग दाखिल स्पेषल अपीलों पर एक साथ सुनवायी करते हुए पारित किया। ये सभी अपीलें 9 सितंबर 2025 को एकल पीठ द्वारा दिए गए फैसले के खिलाफ दाखिल की गई थीं। एकल पीठ ने पीडब्ल्यूडी में 1984 से 1989 के बीच डेली वेजर अथवा वर्क चार्ज कर्मचारी के रूप में बड़ी संख्या में नियुक्त इन जूनियर इंजीनियरों को 2006 के बजाय 2001 से विनियमित करने का आदेश दिया था। जिसके परिणाम स्वरूप इन जूनियर इंजीनियरों को अन्य तमाम लाभों के साथ साथ पुरानी पेंषन स्कीम का लाभ मिलना भी तय हो गया जिस कारण सरकार पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ना तय हो गया । इससे परेशान राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश को स्पेशल अपीलें दाखिल करके दो जजों की पीठ के सामने एकल पीठ के फैसले को चुनौती दी थी। स्पेशल अपीलों पर सुनवायी करते हुए कोर्ट ने पाया कि सभी अपीलें समय सीमा समाप्त होने के बाद दायर की गई थीं, जिनमें देरी 93 दिन से लेकर 195 दिन तक की थी। राज्य सरकार की ओर से इन अपीलों पर बहस करने के लिए ऊंची फीस पर नियुक्त किये गये विषेश अधिवक्ता ने बहस करते हुए देरी के लिए फाइलों के मूवमेंट, विभागीय प्रक्रिया, छुट्टियों और विधानमंडल सत्र जैसे कारण बताए, लेकिन कोर्ट ने इन्हें पर्याप्त नहीं माना। कोर्ट ने टिप्पणी की कि सरकार के पास सुव्यवस्थित तंत्र और संसाधन होते हैं, ऐसे में केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं या रेड-टेप का हवाला देकर देरी को उचित नहीं ठहराया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ फाइलों के घूमने को पर्याप्त कारण नहीं माना जा सकता।

## यात्री के पास मिले 26 जिन्दा कारतूस

लखनऊ। अमौसी एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह एक यात्री के पास 26 जिंदा कारतूस मिलने से हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ जवानों ने आनन-फानन उसे हिरासत में लेकर सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया। हालाकि यात्री ने सरोजनीनगर थाने पर अपने शस्त्र लाइसेंस दिखाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम नरसिंह यादव पुत्र मुखलाल है। जबकि पासपोर्ट में नरसिंह अंकित हो गया है। अतएव मुझे नरसिंह यादव नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**नरसिंह यादव पुत्र मुखलाल ग्राम करनपुरा, पोस्ट करौता, तहसील रूद्रपुर, जिला देवरिया, पिन- 274204**

**सूचना**

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र रोहित मिश्रा व पुत्रवधु राधिका को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। सतीश कुमार पुत्र जंगली प्रसाद निवासी-ग्राम पुरनिया, मजरे मरकामऊ, थाना बदोसराय, बाराबंकी।

## ससुराल में दो युवकों ने की आत्महत्या, शराब की लत व पारिवारिक कलह बना कारण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग गांवों में दो युवकों ने अपनी ससुराल में जीवनलीला समाप्त कर ली। दोनों के घर में पत्नी थी, बच्चे थे, जिंदगी थी, लेकिन नशे की गिरफ्त और टूटते रिश्तों के बोझ तले दबकर दोनों ने आतमहत्या का रास्ता चुना। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

काकोरी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि पहला मामला उन्नाव के हसनगंज थाना क्षेत्र के निजामखेड़ा निवासी राजेश 38 वर्ष का है। वह अपने ममेरे ससुर भीखालाल के गांव पलहेंदा में आया हुआ था। मृतक की पत्नी पूनम ने बताया कि राजेश को शराब की बुरी लत थी। वह लकड़ी काटने का काम करता था। शराब के नशे में वह अक्सर पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करता था। इससे परेशान होकर पूनम करीब नौ महीने पहले अपने मामा के घर आकर रहने लगी थी। राजेश यहां भी आकर अक्सर झगड़ा करता था। पूनम ने यह भी बताया कि इससे पहले भी राजेश तीन बार जीवन समाप्त करने की कोशिश कर चुका था। करीब 15 दिन से वह रोज इसी गांव में आ रहा था। इसी तरह दूसरा मामला उन्नाव के आसीवन थाना क्षेत्र के गौरा निवासी रामबालक सैनी (38) पत्नी साधना के साथ बहरु स्थित ससुराल में रहता था। वह शराब का अत्यधिक आदी था। पारिवारिक हालात ठीक नहीं थे। गुरुवार की सुबह उसने भी अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आम के पेड़ से लटकता मिला मजदूर का शवः** गोसाईंगंज इलाके में गुरुवार को एक मजदूर का शव खेत मे आम के पेड़ से लटका पाया गया। सूचना पाकर ।ओके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज स्थित सठवारा का रहने वाला संतोष (18) मजदूरी करता था बहनोई मुकेश ने बताया कि उनका साला संतोष कुमार बुधवार रात घर से बगैर बताए चला गया उसके बाद उसका शव खेत में आम के पेड़ से जूते की डोरी के सहारे लटकता लोगों ने बृहस्पतिवार सुबह देखा तो घर वालों को सूचना दी उसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अथवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जानः** ठाकुरगंज इलाके में नव विवाहिता ने बुधवार देर शाम फांसी लगा ली। पारिवारीजनों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने महिला को घोषित कर दिया। ठाकुरगंज न्यू हैदरगंज की रहने वाली पूजा पाल (22) की शादी 25 फरवरी को तालकटोरा शरीफ पूरा निवासी निजी अध्यापक मुकेश से हुई थी। भाई अमन ने बताया पूजा करीब एक माह से मायके में रह रही थी। बुधवार देर शाम उसने दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे के सहारे फांसी लगा ली। पारिवारीजनों ने पूजा को फंदे से उतारकर कर एरा अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ओमवीर सिंह चौहान ने बताया परिवारीजनों की तरफ से तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**ऑटो में मिला चालक का शवः** नाका इलाके में बुधवार सुबह चालक का शव संदिग्ध हालात में ऑटो में मिला है। चालक बुधवार सुबह घर से निकला था। पुलिस के मुताबिक ठाकुरगंज फरीदीपुर निवासी मनोज कश्यप (35) किराए का ऑटो चलाता था। पत्नी रचना ने बताया मनोज बुधवार सुबह करीब 7:00 बजे घर से ऑटो चलाने के लिए निकला था। जिसके बाद वापस नहीं लौटा। गुरुवार सुबह करीब सात बजे नाका पुलिस ने उन्हें सूचना दी की मनोज का शव पान दरीबा में ऑटो के अंदर मिला है। कपड़ों से मिले आधार कार्ड के जरिए पुलिस ने शव की पहचान की है। थाना प्रभारी नाका अभिनव वर्मा ने बताया मृतक के शरीर में कहीं जाहिरा चोट के निशान नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक के दो बेटा रौनक (13) और रौशन (11) है।

### आत्महत्या के मामले में न्यायालय के आदेश पर जांच शुरू

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के शांति नगर में करीब 4 माह पहले हुई युवक की आत्महत्या मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीतापुर जनपद के लालपुर बाजार निवासी अमरेश कुमार ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर अपने पुत्र दिव्यांशू राज की आत्महत्या के पीछे पड़ोसियों की प्रताड़ना को जिम्मेदार ठहराया है।

बताते चलें कि सीतापुर जिले के लहरपुर थानान्तर्गत लालपुर बाजार निवासी अमरेश कुमार का 19 वर्षीय बेटा दिव्यांशु राज अपने छोटे भाई अर्पित राज के साथ सरोजनीनगर के शांति नगर में शैलेश चौरसिया के मकान की दूसरी मंजिल पर किराए के कमरे में रहता था। दिव्यांशु बीएससी प्रथम वर्ष की प्राइवेट पढ़ाई करने के साथ क्रिकेट की ट्रेनिंग भी लेता था। पहले वह दरोगा खेड़ा में पार्थ रिपब्लिक स्थित क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण लेता था। जबकि पिछले 1 वर्ष से पारा स्थित प्रतिभा अकैडमी में ट्रेनिंग कर रहा था। वहीं उसका छोटा भाई अर्पित यहां के एक निजी स्कूल में कक्षा 10 का छात्र था। बीती 28 नवंबर को दिव्यांशु राज का चचेरा भाई अभिषेक बार काउंसिल की परीक्षा देने लखनऊ आया था और वह दिव्यांशु के साथ उसके कमरे में रुक गया था। 1 दिसंबर की सुबह दिव्यांशु का छोटा भाई स्कूल चला गया और अभिषेक नहाने के लिए बाथरूम चला गया। तभी दिव्यांशु ने कमरे के अंदर पंखे से चादर के सहारे लटक कर फांसी लगा ली थी। इस मामले में मृतक के पिता अमरेश कुमार का आरोप है कि 28 नवंबर 2025 को राम शरण यादव, उनके पुत्र अजय यादव तथा पुत्री अनूपी यादव ने दिव्यांशू को रास्ते में रोककर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की और उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। अमरेश ने आरोप लगाया कि इसी से आहत होकर उनके बेटे दिव्यांशु ने यह कदम उठाया। अमरेश का कहना है कि घटना के बाद 8 दिसंबर 2025 को उन्होंने उच्चाधिकारियों को डाक के माध्यम से शिकायत भेजी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली, लेकिन 16 जनवरी 2026 को अधिवक्ता की अनुपस्थिति के कारण मामला खारिज हो गया था। बाद में पुनः प्रार्थना पत्र दाखिल किए जाने पर न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना सरोजनीनगर पुलिस को एफआईआर दर्ज कर जांच करने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लोकबंधु अस्पताल में महिला डॉक्टर से अभद्रता, हंगामा

**लखनऊ।** आशियाना स्थित लोकबंधु राजनारायण अस्पताल की इमरजेंसी में बुधवार दोपहर उस समय अफरातफरी मच गयी, जब मरीज के साथ आए एक व्यक्ति ने ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टर और अन्य कर्मचारियों के साथ जमकर अभद्रता की। गाली-गलौज और हंगामे से पूरे अस्पताल का माहौल बिगड़ गया। स्वास्थ्य सेवाएँ बाधित हो गईं और अन्य मरीज परेशान होते रहे। घटना से आहत अस्पताल कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से पुलिस, जिलाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत दी है। जानकारी के अनुसार कानपुर रोड एलडीए कालोनी सेक्टर बी स्थित लोकबंधु राजनारायण अस्पताल की इमरजेंसी में बुधवार दोपहर अजय सिंह नामक व्यक्ति अपने मरीज को लेकर पहुँचा। मरीज को भर्ती करने को लेकर अस्पताल स्टाफ से विवाद हो गया। इसके बाद अजय सिंह ने संयम खो दिया। ड्यूटी पर मौजूद महिला डॉक्टर के साथ अभद्रता की और भद्दी-भद्दी गालियाँ देने लगा। देखते ही देखते इमरजेंसी का पूरा माहौल बिगड़ गया। हंगामे से अन्य मरीजों और उनके परिजनों में भी हड़कंप मच गया। इस घटना से अस्पताल का पूरा स्टाफ गहरे आक्रोश में आ गया। कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से स्थानीय पुलिस के साथ-साथ जिलाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत दर्ज कराई। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि अस्पताल प्रशासन की ओर से अजय सिंह के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जाँच की जा रही है और जाँच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आये मजदूर का काटा गया हाथ

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र के तेरवा गांव में एक मजदूर हाइटेंशन लाइन की चपेट आने से झुलस गया था। डाक्टरों ने उसका हाथ काट दिया है। इस घटना से नाराज लोगों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। विदिति हो कि तेरवा गां व में घरों की छतों के ऊपर से गुजरी खतरनाक हाईटेंशन लाइन को हटाने की बार-बार मांग की गई थी, लेकिन लेसा के अधिकारियों ने कोई सुनवाई नहीं की। नतीजा यह हुआ कि एक मेहनतकश मजदूर की जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई। उसका दाहिना हाथ कट गया। अब न मजदूरी कर पा रहा है और न ही उसके घर में चूल्हा जल पा रहा है। इस दर्दनाक घटना के बाद नाराज ग्रामीण सड़क पर उतरे और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

## महिला की हादसे में मौत

लखनऊ। गोमती नगर विस्तार में तेज रफ्तार वाहन ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने उनके मोबाइल से शिनाख्त करते हुए घरवालों को सूचना दी। गोमती नगर स्थित विराज खंड निवासी श्वेता पाडेय (46) के पति शैलेश पांडे ने बताया उनकी पत्नी बुधवार शाम करीब 6:00 शॉपिंग के लिए पैदल घर से निकली थी। हुसाडिया चौराहे के पास किसी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। परिवार में दो बेटियां है। पति मोबाइल की एक कम्पनी में काम करते है। उन्होंने आरोपी को पकडे के लिए सीसी फुटेज खंगालने की मांग की है।

## लखनऊ बार के लिए 71.63 फीसदी मतदाताओं ने की वोट की चोट

लखनऊ। कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच गुरुवार को लखनऊ बार एसोसिएशन के लिए 71.63 फीसदी अधिवक्ताओं ने अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया। सुबह 9 बजे से शुरू हुए मतदान 3800 वैध मतदाताओं में से 2722 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी के साथ अध्यक्ष, महासचिव समेत 22 पदों के 116 प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटिका में कैद हो गई। लखनऊ बार के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर एल्डर्स कमेटी बार एसोसियेशन का चुनाव करा रही है। बृहस्पतिवार को प्रातः नौ बजे से मतदान शुरू हुआ और निर्बाध रूप से सायं पांच बजे तक चला। बताया कि इस दौरान लखनऊ बार के 3800 वैध मतदाताओ में से कुल 2722 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष के एक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के एक, उपाध्यक्ष मध्य के दो, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के एक, महासचिव के एक, संयुक्त सचिव के तीन, कोषाध्यक्ष के एक, वरिष्ठ कार्यकारिणी के छह और कनिष्ठ कार्यकारिणी के छह पद के लिए कुल 116 प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की है। इस चुनाव में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कोषाध्यक्ष का पद महिला वकीलों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। इसी तरह वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकारिणी के छह-छह पद में से तीन-तीन पद भी महिला वकीलों के लिए आरक्षित किया गया है। मतों की गिनती आज शुक्रवार को सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी, जो परिणाम आने तक जारी रहेगी।

## एसीपी ने माल थाने का किया निरीक्षण

लखनऊ। एसीपी ने माल थाने का किया निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, एसीपी दुबे ने महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बैरक, शस्त्रागार, हवालात और थाने के अभिलेखों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई, रिकॉर्ड के रखरखाव और कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने पर जोर दिया। एसीपी ने कहा कि थाने की सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित और अच्छी होनी चाहिए। एसीपी सुजीत कुमार दुबे ने अपराध रजिस्टर का गहन निरीक्षण किया और थाने में मौजूद शस्त्रों का मिलान कराया। उन्होंने कहा कि अपराध से जुड़े सभी रिकॉर्ड्स को हमेशा अपडेट रखा जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत जानकारी मिल सके। उन्होंने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों, सक्रिय अपराधियों और संदिग्ध व्यक्तियों के नियमित सत्यापन के निर्देश दिए। इसके अलावा रात्रि गश्त को अधिक प्रभावी बनाने, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने और आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने को कहा।

## घायल बीडीसी की इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ।** रहीमाबाद के चांदपुर गांव के पास बुधवार देर रात संदिग्ध हालात में बीडीसी घायल मिले। ट्रॉमा में देर रात इलाज के दौरान बीडीसी की मौत हो गई। काकोरी के कटौली गांव निवासी राजू (30) बीडीसी थे। पुलिस ने बताया कि बुधवार देर रात पुलिस कंट्रोल रूम पर एक युवक के घायल पड़े होने की जानकारी मिली थी। रहीमाबाद पुलिस ने घायल को सीएचसी मलिहाबाद लेकर भर्ती कराया। वहां से ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। देर रात इलाज के दौरान राजू की मौत हो गई। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि युवक के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।

**हाफ डाला ने रैपिडो बाइक में मारी टक्कर, दो घायलः** सुशांत गोल्फ सिटी के अहिमामऊ चौराहे पर तेज रफ्तार डाले ने बाइक सवार रैपिडो सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रैपिडो चालक और पीछे बैठी युवती घायल हो गई। सेवन ए वरुणा इन्क्लेव निवासी वेदप्रकाश रैपिडो में अपनी बाइक चालते हैं। वेद प्रकाश ने बताया कि उन्होंने एक राइड उठाई। उसे अहिमामऊ चौराहा जाना था। अहिमामऊ चौराहा पार करते समय चौराहे पर पीछे से तेज रफ्तार डाले ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह और बाइक में पीछे बैठी युवती प्रिया दोनों सड़क पर जा गिरे। आरोप है कि भागने के चक्कर में चालक ने डाले को दोनों पर चढ़ाने का प्रयास किया।

## केजीएमयू के कई डिपार्टमेंट में फर्जी डाक्टर की गहरी पैठ

### पुलिस के अलावा केजीएमयू प्रशासन भी पड़ताल में जुटा

- मेडिकल छात्रों को बाहरी लोगों के किसी भी लालच या झांसे में न आने की सख्त सलाह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। केजीएमयू में पकड़े गए 12वीं पास फर्जी डॉक्टर हस्साम अहमद की जड़ें कैंपस के कई विभागों तक फैली हैं। लम्बी पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा चुका है लेकिन पुलिस और केजीएमयू प्रशासन भी पड़ताल में जुटा है।

पता चला कि हस्साम अहमद की लारी कार्डियोलॉजी में सबसे ज्यादा पकड़ थी। यहीं के एक फैक अहमद मंसूरी को कार्डियो सेवा फाउंडेशन का को-फाउंडर भी बताया जा रहा है। इसके अलावा कुछ साल पहले डीएम कार्डियोलॉजी की पढ़ाई कर चुके डॉक्टर से उसकी ट्यूनिंग बताई जा रही है। आशंका ये भी है कि लारी कार्डियोलॉजी से ही ब्रेनवॉश कर धर्मांतरण का खेल शुरू होता था। जो आगे चलकर ऑर्थो और सर्जरी जैसे कई बड़े विभागों तक फैला हुआ था। आरोपी के प्रभाव और संपर्कों को लेकर जांच एजेंसियां जानकारी जुटा रही हैं। साल 2023 बैच के कार्डियक टेक्नीशियन प्रोग्राम के स्टूडेंट फैक अहमद मंसूरी को 12वीं पास फर्जी डॉक्टर हस्साम अहमद का बेहद करीबी बताया जा रहा है। इसके अलावा कार्डियोलॉजी में साल 2023 में डीएम कार्डियोलॉजी करके निकले डा.तनवीर अहमद की जांच भी केजीएमयू प्रशासन की तरफ से शुरू की गई है। मौजूदा समय नक्खास इलाके में उसकी क्लीनिक बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि हस्साम के मेडिकल कैम्प में ये जरूर शामिल होते थे। केजीएमयू प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। यदि किसी भी कर्मचारी या छात्र की संलिप्तता पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह ने बताया कि मेडिकल छात्रों को बाहरी लोगों के किसी भी लालच या झांसे में न आने की सख्त सलाह दी गई। उन्हें स्पष्ट रूप से कहा गया कि अंजान व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। यदि कोई व्यक्ति आपको परेशान या गुमराह करने की कोशिश करता है, तो इसकी शिकायत तुरंत की जाए। किसी भी संस्थान या कॉन्फ्रेंस से संबंधित जानकारी को आधिकारिक माध्यमों से सत्यापित करना जरूरी है। बिना जांच-पड़ताल के किसी के बहकावे में आना नुकसानदेह हो सकता है। ऐसी गतिविधियां की जानकारी छात्र-छात्राएं हॉस्टल वार्डन, क्लास टीचर्स, प्रॉक्टोरियल बोर्ड या पुलिस से साझा कर सकते हैं। उन्होंने ने कहा- छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बघिनी नानकार विकास खण्ड मिठवल जनपद सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत बघिनी नानकार विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 28.04.2026 को 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय बघिनी नानकार के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 28.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बघिनी नानकार के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बघिनी नानकार कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत बघिनी नानकार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**बिनद्रावती**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत बघिनी नानकार**
**सिद्धार्थनगर।**

**सचींद्र नाथ पाठक**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत बघिनी नानकार**
**सिद्धार्थनगर।**

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत**
**मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्रम संख्या | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51265187 | "Centre Lathe for Axle turning of LHB Wheel" as per specification attached (Cost of Basic machine only). | 1 Nos. | 20.05.2026 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस संख्या-51265187 दिनांक- 22.04.2026 1342/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ओटीटी हो या थिएटर मेरे लिए किरदार ही सबसे अहम : आदित्य रावल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सिनेमा के जाने-माने अभिनेता परेश रावल के बेटे आदित्य रावल हाल ही में अनिल कपूर स्टारर फिल्म सूबेदार में नजर आए। इस फिल्म में आदित्य के अलावा अनिल कपूर राधिका मदान सौरभ शुक्ला फैसल मलिक और मोना सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं। सूबेदार में आदित्य रावल ने एक निगेटिव किरदार निभाया है। हाल ही में आदित्य ने अपने इस रोल और अपने अब तक के सफर को लेकर मीडिया से खुलकर बातचीत की।

**जब आपने सूबेदार में इस किरदार के बारे में पहली बार सुना था तो आपका रिएक्शन क्या था ?**

सबसे पहले तो मुझे यह जानकर ही उत्साह हो गया था कि फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं. मैंने उनके साथ पहले भी काम किया है इसलिए मुझे भरोसा था कि फिल्म और स्क्रिप्ट दोनों शानदार होंगी. किरदार के बारे में सुनकर लगा कि यह मुझसे काफी अलग है. लेकिन जब मैंने उसके व्यक्तित्व और सोच को समझा खासकर उसका वह रवैया कि वह परिणाम की चिंता किए बिना काम करता है तब मुझे लगा कि यह किरदार निभाना दिलचस्प होगा।

**अनिल कपूर के साथ इस फिल्म में काम करने का आपका अनुभव कैसा रहा ?**

यह मेरे लिए बहुत खास अनुभव था, अनिल कपूर एक दिग्गज अभिनेता हैं और उनके साथ काम करना अपने आप में सीखने जैसा है. मेरे पिता भी उनके साथ काम कर चुके हैं इसलिए बचपन से ही उनका नाम सुनता आया हूं. जब मुझे पता चला कि मेरे उनके साथ कई कॉन्फ्रंटेशन सीन और एक्शन सीन होंगे तो मैं बहुत उत्साहित था. इसके अलावा पहले ही दिन मैं उनका प्रोफेशनलिज्म देखकर मैं हैरान रह गया. वे समय से पहले सेट पर पहुंच गए, पूरे दिन पूरी ऊर्जा के साथ काम किया और शूट खत्म होने के बाद भी टीम के साथ जुड़े रहे. उनके समर्पण से बहुत कुछ सीखने को मिला।

**एक कलाकार के रूप में आपके माता-पिता ने आपको कौन-सी सबसे बड़ी सीख दी, जिसने आपके करियर को आकार दिया ?**

मेरे पिता से मैंने लगातार आगे बढ़ते रहने की सीख ली है. उन्होंने अपने करियर में 400 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है और हमेशा अगले काम पर ध्यान दिया है. वहीं मेरी मां से मैंने सीखा कि जो भी काम करो, पूरे जुनून और खुशी के साथ करो. यही चीजें मेरे अभिनय में भी काम आती हैं।

**दलदल के साजिद और सूबेदार के प्रिंस—इन दोनों किरदारों में से आपके लिए कौन-सा रोल ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा और क्यों ?**

दोनों किरदार अलग-अलग तरह से चुनौतीपूर्ण थे.साजिद के लिए काफी तैयारी करनी पड़ी क्योंकि उसमें एक अलग तरह की मानसिक और शारीरिक स्थिति को समझना था. लेकिन प्रिंस का किरदार मानसिक रूप से ज्यादा कठिन था क्योंकि उसका सोचने का तरीका बिल्कुल अलग है। वह बिना किसी परिणाम की चिंता किए फैसले लेता है और उस मानसिकता को समझना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था।

**आज के ओटीटी दौर में एक अभिनेता के रूप में आप थिएटर रिलीज और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बीच क्या अंतर महसूस करते हैं ?**

एक अभिनेता के तौर पर मेरे लिए बहुत बड़ा फर्क नहीं होता. फर्क ज्यादा निर्देशक के नजरिए में होता है कि वह फिल्म को किस फॉर्मेट में शूट करना चाहता है. मेरे लिए सबसे अहम चीज किरदार और कहानी होती है चाहे वह बड़े पर्दे के लिए हो या ओटीटी के लिए।

**आप लेखन से भी जुड़े हैं—क्या एक लेखक होने का अनुभव आपको अभिनय में बेहतर बनने में मदद करता है ?**

हां, बहुत मदद करता है. जब आप लिखते हैं तो आपको कहानी और किरदार की संरचना बेहतर समझ आती है. इससे आप यह भी समझ पाते हैं कि लेखक किसी सीन में क्या कहना चाहता है. कई बार इससे सीन को बेहतर बनाने के लिए सुझाव देने में भी मदद मिलती है।

# सुबह निकली बाबा की पालकी साईं भजनों से सजी शाम

- श्री साईं बाबा का स्थापना दिवसोत्सव पर पालकी, भजन संध्या व भंडारे का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कुर्सी रोड, गौराबाग स्थित श्री साईं मंदिर का 16वां स्थापना दिवस (वार्षिकोत्सव) श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर साईं परिसर में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई।

सुबह बाबा की भव्य पालकी निकाली गई। शाम को श्री साईं भजन संध्या में भक्तों ने बाबा के भजनों में गोते लगाये। वहीं भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।सुबह मंगल स्नान व पूजन के बाद घोड़े, ऊंट, बैंड बाजे व आतिशबाजी के बीच साईं बाबा की पालकी निकली। यात्रा मंदिर परिसर से कुर्सी रोड, टेढ़ी पुलिया चौराहा होते हुए मंदिर परिसर पर सम्पन्न हुई। यात्रा में पुरुषों व महिलाओं के साथ सैकड़ों लोग शामिल हुए। शाम को भजन संध्या में गायकों ने बाबा का गुणगान किया। गायकों ने मुखड़ा सलोना अंखियों में करुणा, है साईं नाथ मेरे बाबा तेरे बिन मैं कुछ नहीं..,चलो शिरडी के द्वारे तुम्हे साईं पुकारे.. जैसे भजनों की माला को ऐसा पिरोया की लोग भक्ति में सराबोर हो झूम उठे। वहीं कलाकारों द्वारा पेश की गई भगवान की झांकिया आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस अवसर पर डॉ संदीप कुमार, अनुष्का, रमाकांत शुक्ला, जयकरन सिंह, नीलेश सोनकर, रंजीत यादव, अनुज यादव समेत बड़ी संख्या में साईं भक्त मौजूद रहे।

# मोहिनी एकादशी व्रत 27 को, भक्त करेंगे श्रीहरि की आराधना



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मोहिनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान ने देवताओं को अमृत पिलाने के लिए और राहु को अमृत पिलाने से बचाने के लिए मोहिनी रुप धरा था। जिसके बाद राहु और केतु अमृत पी नहीं पाएं और छल से सभी देवताओं को अमृत पिला दिया। सभी पापों को क्षय करके इस व्रत को करने से भगवान विष्णु की कृपा मिलती है। ये एकादशी व्रत सतयुग से चला आ रहा है। इस व्रत को सतयुग में कौटिन्य मुनि ने इस व्रत के बारे में शिकारी को बताया था, फिर द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इस व्रत के बारे में बताया। तब से मोहिनी एकादशी व्रत चला आ रहा है। इसके बाद त्रेतायुग में महर्षि वशिष्ठ ने भगवान राम को इस व्रत का महत्व बताया। इस साल व्रत 27 अप्रैल को रखा जाएगा।

**मोहिनी एकादशी का महत्व:** इस दिन भगवान विष्णु के अवतार प्रभु श्री राम एवं विष्णुजी के मोहिनी स्वरूप का पूजन-अर्चन किया जाता है। पदम् पुराण के अनुसार भगवान श्री कृष्ण,युधिष्ठिर को मोहिनी एकादशी का महत्व समझाते हुए कहते हैं कि महाराज !त्रेता युग में महर्षि वशिष्ठ के कहने से परम प्रतापी श्री राम ने इस व्रत को किया। यह व्रत सब प्रकार के दुखों का निवारण करने वाला,सब पापों को हरने वाला व्रतों में उत्तम व्रत है। इस व्रत के प्रभाव से प्राणी भगवान विष्णु की कृपा से सभी प्रकार के मोह बंधनों एवं पापों से छूट कर अंत में वैकुण्ठ धाम को जाते हैं।

**मोहिनी एकादशी की कथा:** शास्त्रों के अनुसार,सरस्वती नदी के पास भद्रावती नाम का एक सुन्दर नगर था। राजा धृतिमान जो भगवान विष्णु के परम भक्त थे,इस स्थान पर शासन करते थे। उनके पाँच पुत्र थे, जिनमें से पांचवां पुत्र जिसका नाम धृष्टबुद्धि था,बहुत बुरे कामों और अनैतिक कार्यों में शामिल होने वाला पापी था। यह सब देखकर राजा धृष्टिमन ने धृष्टबुद्धि का त्याग कर दिया। जीवित रहने के लिए,वह डकैती के कृत्यों में शामिल हो गया। परिणामस्वरूप,उसे राज्य से बाहर निकाल दिया गया। धृष्टबुद्धी एक जंगल में रहने लगा। एक बार जब वह जंगल में भटक रहा था,तो वह ऋषि कौंडिन्य के आश्रम में पहुंचा। यह वैशाख मास का समय था और ऋषि कौंडिन्य स्नान कर रहे थे। कुछ बूंदें निकल गयीं और धृष्टबुद्धि पर पड़ गयीं। इस वजह से धृष्टबुद्धि ने आत्म-साक्षात्कार और अच्छी भावना को प्राप्त किया और इस तरह उसने अपने सभी अनैतिक कार्यों पर पछतावा किया। उसने ऋषि से अपने पिछले पापों और बुरे कर्मों से मुक्ति के मार्ग की तरफ जाने के लिए मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया। इसके लिए ऋषि ने उसे मोहिनी एकादशी व्रत का पालन करने के लिए कहा ताकि उसे पापों से छुटकारा मिल सके। एकादशी के दिन धृष्टबुद्धि ने पूरी श्रद्धा के साथ एकादशी व्रत रखा। व्रत के प्रभाव से उसके सभी पाप धुल गए और वह विष्णु लोक में पहुंच गया।

**मोहिनी एकादशी की पूजा विधि:** एकादशी के दिन सबसे पहले सूर्योदय से पहले उठकर नहाएं। साफ कपड़े पहनें। इस दिन सबसे पहले पूजा का संकल्प लें। भगवान को चंदन अर्पित करें और भगवान की मूर्ति के सामने घी का दीपक जलाएं और व्रत का संकल्प लें। इस दिन भगवान के विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना चाहिए। भगवान विष्णु को पंचामृत और जल से मूर्ति का अभिषेक करें। भगवान विष्णु को पीले फूल और तुलसी पत्र चढ़ाएं। धूप, दीप से आरती करें। एकादशी व्रत के बाद रात में भजन कीर्तन करें। ऐसा कहा जाता है कि इस दो व्रत करता है, उसे बहुत पुण्य मिलता है। पुराणों में कहा गया है कि जो एकादशी के दिन व्रत करता है, उसे गौदान के बराबर फल मिलता है।

# सीता नवमी का व्रत कल, मंदिरों में होगी विशेष पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** हिंदू धर्म में वैशाख मास की कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन मां सीता का प्राकट्य हुआ था। इसलिए वैशाख कृष्ण नवमी तिथि को सीता नवमी के नाम से भी जाना जाता है। सीता नवमी को जानकी नवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस साल सीता नवमी की तारीख को लेकर थोड़ी उलझन बनी हुई है। पंचांग की गणना के अनुसार, सीता नवमी तिथि का आरंभ 24 अप्रैल को शाम 7 बजकर 22 मिनट से नवमी तिथि लग जाएगी और 25 अप्रैल को शाम 6 बजकर 29 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदय तिथि के अनुसार 25 अप्रैल को जानकी नवमी यानी सीता नवमी मनाई जाएगी। नेपाल के जनकपुर धाम जहां सीताजी का बचपन बीता और विवाह हुआ वहां इस दिन भव्य उत्सव का आयोजन होगा। साथ ही बिहार के सीतामढ़ी जिले में पुनौरा धाम जहां देवी सीता का प्राकट्य हुआ था वहां भी धूम-धाम के साथ सीता नवमी का उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर सीतामढ़ी के ही जानकी स्थान मंदिर का भी उत्सव भव्य रहता है जहां देवी सीता को पुनौरा धाम से लाकर राजा जनकजी ने रखा था और पहली प्रथम स्नान करवाया था।

**सीता नवमी का धार्मिक महत्व:** पौराणिक कथाओं और मान्यताओं के अनुसार, मिथिला के राजा जनक जब भूमि पर हल चला रहे थे तो उन्हें भूमि के नीचे से एक कलश में कन्या (माता सीता) प्राप्त हुई थी। ईश्वर का वरदान मानकर उसे अपनी पुत्री के रुप में स्वीकार किया और उसका नाम सीता रखा। माता सीता को माता लक्ष्मी का अवतार माना जाता है।

**सीता नवमी की पूजा विधि:** इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और सूर्य देव को जल अर्पित करके व्रत का संकल्प लें। इसके बाद घर के मंदिर में माता सीता और भगवान राम की प्रतिमा स्थापित करें। अब पीले रंग के फूल, श्रृंगार की वस्तुएं और भोग अर्पित करें। इस मंत्र श्री जानकी रामाभ्यां नमः 108 बार जप करें। अंत में माता सीता का आरती करें।

# गुरु का अपने ही नक्षत्र के द्वितीय पद में गोचर, 4 राशियों के लिए शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** देवगुरु बृहस्पति अप्रैल 2026 में पुनर्वसु नक्षत्र के द्वितीय चरण में प्रवेश कर रहे हैं। यह गोचर ज्योतिष की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि गुरु अपने ही नक्षत्र में जा रहे हैं। इस दौरान शुक्र और बुध का प्रभाव भी सक्रिय रहेगा, जिससे कुछ राशियों के लिए धन, सम्मान, करियर और व्यक्तिगत विकास के मजबूत योग बन रहे हैं। गुरु की यह स्थिति विशेष रूप से उन राशियों के लिए शुभ फल देने वाली साबित होगी जिन पर उनका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ रहा है।

**मिथुन राशि - करियर और आर्थिक उन्नति:** मिथुन राशि वालों के लिए गुरु का यह गोचर बेहद सकारात्मक रहेगा। इस दौरान करियर में नई दिशा मिलने के शुभ योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या बेहतर अवसर मिल सकते हैं। बिजनेस करने वालों को बड़े फैसले लेने का साहस और सफलता दोनों मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पुराने कर्ज चुकाने में आसानी होगी और आय के नए स्रोत खुल सकते हैं। परिवार का सहयोग भी मजबूत रहेगा, जिससे मानसिक शांति बनी रहेगी।

**सिंह राशि - रिश्तों और करियर में स्थिरता:** सिंह राशि के जातकों के लिए यह गोचर रिश्ता और करियर दोनों क्षेत्रों में अनुकूल रहेगा। लंबे समय से चली आ रही परेशानियां धीरे-धीरे कम होंगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे और रुके हुए काम पूरे होने लगेंगे। व्यक्तिगत जीवन में सुधार होगा। रिश्तों में आपसी समझ बढ़ेगी और मनमुटाव दूर होंगे। अविवाहित लोगों के लिए विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत होगी।

**तुला राशि - आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान:** तुला राशि वालों के लिए यह गोचर शुभ फल देने वाला साबित होगा। इस दौरान आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यक्तित्व में आकर्षण आएगा। लोग आपकी ओर प्रभावित होंगे। सामाजिक स्तर पर सम्मान और पहचान बढ़ेगी। करियर में नए अवसर मिलेंगे, जो आपकी प्रगति में सहायक होंगे। आर्थिक रूप से भी समय अच्छा रहेगा। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और जीवन अधिक संतुलित नजर आएगा।

**धनु राशि - बिजनेस और भाग्य का साथ:** धनु राशि के लिए यह गोचर सबसे ज्यादा फलदायी रहेगा। बिजनेस में तेज तरक्की और लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। यदि आप विस्तार की योजना बना रहे हैं, तो यह समय आपके पक्ष में रहेगा। आत्मविश्वास काफी मजबूत रहेगा, जिससे बड़े फैसले लेने में सफलता मिलेगी। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और कठिन काम भी आसानी से पूरे होंगे। सामाजिक जीवन में सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। लोग आपके काम की सराहना करेंगे।

**उपाय और सलाह:** सभी राशियों को सलाह है कि इस समय सकारात्मक सोच बनाए रखें और मेहनत के साथ स्मार्ट निर्णय लें। गुरु की कृपा से मिथुन, सिंह, तुला और धनु राशि की किस्मत चमकने वाली है। इस गोचर का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए गुरुवार को पीले रंग के कपड़े पहनें, केले का दान करें और 'ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः' मंत्र का जप करें।

# कौशल विकास एवं आजीविका के अवसर सृजित करने पर फोकस किया जायेगा

- कोका-कोला इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण की पहल को गति देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से मिलाया हाथ




**लखनऊ।** कोका-कोला इंडिया ने इन्वेस्ट यूपी, उत्तर प्रदेश सरकार के साथ तीन साल के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं]। इसके माध्यम से पूरे राज्य में पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक कल्याण और सुरक्षित जल तक पहुंच को बेहतर बनाने के साझा लक्ष्य को मजबूती दी जाएगी।

इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद, इन्वेस्ट यूपी के एजीएम को-ऑर्डिनेशन/ओएसडी/सीएसआर नोडल श्री आनंद कुमार पांडे, एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर विवेक लधानी, एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर सिद्धार्थ लधानी और कोका-कोला इंडिया टीम की मौजूदगी में एमओयू का हस्तांतरण किया गया। इस गठजोड़ के तहत जल उपलब्धता हेतु बुनियादी ढांचा जैसे ऑन-ग्राउंड सॉल्यूशंस विकसित करने, कचरा संग्रह एवं रिसाइकिलिंग सिस्टम को मजबूत करने और स्थानीय समुदायों के लिए कौशल विकास एवं आजीविका के अवसर सृजित करने पर फोकस किया जाएगा। विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर फोकस किया जाएगा, जहां ज्यादा पर्यटक आते हैं। इस पहल का लक्ष्य पर्यावरण से संबंधित इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं पर्यटकों के अनुभव को बेहतर करना भी होगा। साथ ही दीर्घकालिक एवं समाज आधारित प्रभाव को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस मौके पर इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने कहा, यह साझेदारी पर्यावरण संरक्षण के समाधानों को बुनियादी ढांचे के विकास के साथ एकीकृत करने पर हमारे फोकस को दिखाती है। साथ ही इसके माध्यम से दीर्घकालिक प्रभाव डालने के लिए निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता का लाभ लिया जाएगा और सामुदायिक विकास की प्राथमिकताओं को समर्थन किया जाएगा। कोका-कोला इंडिया एंड साउथवेस्ट एशिया की वाइस प्रेसिडेंट पब्लिक अफेयर्स, कम्युनिकेशंस एंड सस्टेनेबिलिटी देवयानी आरएल राणा ने कहा, कोका-कोला इंडिया में हमारा मानना है कि सार्थक बदलाव मजबूत साझेदारी और समाज के नेतृत्व वाले प्रयासों से आता है। हम जल संरक्षण को मजबूत करने, कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को सुधारने और आजीविका में सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सीएम करेंगे 'रश्मिरथी' पर्व का शुभारंभ

- दिनकर को समर्पित होगा तीन दिवसीय आयोजन
- आयोजन में साहित्य, राष्ट्रचिंतन, संस्कृति और प्रेरक विचारों का होगा अनूठा संगम

**लखनऊ।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति रश्मिरथी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर लखनऊ में तीन दिवसीय रश्मिरथी पर्व का आयोजन किया जा रहा है। 24 से 26 अप्रैल तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले इस भव्य साहित्यिक-सांस्कृतिक आयोजन का शुभारंभ शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। यह आयोजन राष्ट्रकवि दिनकर की स्मृतियों को समर्पित होगा, जिसमें साहित्य, राष्ट्रचिंतन, संस्कृति और प्रेरक विचारों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

24 अप्रैल को उद्घाटन सत्र के साथ रश्मिरथी संवाद स्मारिका का लोकार्पण किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रीय परिसंवाद आयोजित होगा, जिसमें विद्वान दिनकर के साहित्य, राष्ट्रवाद और समकालीन प्रासंगिकता पर विचार रखेंगे। शाम को रश्मिरथी पर आधारित नाटक का मंचन किया जाएगा, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। 25 अप्रैल को स्वामी विवेकानंद के सांस्कृतिक भारत निर्माण में योगदान विषय पर परिसंवाद होगा। इसमें युवाओं को आत्मविश्वास, राष्ट्रसेवा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या में विवेकानंद के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति भी होगी। 26 अप्रैल को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विशेष चर्चा होगी। इसके साथ अटल जी की कविताओं पर आधारित संगीतमय नृत्य नाटिका अटल स्वरांजलि तथा लोकमान्य तिलक पर आधारित नाटक का मंचन किया जाएगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह आयोजन युवाओं को राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान, संघर्ष और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देगा। रश्मिरथी पर्व के जरिए उत्तर प्रदेश एक बार फिर विकास के साथ विरासत के सम्मान का संदेश देगा।

# हॉरर-कॉमेडी से भरपूर है अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की जोड़ी वो आइकॉनिक जुगलबंदी है, जिसने सुपरहिट 'भूल भुलैया' के साथ हिंदी सिनेमा में हॉरर-कॉमेडी को एक नई पहचान दी। इसके बाद कई फिल्मकारों ने इस फॉमूर्ले को अपनाया और यह एक लोकप्रिय ट्रेंड बन गया। अब करीब 16 साल बाद जब यह जोड़ी इसी जॉनर में दोबारा साथ आई, तो उम्मीदों का जगना लाजमी था। लेकिन अफसोस, इस बार यह जुगलबंदी कुछ नया रचने की बजाय पुराने जादू को ही दोहराने में उलझी हुई नजर आती है।

'भूत बंगला' अपनी शुरूआत में हंसाती तो है, लेकिन फिर इसमें ताजगी और नयेपन की कमी झलकने लगती है। कहानी मंगलपुर नाम के एक रहस्यमयी गांव से शुरू होती है, जहां बरसों से किसी की शादी नहीं हुई। वजह है 'वधूसुर' नाम का राक्षस, जो हर बारात को तबाह कर दुल्हन को गायब कर देता है। इस खौफनाक रहस्य की जड़ें एक पुराने फ्लैशबैक में छिपी हैं। लंदन में रहने वाला अर्जुन आचार्य (अक्षय कुमार) अपनी बहन मीरा (मिथिला पारकर) की शादी के लिए एक सही जगह ढूंढ रहा है। उनके पिता (जीशु सेनगुप्ता) भी चाहते हैं कि मीरा की शादी अच्छे से हो। तभी अर्जुन को पता चलता है कि मीरा 500 करोड़ की संपत्ति और एक भव्य हवेली की वारिस है। अर्जुन उसी हवेली को शादी के लिए चुनता है और तैयारियों के लिए मंगलपुर पहुंचता है। यह वही गांव है, जहां लोग वधूसुर के डर से शादी के लिए गंगा पार जाते हैं। अर्जुन मंगलपुर पहुंचता है। लोगों की बातों और कहानियों को वह अंधविश्वास मानता है। लेकिन हवेली में केयरटेकर शांताराम (असरानी), वेडिंग प्लानर जगदीश केवलरामानी (परेश रावल) और उसके भतीजे सुंदर (राजपाल यादव) के साथ अजीब और डरावनी घटनाएं होने लगती हैं। हालात तब बदलते हैं जब अर्जुन खुद एक भयानक अनुभव का सामना करता है और उसे यकीन हो जाता है कि मंगलपुर सच में शापित है। अर्जुन के इस सफर में वामिका गब्बी भी उससे जुड़ती है, जबकि मनोज जोशी, राजेश शर्मा, भावना पानी और जाकिर हुसैन जैसे किरदार कहानी में अलग-अलग परतें जोड़ते हैं। जैसे-जैसे कहानी अतीत में गहराई तक जाती है, अर्जुन को न सिर्फ वधूसुर का सच पता चलता है, बल्कि खुद से जुड़ा एक ऐसा डरावना राज भी सामने आता है, जिससे बच निकलना उसके लिए आसान नहीं होता। निर्देशक प्रियदर्शन फिल्म की शुरूआत हल्के-फुल्के अंदाज में करते हैं, जहां फर्स्ट हाफ कुछ हद तक मनोरंजन देता है। अक्षय कुमार, असरानी, राजपाल यादव और परेश रावल की मौजूदगी नॉस्टैल्जिया के साथ कॉमेडी भी पैदा करती है। लेकिन यह असर ज्यादा देर टिक नहीं पाता। सेकंड हाफ में कहानी बिखर जाती है। प्रियदर्शन अपने आजमाए हुए टेम्पलेट पर चलते हैं, लेकिन लंबे रनटाइम में जरूरत से ज्यादा मसाले डालने की वजह से फिल्म का संतुलन बिगड़ जाता है। फिल्म में दुल्हन के गायब होने वाला ट्रैक साल 1979 में रिलीज फिल्म 'जानी दुश्मन' की याद दिलाता है, जबकि फ्लैशबैक 'भूल भुलैया' से प्रेरित लगता है। असल में आइडिया मजबूत था, लेकिन कमजोर लेखन इसे एक सुसंगत कहानी में नहीं बदल पाता। कई सीन ऐसे लगते हैं जैसे अलग-अलग सोचे गए हों और बाद में जोड़ दिए गए हों, जिससे हवेली में होने वाली घटनाएं बेतरतीब और अतार्किक महसूस होती हैं। हालांकि, प्रियदर्शन अपनी पसंदीदा स्टार कास्ट के साथ कॉमिक टाइमिंग साधने की कोशिश करते हैं, लेकिन कई जगहों पर कॉमेडी फूहड़ और जरूरत से ज्यादा लाउड हो जाती है। प्री-क्लाइमैक्स में वधूसुर के साथ फाइट सीन में वीएफएक्स प्रभावित करते हैं, लेकिन क्लाइमैक्स तक आते-आते एक संतोषजनक, होलसम एंटरटेनर बनने की कमी साफ महसूस होती है। अभिनय की बात करें, तो अक्षय कुमार अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ अपने किरदार को मनोरंजक बनाते हैं। फिल्म में वे दोहरी भूमिका में हैं और उनका गेटअप चौंकाने वाला साबित होता है। कॉमेडी को आगे बढ़ाने में असरानी, राजपाल यादव और परेश रावल की यह चौकड़ी अपने किरदारों के जरिए कई जगहों पर नॉस्टाल्जिक अनुभव देती है। खास तौर पर यह फिल्म असरानी जैसे सीनियर कलाकर के लिए ट्रिब्यूट मानी जा सकती है।

- ऐक्टर : अक्षय कुमार, परेश रावल, राजपाल यादव, तब्बू, वामिका गब्बी
- डायरेक्टर : प्रियदर्शन

**रटिंग-3/5**

संक्षेप

## सड़क हादसे में युवक घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के अंबेडकर पार्क के पास गुरुवार को सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के जमुनिया निवासी ऋषभ सिंह अपने साथियों प्रज्ज्वल व प्रदीप के साथ लखनऊ में आईपीएल मैच देखकर लौट रहे थे। तीनों आंबेडकर पार्क के पास खड़े होकर टेंपो का इंतजार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार टेलर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में ऋषभ सिंह का हाथ और कूल्हा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे का मुख्य कारण सड़क किनारे फैला अतिक्रमण है। एक ओर ठेले और दुकानों का कब्जा, तो दूसरी ओर निर्माण सामग्री के कारण रास्ता संकरा हो गया है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टेलर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।

## जानलेवा हमले के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** पान की दुकान लगाने के विवाद को लेकर जानलेवा हमला करने के मामले में एडीजे प्रथम संध्या चैधरी ने अमेठी के गौरीगंज थाने के दूदीपुर गांव निवासी आरोपित एसपी तिवारी उर्फ विकास तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। एडीजीसी क्रिमिनल पवन कुमार दुबे के मुताबिक 11 नवंबर 2025 की शाम को पान की दुकान लगाने को लेकर विवाद हुआ था। इसमें आरोपितों ने लोहे के रॉड, फरसा व कुल्हाड़ी से वादी मुकदमा अवधेश शर्मा और उसके परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में वादी का हाथ टूट गया था जबकि उसके पुत्र सुनील के दोनों पैर तोड़ दिए गए थे व सिर में गंभीर चोटें आईं थी। मामले एसपी तिवारी उर्फ विकास तिवारी, चंदन समेत चार के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज किया था।

## मृतक के भाई ने आरोपितों को तलब करने के लिए दी अर्जी

**सुलतानपुर।** विजय नारायण सिंह हत्याकांड के चर्चित मामले में गुरुवार को वादी मुकदमा सतीश नारायण सिंह के अधिवक्ता अरविंद सिंह तीन आरोपितों जयंत मिश्र, दीपक मिश्र व विनय तिवारी को तलब करने के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। एडीजे प्रथम संध्या चैधरी ने अर्जी पर सुनवाई के लिए 12 मई की तिथि तय की गई है। कोतवाली नगर के नरायनपुर गांव के विजय नारायण सिंह की सात अप्रैल 2024 को शहर के दरियापुर तिराहे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई सतीश नारायण सिंह की तहरीर पर अंबेडकर नगर जिले के महरुआ के शूटर अजय प्रताप सिंह सिलावट के साथ ही दीपक मिश्र, जयंत मिश्र व विनय तिवारी समेत कई अन्य के खिलाफ हत्या व साजिश करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने अजय प्रताप सिंह सिलावट के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी जबकि अन्य आरोपितों को क्लीनचिट दे दी थी।

# जनपद के मेधावियों ने गाड़े सफलता के झंडे

## हाई स्कूल में सर्वेश और इंटर में नंदिनी टॉपर



**रायबरेली।** शिक्षा जगत के लिए आज गर्व का दिन है। जिले के होनहारों ने अपनी मेधा और परिश्रम से सफलता का एक नया अध्याय लिखा है। इस गौरवशाली सूची में तनु जायसवाल ने अपनी शानदार सफलता से पूरे जिले का नाम रोशन किया है। उनके साथ ही सर्वेश कुमार मिश्रा, अभिषी साहू और दृष्टि गुप्ता जैसे छात्र-छात्राओं ने भी टॉपर्स की सूची में जगह बनाकर यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती।

खासकर तनु जायसवाल की उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। ऊंचाहार के एसवीएन इंटर कॉलेज से लेकर डलमऊ के न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन तक जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तर पर अपनी धाक जमाई है। यह सफलता न केवल उनके परिवारों के लिए, बल्कि पूरे रायबरेली के लिए गौरव का क्षण है।

### हाई स्कूल में रायबरेली जिले के टॉपर छात्रों की सूची

तनु जायसवाल 96.83 मार्डन पब्लिक स्कूल सलोन, सर्वेश कुमार मिश्रा 96.50 एसवीएम इंटर कॉलेज ऊर्जा बिहार ऊंचाहार, अभिषि साहू 96.50 न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज मुराई बाग डलमऊ, दृष्टि गुप्ता 95.50 एसवीएम इंटर कॉलेज ऊर्जा बिहार ऊँचाहार, सोनाली सिंह 95.50 मॉडर्न पब्लिक स्कूल सलोन, आंसी 95.33 सिद्धार्थ पब्लिक इंटर कॉलेज अशोकनगर, आंचल शुक्ला ने 95.17 एसवीएम इंटर कॉलेज ऊर्जा बिहार ऊंचाहार

### इंटर के रायबरेली जिले के टॉपर छात्रों की सूची

नंदिनी गुप्ता 93.80 वीनापाणी कॉलेज मलिक मऊ, जयाशुक्ला 93.40 एसएनएसवी इंटर कॉलेज गौरा, वैष्णवी 92.60 बाबू सिंह इंटर कॉलेज छिवलहा, अभिषेक अवस्थी 92.40 विग्व्योर पब्लिक स्कूल शक्तिनगर, दिव्यांसी मौसम मॉडल पब्लिक स्कूल सलोन, शुभ सिंह 92.00 राणा बेनी माधव सिंह स्मारक इंटर कॉलेज शंकरपुर, अद्वैत 92.00 शिव कुमार त्रिवेदी करियर इंटर कॉलेज रायबरेली।

## अज्ञात बस ने बाइक सवार परिवार को रौंदा, पति-पत्नी की मौत, मासूम घायल

**रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र में बुधवार की रात एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर अरखा गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात निजी बस ने बाइक सवार दंपत्ति को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस भीषण दुर्घटना में उनका 10 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल है।

जानकारी के अनुसार, सबीसपुर निवासी दशरथ (36) अपनी पत्नी माधुरी और बेटे प्रिंस के साथ कल्याणी गांव स्थित अपनी ससुराल गए थे। बुधवार रात करीब 10रू30 बजे वापस लौटते समय, अरखा कोल्ड स्टोर के पास मौत बनकर आई एक बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

चश्मदीदों के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बस के अगले हिस्से में फंस गई। चालक ने बस रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी, जिससे बाइक करीब एक किलोमीटर दूर मनऊ का इंदारा तक घिसटती चली गई। इस भयावह मंजर को देख लोगों के होश उड़ गए। हादसे में दशरथ और माधुरी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल 10 वर्षीय प्रिंस को तत्काल सीएचसी ले जाया गया, जहाँ से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि घायलों के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## गैस सिलेंडर में विस्फोट से जली गृहस्थी

**रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र के घीसीगढ़ गांव में एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। त्रिभुवन मौर्या पुत्र राम आनंद मौर्या अपनी पत्नी दीपका के साथ घर में खाना बना रहे थे। अचानक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। तेज धमाके से पूरा घर हिल गया, आग की लपटें उठने लगीं। परिजनों के अनुसार, त्रिभुवन और दीपका खाना बनाने के दौरान सिलेंडर के पास थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास के सामान बिखर गए और दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। दोनों बाल-बाल बच गए। चमत्कारिक रूप से उन पर गंभीर चोट नहीं आई, सिर्फ हल्की जलन और झटका लगा। आसपास के लोग दौड़कर आए और आग पर काबू पाया। परिवार ने बताया कि सिलेंडर पुराना था और लीकेज की आशंका थी, लेकिन समय रहते कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। डीह थाना पुलिस को सूचना दी गई है। जांच में पता चला कि गैस रिसाव के कारण विस्फोट हुआ। परिवार सौभाग्य मान रहा है कि कोई जान नहीं गई।

## आरेडिका में पोषण पखवाड़ा आयोजित



**रायबरेली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा रेलवे बोर्ड के निर्देश पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) चिकित्सालय द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस पखवाड़े का समापन आरेडिका के महाप्रबंधक रामन कृष्णन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पोषण पखवाड़े का शुभारंभ डॉ. अंजना खरे, तत्कालीन अध्यक्षा, महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षता में किया गया था। इस अवसर पर आहार विशेषज्ञ डॉ. भूमिका सिंह द्वारा ह्लआहार से संबंधित प्रचलित भ्रांतियोंह्व विषय पर महिला कल्याण संगठन एवं महिला कर्मचारियों को व्याख्यान दिया गया। साथ ही गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को संतुलित पोषण एवं शिशु देखभाल के संबंध में जागरूक किया गया। पखवाड़े के दौरान ज्ञानदा बाल मंदिर परिसर में बच्चों के मस्तिष्क विकास से संबंधित खेलों का आयोजन किया गया। केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों हेतु पोषण विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त, अभिभावकों एवं समाज को स्क्रीन टाइम के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने हेतु आरेडिका चिकित्सालय में निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। समापन अवसर पर आरेडिका चिकित्सालय द्वारा वेलसन मेडिसिटी हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 162 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक रामन कृष्णन ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया तथा चिकित्सालय द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी आभा जैन सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी, डॉक्टर, यूनियन प्रतिनिधि, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## खड़ी पिकअप से टकरायी बाइक, युवक की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** क्षेत्र में बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान चंद्रे प्रजापति (40) पुत्र राम औतार निवासी पूरे ठकुराइन मजरे देवकली, कोतवाली जगदीशपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि चंद्रे प्रजापति बुधवार रात करीब 9 बजे अपने घर से बाइक द्वारा किसी कार्य से रानीगंज की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह रानीगंज-शुकुल बाजार मार्ग पर निहालपुर गांव के पास पहुंचे, उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी एक पिकअप वाहन से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक को गंभीर चोटें आईं और कुछ ही देर बाद अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में कोतवाल धीरेन्द्र यादव ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्घटना में शामिल वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# हाईस्कूल में आदित्य, इंटर में प्रिया मौर्या ने किया जिला टॉप

पवन कुमार शर्मा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में इस बार जनपद सुलतानपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रच दिया। मेधावी छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों से जिले में खुशी व गर्व का माहौल है। हाईस्कूल परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर, झारखंड कादीपुर के छात्र आदित्य भूषण पांडेय ने 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके इस प्रदर्शन ने विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया। दीपांशी ने 96.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रत्युषा मिश्रा 96.33 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। शताक्षी मिश्रा और निधि कसौंधन ने 575 95.83 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप से चैथा स्थान हासिल किया। वहीं ओजस्वी यादव ने 95.67 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में संकट मोचन एसएस इंटर कॉलेज, जयसिंहपुर की छात्रा प्रिया मौर्या ने 94.60 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया। अर्पिता वर्मा ने 93.40 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। खुशी त्रिपाठी और वंशिका ने 93.20 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। सुनैना और वैश्नवी मिश्रा 93 प्रतिशत अंक के साथ चैथे स्थान पर रहीं। वहीं प्रिया यादव, अंचल यादव, अनमोल मौर्या और सुहानी यादव ने 92.80 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया। श्यामकुमारी बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रबंधक अजय सिंह ने मेधावियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं महात्मा गांधी स्मारक इंटर कालेज की इंटरमीडिएट की छात्रा चेष्टा सारस्वत ने 87.2 प्रतिशत लाकर अपने कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालयों में जश्न का माहौल देखने को मिला। अभिभावकों और शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता और नियमित अध्ययन को दिया। शिक्षकों ने इसे अनुशासन, परिश्रम और सही मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

**समृद्धि को मिला जिले में छठा स्थान- जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** क्षेत्र में इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा, जिससे विद्यालयों में खुशी का माहौल है। दमोदरपुर निवासी समृद्धि दुबे ने 600 में 569 अंक प्राप्त कर जिले में छठा स्थान हासिल किया और क्षेत्र का नाम रोशन किया। वह श्रीमती रामपति रामदेव इंटर कॉलेज, हनुमतनगर की छात्रा हैं। समृद्धि की सफलता पर विद्यालय परिसर में शिक्षकों और छात्रों ने खुशी जताई। उनके पिता विनोद दुबे ने इसे बेटी की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। अन्य विद्यालयों में भी अच्छे परिणाम सामने आए। अनारकली युग निर्माण इंटर कॉलेज, सरोजपुरम में आर्यन मिश्रा ने 518 और नितिन पाल ने 511 अंक प्राप्त किए। वहीं इंटरमीडिएट में अनमोल मिश्रा ने 388 अंक हासिल किए। डी-हॉलमार्क वर्ल्ड साइंस इंटर कॉलेज की छात्रा अनामिका अग्रहरि ने हाईस्कूल में 91 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का मान बढ़ाया।

**3 होनहारों ने जनपद टॉप-10 में बनायी जगह- कूरेभार।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में कूरेभार क्षेत्र के ग्रामीण विद्यालयों ने शानदार प्रदर्शन कर जनपद का मान बढ़ाया है। क्षेत्र के तीन मेधावियों ने टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान बनाकर यह साबित कर दिया कि सीमित संसाधनों के बावजूद गांव की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं। राज इंटर कॉलेज, पूरे सागर पुरखीपुर की छात्रा वैष्णवी अग्रहरि ने 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में छठा स्थान हासिल किया। वहीं श्री कृष्णा इंटर कॉलेज, सैदखानपुर की छात्रा अंशिका दूबे ने 94.50 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा चाचा नेहरू इंटर कॉलेज, मीरामानिकपुर के छात्र शिवांश दूबे ने 94.17 अंक प्रतिशत हासिल कर टॉप-10 में जगह बनाई। तीनों विद्यार्थियों की सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों ने इसे छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अनुशासन का परिणाम बताया।

## एनएसबीवीएम में फन कैम्प आयोजित

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में फन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह द्वारा हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह को फन कैम्प के विशिष्ट जनों द्वारा बुकें देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के विशाल प्रांगण में किया गया। जिसमें स्टूडेट्स ने वाटर रोल, जार्विंग, ट्रमपॉलिन, पूल क्रॉसिंग, माउंटेन बाइक, किड्स बाउंसी, बिग बाउंसी, सूमो रेसलिंग, रेन डांस, पूल पार्टी, फॉम पार्टी, नॉकआउट बाउंसी, टेन्डमड्यूल, साइकिल, वर्मा ब्रिज, कमांडो क्रॉसिंग और पॉपेट शो का जमकर लुफ्त उठाया। फन कैम्प के इस प्रोग्राम में नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के बच्चों ने प्रत्येक एक्टिविटी में भाग लिया। उनमें से जिन फन कैंपर्स ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई, उनका प्रधानाचार्य जी ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान देने के साथ ही उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम को आकर्शक रूप देने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का विशेश योगदान रहा। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# सपा महिला कार्यकर्ताओं का जोरदार प्रदर्शन




**अमेठी।** अमेठी में सपा की महिला कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जोरदार धरना-प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। यह प्रदर्शन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वर्गीय माता के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया। प्रदर्शन के बाद कार्यकताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की। महिला कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सुषमा खरकवाल द्वारा की गई टिप्पणी न केवल असम्मानजनक है, बल्कि इससे समाज में गलत संदेश भी जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इस तरह की बयानबाजी सामाजिक मयार्दा और राजनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। धरना-प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई टिप्पणी करने का साहस न कर सके। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष प्रतिभा यादव, यूथ ब्रिगेड प्रदेश सचिव वकील खान, प्रिंस वर्मा, सीमा वर्मा, प्यार देवी सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने प्रदर्शन को सफल बताते हुए कहा कि सपा सम्मान और सामाजिक न्याय की राजनीति करती है और किसी भी प्रकार का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदर्शन के अंत में कार्यकताओं ने ह्लसमाजवादी पार्टी जिंदाबादह्व और ह्लअखिलेश यादव जिंदाबादह्व के जोरदार नारे लगाए। ज्ञापन सौंपने के बाद प्रशासन ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**शुकुल बाजार, अमेठी।** मवैया चौराहा स्थित पान की गुमटी के सामने गुरुवार को कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ुरेन्द्र कुमार (30) पुत्र नकछेद पासी निवासी मवैया अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी बाजार शुकुल से इन्हौना की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## डीएम ने जनगणना के सफल संचालन को प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**रायबरेली।** भारत की जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारु संचालन के दृष्टिगत 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका द्वारा सदर व सलोन तहसील में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली की समस्त तहसीलों एवं नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायतों में 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य से जुड़े समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं एवं दायित्वों के प्रति दक्ष बनाना है। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में जनगणना को एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े शासन की विभिन्न योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के समुचित वितरण एवं नीतिगत निर्णयों के लिए आधार प्रदान करते हैं। अतः सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्य को पूर्ण निष्ठा, शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपादित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान जनगणना प्रपत्रों के सही एवं त्रुटिरहित भरने, डिजिटल माध्यमों/पोर्टल के उपयोग, घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, डेटा की गोपनीयता बनाए रखने, संवेदनशील सूचनाओं के संकलन में सावधानी बरतने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने हेतु विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी गणना कर्मी अपने-अपने क्षेत्रों का भौतिक सत्यापन कर हर परिवार तक पहुंच बनाएं और कोई भी व्यक्ति गणना से वंचित न रह जाए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं- जैसे जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली, प्रपत्रों का संधारण, डिजिटल एंट्री, निगरानी व्यवस्था, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन- पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे जनपद में जनगणना 2027 का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

## एनएसपीएस त्रिपुला में हुआ ओलम्पियाड में सफल मेधावी छात्रों का सम्मान



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में विभिन्न ओलंपियाड प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विज्ञान ओलम्पियाड फाउंडेशन (एस ओ एफ) में गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और कंप्यूटर विज्ञान विषयों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया। प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि सफलता निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्मविश्वास से प्राप्त होती है। उन्होंने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ओलम्पियाड जैसे मंच विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने छात्रों की इस उपलब्धि को उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम बताया तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने एवं लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, निखिल त्रिपाठी, अभिषेक अवस्थी, अस्वनी, शिवाकांत, सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मांगलिक कार्यक्रम में मारपीट के मामले में 8 वांछित गिरफ्तार, डंडा-लोहे की पाइप बरामद

**जायस, अमेठी।** थाना जायस पुलिस ने मांगलिक कार्यक्रम के दौरान हुई मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए 8 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर मारपीट में प्रयुक्त डंडा, फावड़े का बेट, लोहे की पाइप व बेस बैट भी बरामद किया है। एसपी अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन तथा एएसपी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में 23 अप्रैल 2026 को थाना जायस पुलिस टीम तलाश वांछित, क्षेत्र भ्रमण और संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों मुकदमों में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 21 अप्रैल 2026 को एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया था और दोनों पक्ष आपस में मारपीट पर उतर आए थे। इस मामले में थाना जायस में मुअसं 48/26 एवं मुअसं 49/26 के तहत धारा 109, 352, 351(1) व 351(3) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था। पहले मुकदमे में धर्मराज (58), दीपक (29), बिन्द्रा प्रसाद (38) और अतुल कुमार सोनकर (20) को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरे मुकदमे में शीतला प्रसाद (50), श्रीनाथ (40), जगप्रसाद (20) और चन्द्रकेश (19) को पुलिस ने दबोचा। गिरफ्तार सभी अभियुक्त पूरे भैया कस्बा और मोहल्ला कंचाना, थाना जायस क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा, फावड़े का बेट, लोहे की पाइप और बेस बैट बरामद किया गया है। सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष जायस उ.नि. अमरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ.नि. सतीश कुमार दीक्षित, कांस्टेबल कमल दीक्षित, हरेन्द्र यादव और सर्वेश यादव की टीम ने गिरफ्तारी की कार्रवाई को अंजाम दिया।

# सतीश मिश्रा अध्यक्ष तो प्रतीक बने मंत्री



- रोडवेज कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न

**सुलतानपुर (वीओएल)।** उ.प्र. रोडवेज कर्मचारी संघ सुलतानपुर का वार्षिक चुनाव अयोध्या मंडल के चुनाव अधिकारी की देखरेख में बस स्टैंड स्थित हाल में संपन्न हुआ। इस दौरान वर्कशॉप व डिपो के सभी कर्मचारियों तथा भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव में सतीश मिश्रा को अध्यक्ष व प्रतीक श्रीवास्तव को मंत्री पद पर आम सहमति से चुना गया। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बीसी शुक्ला ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं संगठन के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए परिचालक रेणु टंडन को कार्यसमिति सदस्य बनाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसका सभी ने समर्थन किया। वरिष्ठ सदस्य सिद्धनाथ तिवारी ने संगठन में नारी शक्ति के स्वागत को सकारात्मक पहल बताया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिला संयोजक राकेश शर्मा एवं विशेष आमंत्रित अतिथि मदन सोनकर (नामित सभासद) सहित अन्य पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती, कर्मचारियों के हितों की रक्षा और एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## उच्च शिक्षा में आईसीटी की भूमिका पर राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के शिक्षा संकाय द्वारा उच्च शिक्षा में शैक्षिक तकनीकी एवं आईसीटी की भूमिका विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। छात्राओं की सरस्वती वंदना और कुलगीत प्रस्तुति से वातावरण गरिमामय बन गया। मुख्य अतिथि डॉ. पी.के. स्टालिन तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. छत्रपाल सिंह और प्रो. राधेश्याम सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शिक्षा में डिजिटल तकनीक की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी ने शिक्षा के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है और अब शिक्षकों व विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता के साथ आगे बढ़ना होगा। संस्थान के प्राचार्य प्रो. सुनील प्रताप सिंह ने स्वागत उद्बोधन में ऐसे आयोजनों को शिक्षकों व छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी बताया। शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. बिहारी सिंह व अन्य प्राध्यापकों ने अतिथियों का स्वागत किया। तकनीकी सत्र में शोधार्थियों व शिक्षाविदों ने डिजिटल लर्निंग, ऑनलाइन शिक्षण एवं मूल्यांकन प्रणाली जैसे विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए।

## ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसो. यूपी के सदस्यों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**महराजगंज, रायबरेली।** ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन यूपी के सदस्यों ने बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारती को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें मनरेगा ग्राम रोजगार सेवकों ने पिछले नौ माह से मानदेयका भुगतान न होने पर अपनी विभिन्न मांगों को उठाया। ज्ञापन में बताया गया कि रायबरेली के मनरेगा ग्रामरोजगार सेवक पिछले20वर्षों से ग्राम पंचायतों में अल्प मानदेय पर कार्यरत हैंवे पूरी निष्ठा औरईमानदारी से सरकार की योजनाओं को आम जनतातक पहुंचाने का कार्य करते हैं। हालांकि, पिछले लगभग नौ माह से उन्हें मानदेय का भुगतान नहींहुआ है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंतदयनीय हो गई है। रोजगार सेवकों ने बताया कि मानदेय न मिलने केकारण उन्हें अपने बच्चों की पढ़ाई, विवाह, परिवार के सदस्यों के इलाज में लगातार संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर कृष्ण शंकर दीक्षित (जिला अध्यक्ष, रायबरेली), अविनाश मिश्रा (महामंत्री, ग्रामरोजगारसेवक), अखलाक अहमद(जीआरएस), राजकुमार मौर्य, योगेश मौर्य, चंद मोहन यादव, वीरेंद्र मौर्य, राकेश सिंह, संजय कुमार शुक्ला, रेखा, सुमिरन, संतराम, शशि, शशिधर त्रिपाठी, गौरव त्रिपाठी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## डीगगेट से होलीगेट तक निकाला मार्च

**मथुरा।** भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत घोषित भारत बंद के तहत अंबेडकर भवन, डीग गेट से होली गेट तक मार्च निकाला गया, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की। मौजूद लोगों ने कहा कि भारत सरकार द्वारा ओबीसी की जातिगत जनगणना कराने की घोषणा करना तथा बाद में ओबीसी जाति का कॉलम हटाना, ओबीसी समाज के साथ धोखाधड़ी है। एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्गों के हित में बनाई गई कमजोर यूजीसी व्यवस्था को न्यायालय के माध्यम से रुकवाना, सरकार की साजिश एवं इन वर्गों के साथ अन्याय है। वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए। ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर के माध्यम से चुनाव कराए जाएं। इस अवसर पर क्षेत्रपाल सिंह निषाद, चैधरी इजरायल मलिक, मोहन सिंह, डॉ. गिरिराज प्रसाद, महताब सिंह, अनस रहमान आदि मौजूद रहे।

## हाईस्कूल में तन, इंटर में नीरज ने किया मथुरा टॉप



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। परिणाम आते ही मथुरा में खुशी की लहर दौड़ गई। जहां हाईस्कूल बलदेव क्षेत्र के मेधावियों का दबदबा रहा, वहीं इंटरमीडिएट में बेटियों ने टॉप-3 में से 2 स्थानों पर कब्जा जमाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मथुरा में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। जिले में कुल 93.27 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल हुए। इस बार टॉप-10 सूची में बलदेव क्षेत्र के जुगसना स्थित शांति हायर सेकेंडरी स्कूल का वर्चस्व रहा। यहां की तनु अग्रवाल ने 600 में से 570 अंक (95 प्रतिशत) प्राप्त कर पूरे जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर गैंगरौली की निक्की (569 अंक) रहीं, जबकि तीसरे स्थान पर पुनः शांति हायर सेकेंडरी स्कूल की सलोनी (566 अंक) ने बाजी मारी। इसके अलावा कक्षा 12वीं में मथुरा का कुल पास प्रतिशत 75.38 रहा। इस परीक्षा में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिले की टॉप-3 सूची में दो पायदान हासिल किए। कोसी के एवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा नीरज और भगवान इंटर कॉलेज नीमगांव के अरबीन खान ने 500 में से 453 अंक (90.60 प्रतिशत) पाकर संयुक्त रूप से जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। एस. एस. दास बाबा इंटर कॉलेज (गुहेता) की छात्रा महेंद्री ने 444 अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान पाया।

## रक्तदान शिविर 24 को

**जौनपुर।** संत निरंकारी मिषन के स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष भी मानव कल्याण हेतु संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के दिन मडियाहूं पड़ाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर जोन स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ है। इस रक्तदान शिविर में रक्तदान करने के लिए जनपद के 43 ब्रांचो से प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक पूरे जोश एवं उत्साह से श्रद्धालु भक्त रक्तदान करेंगे।

# संस्कृति विवि में एग्रीटेक पर होगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

## भारत और विदेशों से प्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल होंगे




जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** संस्कृति यूनिवर्सिटी 24 से 26 अप्रैल तक एग्रीटेक, प्लांट और हेल्थ साइंस पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की मेजबानी करेगा। इस कॉन्फ्रेंस में शिक्षाविद, शोधकर्ता, वैज्ञानिक, इंडस्ट्री एक्सपर्ट, हेल्थकेयर प्रोफेशनल और छात्र एक साथ आकर कृषि, प्लांट साइंस और हेल्थ साइंस के क्षेत्र में हो रहे नए विकास पर चर्चा करेंगे। आयोजन संस्कृति विवि के संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में होगा।

यह तीन-दिवसीय कॉन्फ्रेंस एग्रीटेक, बायोटेक्नोलॉजी, पोषण, सतत विकास और ट्रांसलेशनल साइंस के क्षेत्र में इनोवेशन, इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च और भविष्य के लिए तैयार दृष्टिकोणों पर चर्चा के लिए एक अकादमिक मंच के रूप में काम करेगा। आयोजकों के अनुसार, यह कॉन्फ्रेंस जाने-माने अकादमिक और संस्थागत विद्वानों के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस के मुख्य संरक्षक डॉ. सचिन गुप्ता (चांसलर, संस्कृति यूनिवर्सिटी, मथुरा), डॉ. ए.के. सिंह (वाइस चांसलर, आरएलबी सेंट्रल एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, झांसी) और डॉ. संजय कुमार (चेयरमैन, एग्रीकल्चर साइंटिस्ट्स रिक्रूटमेंट बोर्ड, नई दिल्ली) हैं। इस कार्यक्रम को संरक्षक प्रो. (डॉ.) एम.बी. चेट्टी (वाइस चांसलर, संस्कृति यूनिवर्सिटी, मथुरा) का भी सहयोग प्राप्त होगा। डॉ. एन.एस. राठौड़ (एमपीयूएटी, उदयपुर के पूर्व वाइस चांसलर और आईसीएआर, नई दिल्ली में शिक्षा और इंजीनियरिंग के पूर्व उप महानिदेशक) ह्लवर्तमान संदर्भ में कृषि प्रौद्योगिकी, फसल विज्ञान और मानव स्वास्थ्य का एकीकरणह्ल विषय पर मुख्य भाषण देंगे।

कॉन्फ्रेंस की सेक्रेटेरियल टीम में डॉ. कंचन कुमार सिंह (डीन, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, संस्कृति यूनिवर्सिटी, मथुरा) और डॉ. स्वाति दीक्षित (प्रमुख, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी, संस्कृति यूनिवर्सिटी, मथुरा) शामिल हैं। इस कार्यक्रम में भारत और विदेशों से प्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जिससे अकादमिक जुड़ाव और संस्थागत सहयोग को और मजबूती मिलेगी।

## पुलिस ने एक ईको गाड़ी, 4 टैंकर और 300 लीटर अपमिश्रित तरक्ष पदार्थ व उपकरण किये बरामद

**मथुरा।** थाना जमुनापार पुलिस, रिवार्डिड टीम व आवकारी विभाग तथा जिला पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ढाबे पर टैंकरो से अवैध रुप से एथेनॉल निकालकर पेट्रोल में अपमिश्रित कर बाजार मे बेचने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। आरोपितों के कब्जे से एक ईको गाड़ी व 4 टैंकर व 300 ली. अपमिश्रित तरल पदार्थ व टैंकर से तेल निकालने के उपकरण बरामद किए गये है। जिला पूर्ति अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई थाना जमुनापार पुलिस, रिवार्डिड टीम, आबकारी विभाग और पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर की गई। टीम को जानकारी मिली थी कि ढाबे पर आने-जाने वाले टैंकरों से एथेनॉल निकालकर पेट्रोल में मिलाया जा रहा है और उसे ऊंचे दामों पर बाजार में बेचा जा रहा है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से एक ईको कार (आरजे 05 वाईबी 1624), 4 टैंकर (एचआर 38 एडी 9553, एचआर 38 एडी 4786, एचआर 38 एडी 1674, यूपी 15 एडी 1485) और 300 लीटर अपमिश्रित तरल पदार्थ बरामद किया। इसके अतिरिक्त, टैंकरों से तेल निकालने के उपकरण, पाइप व केन जब्त किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों में ढाबा मालिक ढाबा मालिक भूरा उर्फ मनोज निवासी अलीगढ़, राजेन्द्र प्रसाद उर्फ बबलू निवासी फतेहपुर सीकरी आगरा, ओमपाल निवासी अमरोहा, अंसार निवासी मेरठ, प्रमोद कुमार निवासी बुलंदशहर शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह टैंकर चालकों की मिलीभगत से एथेनॉल निकालकर पेट्रोल में मिलाता था और फिर उसे अधिक कीमत पर बेचता था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना जमुनापार में धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, फरार आरोपी की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी संजीव कुमार ने इस कार्रवाई को मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कदम बताते हुए कहा कि ऐसे अवैध कारोबार पर लगातार नजर रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, ढाबा मालिक भूरा उर्फ मनोज एक शातिर अपराधी है, जिस पर पहले से ही जमुनापार थाने में तेल चोरी और आबकारी अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई को सफल बनाने में निरीक्षक नरेश कुमार थाना जमुनापार, पूर्ति निरीक्षक रविकान्त व सन्तोष कुमार वर्मा, आबकारी निरीक्षक ईशा गोयल व निहान्त यादव, और रिवार्डिड टीम के प्रभारी उ.नि. सावेज चौधरी का विशेष योगदान रहा।

## पेट्रोल की बोतल लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचने की सूचना पर मचा हड़कंप

**मथुरा।** बरसाना के पिसावा गांव में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच पांच रोज पूर्व हुये झगड़े में नामजद दो लोगों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर अन्य को बचाने का आरोप लगाते हुये आज पीड़ित परिवार महिला बच्चों के साथ एसएसपी कार्यालय पर पहुंचा। इसी दौरान पुलिस को खबर लगी कि परिवार के लोगों के पास पेट्रोल से भरी बोतल है जिससे यह आत्मदाह कर सकते हैं। इससे अफरा-तफरी मच गयी। महिला पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पूरी स्थिति पर नियंत्रण के लिये बुला ली गयीं। इस मामले में एसएसपी कार्यालय पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने पीड़ित परिवार के 10 लोगों को हिरासत में लिया है और एसएसपी ने इंस्पैक्टर बरसाना को तलब किया है। गौरतलब हो कि 18 अप्रैल की सुबह रमेश पुत्र गोपाल मजदूरी करने जा रहा था, तभी लगभग 8 बजे दूसरे पक्ष के लोगों ने ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे को लेकर उस पर हमला बोल दिया और बीच बचाव कराने आये परिवार के अन्य सदस्यों पर लाठी-डण्डों से प्रहार किया। इस दौरान तमंचों का प्रयोग हुआ। इस घटना में रमेश की बेटी सुधा, भानवती, पत्नी मीना, बेटा कन्हैया, रामहेत, सुरेश आदि घायल हो गये, इनमें भानवती की दशा अभी भी गंभीर बनी हुयी है। इस मामले में पीड़ित द्वारा 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी जिसमें से दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन चार रोज बाद भी अन्य नामजदों की गिरफ्तारी न होने से असंतुष्ट पीड़ित परिवार की महिलायें और पुरूष आज एसएसपी कार्यालय पहुंचे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि इन लोगों के पास पेट्रोल से भरी बोतल है और यह आत्मदाह जैसी कोशिश कर सकते हैं। इस खबर से पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन में महिला थाने से पुलिस फोर्स और फायर ब्रिगेड को बुला लिया गया। अग्निशमन विभाग के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ किसी भी अप्रिय घटना से निपटने को उपकरणों सहित मौजूद थे। इस बीच जब ये लोग मौके पर पहुंचे तो पुलिस ने इन्हें मुख्य द्वार पर ही घेरकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान इनमें से किसी के दौरान कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं मिला है।

# लक्ष्मीनगर बिजलीघर पर लाठी डंडे लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन



- बिल भरने के बाद भी बार-बार कट रहे हैं कनेक्शन

**मथुरा।** स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली उपभोक्ताओं के लिए जी का जंजाल बनती जा रही है। शहर के यमुनापार क्षेत्र के लक्ष्मी नगर बिजलीघर पर आज स्मार्ट मीटर से जुड़ी दिक्कतों को लेकर स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में लाठी-डंडे लेकर बिजलीघर पहुंच गईं, जिससे वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

गुरुवार सुबह जैसे ही तिवारीपुरम और आसपास के इलाकों से करीब 50-60 लोग बिजलीघर पहुंचे, वहां का माहौल तनावपूर्ण हो गया। महिलाओं के आक्रामक रुख और उनके हाथों में डंडे देख विद्युत अधिकारियों के पसीने छूट गए। प्रदर्शनकारियों ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से ही तकनीकी खामियां शुरू हो गई हैं। तिवारीपुरम निवासी प्रेमलता सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि समय पर बिजली बिल का भुगतान करने के बावजूद उनके कनेक्शन बार-बार ऑटोमेटिक कट रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब वे इस समस्या की शिकायत लेकर दफ्तर आते हैं, तो अधिकारी उनकी बातों को अनसुना कर देते हैं। हंगामे की गंभीरता को देखते हुए बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली बहस के बाद, अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जिन मीटरों में तकनीकी समस्या आ रही है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बदला जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद ही उपभोक्ता शांत हुए और वहां से रवाना हुए। प्रदर्शन में मुख्य रूप से चंद्रवती, ललिता, हेमलता, मोहित गुप्ता और कुसुम सहित दर्जनों स्थानीय लोग शामिल रहे।

# मथुरा में फिर लहराया विद्या का परचम



- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का रिजल्ट 100% छात्रों ने रचा कीर्तिमान

**मथुरा।** शहर के शिक्षा जगत में एक बार फिर उत्कृष्टता की मिसाल कायम करते हुए कृष्ण चंद्र गांधी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, माधवकुञ्ज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर न केवल अपने अभिभावकों का मान बढ़ाया, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रबंधक कामता प्रसाद गुप्ता एवं प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों और आचार्यों को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणामों की परंपरा कायम रहेगी और छात्र नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे।

## वृंदावन की ट्रैफिक व्यवस्था सुधार के लिए एडीजी ने आगरा में की बैठक

**मथुरा।** वृंदावन में नागपुर बन चुकी ट्रैफिक व्यवस्था के सुधार के लिए गुरुवार को आगरा में एडीजी ने आगरा स्थित अपने कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वृंदावन के व्यापारियों के अलावा मथुरा के अलावा पुलिस अधिकारी मौजूद रहे इस। बैठक में व्यापारियों ने यातायात व्यवस्था में सुधार के संदर्भ में अपने सुझाव दिए तो एडीजी अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने अधिकारियों को व्यवस्था में जल्द से जल्द सुधार करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा परिक्षेत्र की अध्यक्षता में मथुरा के वृंदावन क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से आगरा जोन कार्यालय में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में ट्रैफिक को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डेढ़ घंटे तक चली इस बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था से संबंधित तमाम मुद्दों पर घंटा से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पांडे, मथुरा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार एसपी ट्रैफिक मथुरा राजेश तिवारी व अन्य संबंधित अधिकारिक मौजूद रहे।



## जमीनी विवाद में पिता की हत्या करने वाला आरोपी बेटा मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के बढ़ाईपूरा की ठार में जमीनी विवाद के चलते अपने ही पिता की हत्या करने वाले आरोपी बेटे को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि सुघर सिंह (80) पुत्र लटूरी सिंह की 19/20 अप्रैल की रात उनके छोटे बेटे जर्मन सिंह ने जमीनी विवाद में सिर पर भारी वस्तु से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद मृतक के बड़े बेटे मलखान सिंह ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वारदात के बाद से आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। बुधवार देर रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नगला जवाहर की पुलिया के पास बंबे की पटरी पर छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने तमंचे से फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक गोली आरोपी के पैर में लग गई और वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा, एक कारतूस और घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल बरामद हुआ। मुठभेड़ की सूचना पर एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी व सीओ अमरीश कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार उपनिरीक्षक मनमोहन शर्मा रोहित कुमार ऋषभ हेड कांस्टेबल उदयप्रताप सिंह रामकिशोर दिलीप कुमार अनिल गुप्ता राजीव भाटी व अरविंद कुमार शामिल रहे।

# डीएम-एसएसपी ने किया होमगार्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने आगामी 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक होने वाली होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा को सुचिता पूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न करने के लिए जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने महात्मा गांधी बालिका डिग्री कॉलेज एवं एम0जी0 बालिका इंटर कॉलेज का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता जांची गई, कॉलेज में स्थापित कंट्रोल रूम का बारीकी से निरीक्षण किया गया, ताकि परीक्षा की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके, इस दौरान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने क्लास रूम की व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं को भी परखा, जनपद में इस परीक्षा के संचालन हेतु कल 6 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें एमजी महिला डिग्री कॉलेज में 480 अभ्यर्थी महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में 480 अभ्यर्थी राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 240 अभ्यर्थी, सी0एल0जैन डिग्री कॉलेज में 240 अभ्यर्थी दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में 384 अभ्यर्थी जबकि एसआरके डिग्री कॉलेज में 384 अभ्यर्थी परीक्षा देंगें। इस प्रकार जनपद में कुल 2208 अभ्यर्थी इस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होंगे, यह परीक्षा प्रतिदिन दो पालियो में संपन्न होगी, प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जबकि द्वितीय पाली अपराह्व 3 बजे से 5 बजे तक संचालित होगी, आज विभिन्न केंद्रों पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, इस दौरान सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक के साथ समन्वय बैठक की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित केंद्र व्यवस्थापकों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की परीक्षा को स्वच्छ निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करना हमारी प्राथमिकता है, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, परीक्षा केंद्र पर तैनात स्टाफ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि केंद्र पर आने वाले परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, सुरक्षा के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए, इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी और जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मंडलायुक्त ने किया निर्माणाधीन सेतु मार्ग का स्थलीय निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** आयुक्त आगरा मण्डल आगरा नगेन्द्र प्रताप द्वारा शिकोहाबाद के अंतर्गत ग्राम रामदासपुरा के पास निमार्णाधीन सेतु पहुंच मार्ग तथा सुरक्षात्मक कार्यों का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान आयुक्त को अवगत कराया गया कि रुपए 6 हजार 273.59 लाख की इस पुनरीक्षित लागत वाली परियोजना की अब तक की भौतिक प्रगति 72 प्रतिशत है और वित्तीय प्रगति 74 प्रतिशत रही है, सेतु की कुल लंबाई 477.75 मीटर है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान पाया कि सेतु के सभी 10 वेल फाउंडेसन में से 9 का कार्य पूर्ण हो चुका है, 08 टियर का कार्य पूर्ण हो चुका है, सेतु के कुल 27 बीमों में से 21 का कार्य पूर्ण हो चुका है, आयुक्त ने शेष 6 बीमों और 9 डैक स्लैब के कार्य को गति देने के साथ ही नदी में रास्ता बनाकर बीम लांचिंग का कार्य तत्काल प्रारम्भ करने के निर्देश दिए, एवं कार्यदायी संस्था उ0प्र0राज्य सेतु नि0 लि0 को निर्देश दिए कि परियोजना के समस्त कार्यों को दिसम्बर 2026 के पहले हर हाल में मानक और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लिया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके।

## एक्सप्रेस वे पर पुलिसकर्मी की गाड़ी में मारी टक्कर, बाल बाल बचा पुलिसकर्मी का परिवार

**फिरोजाबाद।** थाना नगला खंगर क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर दो कारों की भिड़ंत हो गई। हादसे में पुलिसकर्मी की कार बुरी तरह से क्षतिगस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे में पुलिसकर्मी का परिवार बाल बाल बच गया। पीड़ित पुलिसकर्मी ने कार चालक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आरक्षी पारसनाथ निवासी थाना फतेहाबाद कमिश्नरेट आगरा 22 अप्रैल को अपने पूरे परिवार के साथ कार से कठफोरी लखनऊ एक्सप्रेसवे कट से आगरा के लिए जा रहा था। जब पुलिसकर्मी की गाड़ी आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के थाना नगला खंगर क्षेत्र के 71.200 किमी पर पहुंची ही थी कि दूसरी कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान पुलिसकर्मी की पत्नी, मौसी बाल बाल बच गयें। पुलिसकर्मी की कार हादसे की शिकार होने से अफरा तफरी मच गई। हादसे की सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त गाड़ियों को हटाकर थाने पहुंचवाया। पुलिसकर्मी ने कार चालक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

## आवास योजना को लेकर हंगामा, अधिकारी नदारद मिलने पर जनता का फूटा गुस्सा

**फिरोजाबाद।** मक्खनपुर नगर पंचायत कार्यालय पर बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष इकट्ठा होकर पहुंचे और जमकर नाराजगी जताई। लोगों का आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्होंने एक साल से अधिक पहले आवेदन किया था, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि वे लगातार नगर पंचायत के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें इधर-उधर भेज दिया जाता है। कभी शिकोहाबाद एसडीएम के पास भेजा जाता है, तो वहां से जवाब मिलता है कि नगर पंचायत से फाइल ही नहीं आई। कई बार सर्वे होने के बावजूद अब तक किसी को आवास का लाभ नहीं मिला। स्थिति तब और बिगड़ गई जब लोग सुबह कार्यालय पहुंचे तो वहां न कोई बाबू मौजूद था, न कोई अधिकारी। यहां तक कि नगर पंचायत अध्यक्ष गीता देवी और ईओ भी कार्यालय में नहीं मिले। क्षेत्रीय रिपोर्टर भी पहुंचे उनको भी ऑफिस में कोई बाबू ना कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं मिला। आक्रोशित लोग जिलाधिकारी फिरोजाबाद के कार्यालय पहुंच गए और अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों में महिलाएं और दिव्यांग भी शामिल थे, जिन्होंने कहा कि उनके घरों में छत तक नहीं है, कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत में न तो फोन उठाए जाते हैं और न ही कोई सुनवाई होती है, जिससे पूरी व्यवस्था राम भरोसे चलती नजर आ रही है।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन ग्लास म्यूजियम व ऑडिटोरियम का औचक निरीक्षण किया



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में निमार्णाधीन ग्लास म्यूजियम और ऑडिटोरियम का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया, जिलाधिकारी ने ऑडिटोरियम में बॉल पेंटिंग का अवलोकन किया और उसकी कलात्मकता की सराहना की, उन्होंने ऑडिटोरियम में अत्याधुनिक साउंड सिस्टम स्थापित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया, जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए की ऑडिटोरियम के अवशेष कार्य को हर हाल में मई के अंत तक पूरा कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सूचना पर्यटन केंद्र का भी भ्रमण किया, उन्होंने ऑडिटोरियम और ग्लास म्यूजियम तक पहुंचने के लिए मार्ग को बेहतरीन तरीके से निर्मित करने के निर्देश दिए, जिससे यहां आने वाले आगंतुकों को कोई असुविधा न हो, जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य मार्ग सुदृढ़ीकरण के दौरान परिसर में स्थित पेड़ों को कदापि न काटा जाए, उन्होंने विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया, मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वह इस महत्वपूर्ण कार्य का स्वयं निरीक्षण और परीक्षण करते रहें।

## आयुक्त आगरा मंडल आगरा ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियों का लिया जायजा

**फिरोजाबाद।** आगामी होमगार्ड भर्ती परीक्षा को शुचितापूर्ण, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को मण्डलायुक्त आगरा नगेंद्र प्रताप ने जिलाधिकारी रमेश रंजन के साथ राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त को अवगत कराया गया कि उक्त केंद्र पर कुल 240 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। गर्मी के मौसम को देखते हुए मण्डलायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा कि केंद्र पर आने वाले परीक्षार्थियों के लिए पर्याप्त छाया शेड और शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा न हो। मण्डलायुक्त ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षाओं में जाकर सिटिंग प्लान बैठने की व्यवस्था को भी देखा और निर्देश दिए कि मानक के अनुरूप पर्याप्त दूरी और अनुशासन बनाए रखा जाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर उप जिलाधिकारी टूण्डला जिला विद्यालय निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# अर्थव्यवस्था की नाकेबंदी

अमेरिका, इजराइल और ईरान की जंग में वैश्विक अर्थव्यवस्था की नाकेबंदी हो गयी है। व्यापारिक नौवहन के प्रमुख मार्ग होर्मुज स्ट्रेट को पहले ईरान ने हथियार की तरह इस्तेमाल किया और अब अमरीका भी इसमें कूद गया है। कुल मिलाकर होर्मुज की नाकेबंदी में वैश्विक अर्थव्यवस्था के समझ बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। हालांकि इस युद्ध में अमरीका को भी सबक मिला है और ईरान भी युद्ध शायद ही चाहता हो, लेकिन अगर जल्द ही युद्धविराम पर कोई उपयुक्त समझौता नहीं हुआ, तो दुनिया महंगाई और मंदी की गिरफ्त में फंस सकती है। बहरहाल अमेरिका द्वारा अप्रत्याशित रूप से होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी करने के निर्णय के बाद भविष्य की राह अनिश्चित नजर आ रही है। जब दुनिया की सबसे शक्तिशाली नौ सेना वैध समुद्री सीमाओं के करीब खाड़ी की सीमाओं से काफी दूर, ईरानी पोतों का पीछा कर रही है तो इस गतिरोध को दूर कर पाना मुश्किल नजर आ रहा है। ईरान ने भी अमेरिका की बंदी की प्रतिक्रिया में होर्मुज स्ट्रेट को एक बार खोलकर दोबारा बंद कर दिया है। ऐसे में राजनीतिक और आर्थिक हालात दो सप्ताह पहले युद्ध विराम के शुरूआती समय की तुलना में कहीं अधिक बिगड़ चुके हैं। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अमेरिका को गतिरोध दूर करने के लिए एक उपयुक्त हल तलाश करना होगा। युद्ध विराम की अवधि बढ़ा कर लेकिन होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी करके अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ईरानी सत्ता प्रतिष्ठान में कथित मतभेद पर दांव लगा रहे हैं ताकि ईरान के वार्ताकारों को बात चीत के लिए दोबारा राजी किया जाये। हालांकि अब तक इस कदम के पीछे का तर्क समझ से परे है। यदि, जैसा कि रिपोर्ट किया गया है, शक्तिशाली इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ( आईआरजीसी ) सक्रिय रूप से राजनीतिक नेताओं को दरकिनार कर रही है, तो साझा आधार खोज पाना कठिन है। अपनी




प्रकृति से ही ईरान की सर्वोच्च शासकीय एजेंसी होने के कारण, आईआरजीसी राजनीतिक नेतृत्व की तुलना में कहीं अधिक कठोर होगी और अमेरिका की चुनौतीपूर्ण शर्तों यानी यूरेनियम संवर्धन पर रोक और हमास व हिज्बुल्लाह जैसे सहयोगी समूहों के हथियारविहीन होने को स्वीकार करने में अनिच्छुक रहेगी। इसलिए बहुत कुछ लेबनान और इजरायल के बीच अमेरिका-प्रायोजित शांति वार्ताओं पर निर्भर करता है। इसके अलावा, अमेरिकी नाकाबंदी ईरान की निर्यात आय और खाद्य पदार्थ, अनाज तथा दवाइयों जैसे आवश्यक आयातों को निस्संदेह सीमित करेगी, जिससे उसके लोगों का कष्ट बढ़ेगा। वास्तव में, संघर्ष शुरू होने के बाद भी देश ने अपना तेल निर्यात जारी रखा और ऊंची कीमतों का लाभ उठाया। होर्मुज स्ट्रेट से पारगमन शुल्क लगाने के साथ-साथ, ईरान ने एक तरह का बफर तैयार कर लिया है। मार्च में, उसने पिछले डेढ़ वर्ष में अपनी पांचवीं सबसे ऊंची आय दर्ज की। इसके अलावा, दशकों से बढ़ती पाबंदियों ने ईरानी जनता को कठिनाइयों के प्रति अभ्यस्त बना दिया है। इस स्थिति में, एक और नाकाबंदी झेलना उनके लिए बहुत कठिन नहीं होना चाहिए। इतना कष्ट झेलने के बाद, ईरानी शायद इस समय पीछे हटने के लिए तैयार न हों। इस बीच, दुनिया ईंधन की कमी के कारण विनाशकारी आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से जूझ रही है। तेल की कीमतें, जो युद्ध विराम की घोषणा के समय कुछ हद तक स्थिर हुई थीं, फिर से बढ़ गईं जब अमेरिकी नौ सेना ने एक ईरानी झंडे वाले मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पहले ही 2026 की आर्थिक वृद्धि का अनुमान 3.3 फीसदी से घटाकर 3.1 फीसदी कर दिया है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह आकलन भी आशावादी प्रतीत होता है। लेकिन आर्थिक प्रगति से भी बड़ी समस्या यह है कि अगर ऊर्जा आपूर्ति के मार्ग बाधित रहेंगे, तो भारत जैसे देश में तेल, गैस के साथ उर्वरक संकट भी पैदा हो सकता है। इसलिए सरकार को वैकल्पिक उपाय या प्लान-बी पर भी काम करना चाहिए।

## विचार

कोई भी व्यक्तिजब तक किसी वस्तुके लिए श्रम नहीं करेगा , तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है।कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है,उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं औरवह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

# नागरिकों का संवैधानिक हक न हो बाधित

नरेंद्र शर्मा

भारत के संविधान की मूल पांडुलिपि पर चित्रण नंदलाल बोस ने किया था। उनके 88-वर्षीय पोते सुप्रबुद्धा सेन का नाम एसआईआर ( विशेष गहन पुनरीक्षण ) के दौरान मतदाता सूची से हटा दिया गया था। साथ ही सेन की 82-वर्षीय पत्नी दीपा सेन व केयरटेकर चक्रधर नायक का नाम भी मतदाता सूची से काट दिया गया था। यह तीनों उन 34 लाख लोगों में शामिल थे, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश द्वारा पश्चिम बंगाल में स्थापित ट्रिब्यूनलों में अर्जी लगायी थी कि वह भारत के वैध मतदाता हैं, उनका मतदाता सूची से नाम हटाया जाना गलत है। इसलिए उनका नाम फिर से मतदाता सूची में जोड़ा जाये। गौरतलब है कि एसआईआर में पश्चिम बंगाल के 7.6 करोड़ मतदाताओं को घटाकर 6.82 करोड़ कर दिया गया है। लेकिन ट्रिब्यूनलों ने 34 लाख अर्जियों में से मात्र 139 वोटर्स को ही क्लियर किया है, जिनमें सेन, उनकी पत्नी व केयरटेकर भी शामिल हैं। क्लीयरेंस के बावजूद सेन अपनी बीमारी की वजह से 23 अप्रैल 2026 को पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान विश्व भारती स्टाफ क्लब, शांति निकेतन में मतदान न कर सके। ट्रिब्यूनलों ने 510 अपीलों को इस आधार पर ठुकराया कि अर्जियां गलत तरीक से भरी गई थीं और प्रार्थियों को मतदाता बनने के लिए फॉर्म 6 भरना होगा।

बहरहाल, 34 लाख अपीलों में से ट्रिब्यूनलों ने अभी तक सिर्फ 147 पर ही अपना निर्णय सुनाया है, जिनमें से 139 को मतदान करने का अधिकार दिया गया है, जबकि शेष 8 को डिलीट कर दिया गया है और वह पुनःमतदाता बनने के लिए फॉर्म 6 भी नहीं भर सकते, उन्हें कलकत्ता हाईकोर्ट की शरण लेनी होगी। यह लोकतंत्र का मजाक नहीं तो और क्या है कि 34 लाख अर्जियों में से सिर्फ 147 पर फैसला लिया जाता है और वह भी मतदान से केवल एक दिन पहले? यह तो लोकतंत्र को ही बर्बाद करने वाली स्थिति प्रतीत होती है। एक तो बहुत कम समय देकर जल्दबाजी में एसआईआर करायी गयी, जिससे अपर्याप्त ट्रेनिंग प्राप्त बीएलओ पर जबरदस्त मानसिक व शारीरिक दबाव पड़ा कि अनेक हृदय

> भारत के लोकतंत्र की मजबूती का आधार ही यही है कि प्रत्येक 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के वैध नागरिक को मतदान का अधिकार है। लेकिन वैध नागरिक ही अगर मतदान से वंचित हो जायेंगे, तो हमारा लोकतंत्र कैसे मजबूत होगा। इस तथ्य को हल्के में नहीं लिया जा सकता।




रोगी हो गये और कई ने आत्महत्या तक की। इस लचर व्यवस्था के कारण स्तरीय एसआईआर का होना संभव ही नहीं था और मनमाने ढंग से लाखों वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब करना भी गलत है। नतीजतन विरोध-प्रदर्शन भी हुए और अदालतों को भी हस्तक्षेप करना पड़ा। शिकायतों को दूर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल स्थापित करने का आदेश दिया, लेकिन उसका भी नतीजा आपके सामने है।

### एसआईआर प्रक्रिया

अतः यह आश्चर्य नहीं है कि 22 अप्रैल 2026 को कानूनी चुनौतियां तीव्र हो गईं। कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई कि 19 ट्रिब्यूनलों के कामकाज में हस्तक्षेप किया जाये और यह सार्वजनिक किया जाये कि उनकी मानक कार्य प्रक्रिया क्या है? जिसे हाईकोर्ट के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने तैयार किया था। लेकिन कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने यह कहते हुए जनहित याचिका सुनने से इंकार कर दिया कि ट्रिब्यूनलों की स्थापना सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर की गई थी, इसलिए याचिकाकर्ताओं को सुप्रीम कोर्ट में ही दस्तक देनी चाहिए। बहरहाल, 22 अप्रैल 2026 को जो डाटा जारी हुआ है, उससे मालूम होता है कि एसआईआर के तहत मतदाता सूचियों से नाम हटाये जाने का मुद्दा कितना गंभीर है। मसलन, न्यायिक समीक्षा के बाद मुर्शिदाबाद में 74,775 मतदाताओं के नाम हटाये गये और एसआईआर के विभिन्न चरणों में यह संख्या 91,712 थी। लेकिन ट्रिब्यूनल ने इनमें से सिर्फ एक प्रार्थी, धुलयान नगर पालिका के अध्यक्ष मुहम्मद इन्जमुल इस्लाम के मतदान अधिकार को पुनःस्थापित किया है। यह लोकतंत्र के साथ अच्छा बर्ताव कदापि नहीं कहा जा सकता है। भारत के लोकतंत्र की मजबूती का आधार ही यही है कि प्रत्येक 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के वैध नागरिक को मतदान का अधिकार है। लेकिन वैध नागरिकों को ही उनके मतदान अधिकार से वंचित किया जाना खतरे का संकेत है। इस तथ्य को हल्के में नहीं लिया जा सकता। अगर इस चलन पर तुरंत प्रभाव से विराम न लगाया गया तो भारत में लोकतंत्र ही खतरे में पड़ जायेगा। एक नागरिक का मतदाता सूची से नाम मनमाने ढंग से हटा दिया जाता है और फिर उससे उम्मीद की जाती है कि वह अदालतों के चक्कर लगाये फिर से मतदाता बनने के लिए। इस कानूनी लड़ाई के लिए कितने नागरिकों के पास पैसा व समय होता है? गरीब देश में यह अन्याय नहीं तो और क्या है?

समस्या सिर्फ यही नहीं है। पश्चिम बंगाल के मोथाबरी में कुछ लोगों ने लगभग एक माह पहले सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था कि उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये हैं। उनके नाम तो मतदाता सूची में जोड़ दिये गये, लेकिन अब वह शायद मतदान ही न कर पायें, क्योंकि प्रदर्शन की जांच कर रही एनआईए का उनके भीतर इतना अधिक डर बैठा हुआ है कि वह अपने चुनाव क्षेत्र से ही फरार हैं। गौरतलब है कि 1 अप्रैल 2026 की शाम को लगभग 4 बजे प्रदर्शनकारी पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में कालियाचक 2 ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिस के बाहर एकत्र होने लगे। वे गुस्से में थे, क्योंकि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये थे। प्रदर्शनकारियों ने पहले यह मांग की कि दफ्तर के अंदर जो न्यायिक अधिकारी मौजूद हैं, उनसे उनकी मुलाकात करायी जाये। जब उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी गई तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। भीड़ ने बिल्डिंग का घेराव कर लिया और सात न्यायिक अधिकारी उसके अंदर ट्रैप हो गये, जिनमें तीन महिलाएं भी थीं। समय गुजरने के साथ प्रदर्शन तीव्र होता गया। प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे 12 ( कोलकाता-सिलीगुड़ी मार्ग ) को भी ब्लॉक कर दिया, जिससे ट्रैफिक बाधित हुआ और प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बढ़ता गया। देर रात को स्थिति नियंत्रण में तो आ गई थी, लेकिन इस पर सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी को ध्यान में रखते हुए जांच एनआईए को सौंपी गई। एनआईए की जांच जैसे ही तेज हुई तो प्रदर्शनकारियों में अपनी गिरफ्तारी का भय व्याप्त होने लगा। वे अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर होने लगे।

सिंगापारा की एक अधेड़ महिला के अनुसार, 'हमने अपने मर्दों से कहा कि वह यहां न रुकें। हमें मालूम है कि वह निर्दोष हैं, लेकिन सुनेगा कौन? अगर उन्हें ( पुलिस द्वारा ) उठा लिया गया तो हमारी देखभाल कौन करेगा? मेरे पति का नाम मतदाता सूची पर पुनः दर्ज हो गया है, लेकिन वह वोट डालने के लिए वापस नहीं आयेगा।' जमीनी रिपोर्ट से मालूम होता है कि मोथाबरी के अनेक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में वयस्क पुरुष अपने घरों से फरार हैं। हालांकि इस संदर्भ में कोई आधिकारिक संख्या नहीं हैं, लेकिन वीरान चौराहे, बंद दुकानें और भयावह खामोशी अपनी दास्तान खुद बयान कर रही है। इन लोगों के मतदान न करने से किस पार्टी को फायदा होगा और किस पार्टी को नुकसान, यह तो मुद्दा ही नहीं है, सवाल यह है कि मतदाता सूची से किसी का नाम हटाकर या भय के कारण किसी का मतदान न कर पाना, लोकतंत्र को मजबूत करेगा या कमजोर? इस प्रश्न पर गहन मंथन की आवश्यकता है।

## सोशल मीडिया

लखीमपुर खीरी में मार्ग दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये गये हैं। सीएम योगी.



मध्यमग्राम रोड-शो में यह भगवा रंग बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार का आक्रोश है, प्रतिशोध है। टीएमसी जा रही है और भाजपा बंगाल में आ रही है। अमित शाह.



बच्चे को लेकर सिलेंडर के लिए जूझने वाली मां का संघर्ष और कोई नहीं जान सकता है, खासकर वो तो बिल्कुल नहीं जो न परिवार में विश्वास करते है और न ही पारिवारिक रिश्तों में। अखिलेश यादव.



# गंभीर बीमारी की वजह बन सकती है दांतों की गंदगी



स्वास्थ्य

डॉ.माजिद अलीम

द लैंसेट रिजनल हेल्थ, साउथ ईस्ट एशिया में ओरल हेल्थ से संबंधित प्रकाशित एक लेख में इस बात की चर्चा की गई है कि हमें अपनी दांतों की सफाई के प्रति बेहद सजग और सचेत होना चाहिए। क्योंकि इसमें बरती गई लापरवाही कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी की वजह बन सकती है। ओरल हेल्थ और कैंसर के खतरे के बीच इस लेख में सिर और गर्दन के कैंसर के मामलों को इससे जोड़कर बताया गया है।

हम लोग अकसर मुंह की साफ-सफाई को या दांतों के स्वास्थ्य को सांस संबंधी बीमारियों से जोड़कर देखते हैं। हकीकत यह है कि कैविटी और मसूड़ों से जुड़ी बीमारियां और दांतों के रख-रखाव में बरती गई लापरवाही के कारण कैंसर और गंभीर दूसरी बीमारियों की वजह हो सकती है। इस लेख के आधार पर ही एम्स द्वारा लोगों से अपील की गई है कि सुबह उठकर प्रतिदिन अपने दांत साफ करने को लेकर स्कूलों में भी बच्चों को इस बारे में सजगता बरतने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। आइये हम आपको बताते हैं कि किस तरह हम ओरल हेल्थ को लेकर सजग रह सकते हैं।

**दिन में दो बार ब्रश करें**

सुबह सोकर उठने के बाद और रात को सोने से पहले दांतों की सफाई जरूरी है। रात को ब्रश करने से उनमें दिनभर में जमा होने वाला प्लाक, खाने के कण दांतों में जमने से दांतों की गंदगी से होने वाली बीमारियों के खतरे कम हो जाते हैं।

**टंग क्लीनर न भूलें**

दांतों की सफाई के साथ-साथ प्रतिदिन जीभ की भी सफाई करें ताकि पूरा मुंह साफ रहे। जीभ पर बैक्टीरिया जमा होने से सांसों की दुर्गंध और जीभ पर अनेक बैक्टीरिया जमा हो जाते हैं, जिनकी सफाई जरूरी है।

**प्रतिदिन फ्लॉस करें**

फ्लॉसिंग का मतलब दांतों और मसूड़ों के बीच की साफ-सफाई फ्लॉसिंग से फ्लॉस का जमाव कम होता है और कैविटी और मसूड़ों की बीमारियां कम होती हैं।

**माउथ वॉश**

दिन में कम से कम एक बार माउथ वॉश से मुंह की सफाई करें, यह हमारे दांतों की सुरक्षा और सांसों की बदबू को दूर करता है। खाना खाने के बाद जब हमारे मुंह में भोजन के कण लंबे समय तक बने रहते हैं तो इससे सांसों में दुर्गंध पैदा होती है, इसलिए माउथ वॉश का इस्तेमाल करें।

**ब्रश करने की सही तकनीक अपनाएं**

जल्दबाजी में ब्रश करने से भोजन के कण दांतों में ही फंसे रह जाते हैं, जिससे उनमें प्लाक बनता है। नरम ब्रिसल वाले ब्रुश से सर्कुलर मोशन में लगभग दो मिनट तक मुंह की सफाई करनी चाहिए। दांतों को तेजी से न रगड़ें क्योंकि इससे उनके इनेमिल को नुकसान पहुंचता है और मसूड़े खराब होते हैं।

**फ्लोराइड युक्त टूथ पेस्ट चुनें**

फ्लोराइड युक्त टूथ पेस्ट दांतों के इनेमिल की रक्षा करता है और उन्हें गिरने से बचाता है। अपने टूथ पेस्ट का इस्तेमाल करते हुए ब्रांड और फ्लेवर की बजाय फ्लोराइड युक्त पेस्ट का इस्तेमाल करें।

**जमकर पानी पीएं**

दिन में 8 से 10 गिलास जमकर पानी पीएं ताकि दांतों में जमा भोजन के कण पानी के साथ मिल सकें और लार बने। क्योंकि मुंह में बनने वाले और हमारे दांतों को नुकसान पहुंचाने वाले एसिड के लिए यह सुरक्षा कवच है।

**एसिडिक फूड और अधिक चीनी का प्रयोग न करें**

सोडा, चाय और सिट्रिस यह दांतों की बाहरी परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इनको कम से कम लें और मीठा या सोडा लेने के बाद पानी पीएं।

**डॉक्टर के पास नियमित जांच के लिए जाएं**

हर छह महीने के बाद अपने दांतों की जांच करवाएं और किसी प्रोफेशनल डेंटिस्ट से क्लीनिंग करवाएं। क्योंकि डेंटिस्ट दांतों संबंधी बीमारियों को समय रहते इनसे बचने के लिए सुझाव दे सकते हैं। स्वस्थ दांत हमारे व्यक्तित्व में चार चांद लगाते हैं और अस्वस्थ दांत बीमारी और परेशानी का कारण बनते हैं। इसलिए अपने दांतों उचित ख्याल रखिए और इनको स्वस्थ बनाये रखने के लिए वह हर उपाय करें, जो दंत चिकित्सक बतायें।

# आदर्श चरित्र

अंतर्दृष्टि

सत्संग का अर्थ है सम्भ्रांत, आदर्श चरित्र, तत्वदर्शी मनीषियों की संगति, सानिध्य और शिक्षा का अवगाहन। ऐसे मनीषी आज बहुत ही कम हैं। जो हैं वे कार्य में व्यस्त रहने के कारण व्यक्तिगत सत्संग क लिए समय नहीं दे पाते। ऐसी दशा में आत्म निर्माण संबंधी प्रवचनों की जहां व्यवस्था हो वहां पहुंचा जा सकता है। महापुरुषों के ग्रंथ भी सत्संग का ही काम दे सकते हैं। वे मनीषी भले ही हमसे दूर हों या स्वर्गवासी हो चुके हों तो भी उनके विचार उनके लिखे ग्रंथ हमें सदा प्रस्तुत मिलेंगे और वे हमें सत्संग का लाभ देते रहेंगे। आज सत्संग के नाम पर निराशावादी भाग्यवादी पलायनवादी अतिवादी विचारधारा देने वाले साधु बाबाजी बहुत हैं। इन विचारों से भ्रम जंजाल ही बढ़ता है और उसके प्रभाव से व्यक्ति एक प्रकार से निकम्मा ही बन जाता है। इसलिए ऐसे सत्संग को कुसंग मानकर उससे बचते रहना ही उचित है। चिंतन और मनन के बिना पुस्तक बिना साथी का स्वाध्याय सत्संग ही है। अपने आप अपनी स्थिति पर अपनी त्रुटियों और दुर्बलताओं पर विचार करके, बुराइयों को छोड़ने और अच्छाइयों को बढ़ाने के लिए अकेले में सोच विचार कराना चिंतन है और उत्थान पथ पर अग्रसर करने वाली सतशिक्षा के महत्व एवं माहात्म्य पर विस्तारपूर्वक सोचना एवं उसी ढांचे में अपने को ढालने की योजना बनाना मनन है। चिंतन और मनन करते रहने वाला मनुष्य अपनी बौद्धिक चरित्र और लौकिक दुर्बलताओं को आत्मनिरीक्षण एवं आत्मा आलोचनाओं के आधार पर भली प्रकार जान सकता है और जिस प्रकार रोग का निदान होने पर चिकित्सा सरल हो जाती है। उसी प्रकार अपनी त्रुटियों को जानने वाला उन्हें सुधारने का उपाय भी ढूंढ ही निकालता है। रात्रि को सोते समय दिन भर के भले-बुरे विचारों और कार्यों का लेखा-जोखा लेना चाहिए। जीवन की वास्तविक सम्पत्ति समय ही है। नियमित कार्य्रम बनाकर अपने बहुमूल्य समय का सदुपयोग करने की कला जिसे आ गयी उसने सफलता का रहस्य समझ लिया। रात को रोते समय दिन भर के विचारों और कार्यों की भलाई-बुराई का परीक्षण करके यह देखना कि आज दिन का कितना सदुपयोग अपव्यय एवं दुरुपयोग हुआ। इसी प्रकार प्रातःकाल उठते समय दिन भर का कार्यक्रम बनाना तथा पिछले दिन की बात को स्मरण रखते हुए जीवन के अपव्यय एवं दुर्व्यय को बचाकर आधिकारिक सदुपयोग की योजना बनाई जाये। नित्य डायरी रखकर भी इस प्रकार आत्म निरीक्षण एवं आत्म निर्माण का आयोजन करते रहा जा सकता है।

# जंगल में गधे का प्रवचन

व्यंग्यलोक

जंगल में एक गधा धार्मिक प्रवचन देने का धंधा किया करता। एक चालाक भेड़िया उसका प्रधान धर्म चेला हुआ करता। शाम के समय जब उल्लू अपने कोटर से बाहर निकल कर एक मीठी सियासी तान छेड़ रहा था, तब गधे ने भेड़िए को अपने पास बुलाया। उसे अधर्म और अनीति के आसन पर बिठाया और धर्माचरण के लिए एक कहानी का अंश सुनाया। हे प्रिय चतुर चालाक भेड़िशिष्य श्रेष्ठी! सुन! एक छोटी-सी धार्मिक कहानी मैं पढ़ता था। चतुर लोगों ने धर्म को अंधा बना दिया है। इसलिए अब धर्म जन्मांध होने लगा है। वह जहर के खेत बोने लगा है। अंधा धर्म और उसका एक धार्मिक आस्थावान आंख वाला मित्र एक कुर्सी के लिए संवैधानिक मूल्यों को पार करते थे। वे दोनों अलग-अलग कुर्सी यात्रा पर निकले थे, रास्ते में मिलना हो गया और उस धार्मिक आस्थावान मित्र ने उस अंधे धर्म को अपने साथ ले लिया। वे कुछ दिन साथ-साथ चले, उनमें मैत्री घनी हो गई। एक दिन सुबह अंधा धर्म पहले उठ गया, सुबह उसकी नींद पहले खुल गई। उसने टटोलकर अपनी सियासी पार्टी के झंडे वाली लकड़ी ढूंढ़ी। चुनावों की रात थी और वोटिंग के दिन थे। लकड़ी तो उसे नहीं मिली। एक पुराने मुद्दों का सांप पड़ा हुआ था। यह नए चुनावों के मारे एकदम सिकुड़कर कड़ा हो गया था। उसने उसे उठा लिया। उसने टीवी डिबेट को धन्यवाद दिया कि मेरी पार्टी के झंडे की लकड़ी तो खो गई, लेकिन उससे बहुत ज्यादा बेहतर, बहुत प्रभावी और जनता में तनाव पैदा करने वाली सुंदर लकड़ी तुमने मुझे दे दी। उसने टीवी डिबेट को धन्यवाद दिया कि तुम बड़ी कृपालु हो। उसने उसी लकड़ी से अपने आंख वाले आस्थावान मित्र को धक्का दिया और उठाने की कोशिश की कि उठो, सुबह हो गई है। वह आंख वाला मित्र उठा। देखकर घबड़ाया। उसने कहा- तुम हाथ में ये क्या पकड़े हुए हो? इसे एकदम छोड़े दो। ये पुराने मुद्दों का घनघोर विषधारी सांप है और यह जनता के लिए खतरनाक हो जाएगा। वह अंधा धर्म बोला- मित्र! ईर्ष्या के कारण तुम मेरी इस कुसीमार्गी लकड़ी को सांप बता रहे हो! चाहते हो कि मैं इसे छोड़ दूं, तो तुम इसे उठा लो। अंधा जरूर हूं, लेकिन इतना नासमझ नहीं हूं। पुराना पका-पकाया धर्म हूं! उस आंख वाले धार्मिक आस्था पुरुष ने कहा- पागल हो गए हो? उसे एकदम छोड़ दो। वह सांप है और देश-दुनिया की जनता के लिए खतरा है। अंधा धर्म हंसा और बोला- तुम इतने दिन मेरे साथ रहे लेकिन ये नहीं समझ पाए कि मैं भी समझदार हूं। तुम्हारी तरह परम कुर्सी मार्गी हूं। मेरी पार्टी के झंडे की लकड़ी खो गई है और टीवी डिबेट ने एक बहुत सुंदर लकड़ी मुझे दे दी है, तो तुम उसे सांप बता रहे हो? वह अंधा धर्म गुस्से में, मित्र की ऐसी ईर्ष्या और जलन को देखकर, अपने रास्ते पर चल पड़ा।



रामविलास जॉंगिड़

## आप की बात

### विचार समर्थन और विरोध के वाहक

विचारों की शक्ति पर अपने समय में काफी काम हुआ है। यह माना गया कि ध्वनि ,प्रकाश और ताप की तरह चेतना क्षेत्र में विचारों की भी एक जीवंत शक्ति है। तभी अध्ययन का क्रम चला। सत्संग की व्यवस्था हुई । परामर्श और प्रवचन की शैली का विकास हुआ। विचारों ने विचारों को काटा और विचारों ने विचारों का समर्थन किया। व्यक्तियों और समाजों को ऊंचा उठाने गिराने में विचारों की असाधारण भूमिका रही है। कई बार लोगों के मौलिक विचार भी नहीं होते। मगर कुछ कर गुजरने की इच्छा गहरी होती है। किसी को अपना जीवन लक्ष्य बनाने के लिए कौन से विचार ग्रहण करने चाहिए इसका सबसे सरल उपाय है कि विचारों को सुनना होगा। फिर मन में विचार करना होगा कि हमारे कौन से विचार श्रेष्ठ हैं। यह समझना होगा कि जिन विचारों को मन में गहरे ले जा रहे हैं, उनमें हमारा सामंजस्य है या नहीं। हमारी क्षमताएं उन विचारों के क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं। उन्हें लागू करने के लिए बड़े संयम और धैर्य की आवश्यकता होती है। बुद्धिमानी इसी में है कि जो उपलब्ध है उसी का आनंद लिया जाए। दरअसल हमारे विचार ही हमारे व्यक्तित्व को भी परिभाषित करते हैं और बहुत कुछ उसकी सीमाएं भी तय करते हैं।

**अशोक सिंह, लखनऊ.**

### अमीर-गरीब की खाई

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी। दरअसल विकास का लाभ समाज को तभी मिलता है, जब उसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। जब विकास कुछ ही हाथों में केन्द्रित होगा तो वह राष्ट्र लिए के लिए फलदायी नहीं हो सकता है।

**ज्ञान प्रकाश वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## युवक ने की आत्महत्या, मिला सुसाइट नोट

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कस्बे में सोमवार की देर शाम युवक के आत्महत्या करने के मामले में नया मोड़ आ गया पड़ताल में पुलिस को एक सुसाईड नोट मिला है जिसमे उसने अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी पत्नी व साले को ठहराया है मामले में मृत युवक के पिता ने बहू पूजा व साले शिवम कसौधन के खिलाफ केस दर्ज कराया है पीड़ित पिता ओमप्रकाश कसौधन का कहना है कि उसके बेटे बलराम की शादी तीन वर्ष पूर्व हैरिंग्टनगंज निवासी पूजा पुत्री स्व0शिवराम कसौधन के साथ हुआ था शादी के एक वर्ष के बाद से बहू पूजा बलराम को प्रताड़ित करते हुए अपमानजनक बाते कहती थी उसके साथ मे उसका भाई शिवम कसौधन द्वारा आये दिन बहन को सही तरीके से ना रखने की बात कहकर मारने पीटने की धमकी दी जाती थी उसके पुत्र ने उससे व अपनी माँ से कई बार कहा जिसपर उसे समझा बुझाकर शांत कर दिया जाता था।पीड़ित पिता का आरोप है कि अपनी पत्नी पूजा व साले शिवम कसौधन की धमकी से तंग आकर उसका पुत्र बलराम ने सोमवार को घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

# इंटरमीडिएट व हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में बेटियों ने बढ़ाया जनपद का गौरव

जिला संवाददाता





बाराबंकी। यूपीबोर्ड हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा के रिजल्ट बृहस्पतिवार की दोपहर घोषित हो गये। जिसमें एक बार फिर जनपद बाराबंकी की बेटियों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए यूपी मेरिट टाप 10 में हाईस्कूल में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं इण्टरमीडिएट में द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा है।

यू0पी0 मेरिट इण्टरमीडिएट परीक्षा में महारानी लक्ष्मी बाई इण्टर कालेज की छात्रा श्रेया वर्मा ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व 97.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूजा पाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा हाईस्कूल परीक्षा में द माडर्न एकेडमी इण्टर कालेज जैदपुर की छात्रा अंशिका वर्मा ने 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, छात्रा अदिति ने 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व छात्रा परी वर्मा ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने किया विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



बाराबंकी। आगामी होमगार्ड स्वयं सेवक भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रुप से पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम समन्वय, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती, संवेदनशील बिंदुओं की मॉनिटरिंग तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था की स्थिति की तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की सुचिता, पारदर्शिता एवं शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा शासन द्वारा निर्धारित एसओपी का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुये कहा कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, छायादार प्रतीक्षास्थल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा साफ-सफाई सुनिश्चित की जाये, ताकि भीषण गर्मी के बीच अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी बताया कि परीक्षा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को दो पालियों में आयोजित होगी तथा जनपद के 8 परीक्षा केंद्रों पर कुल 17856 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी परीक्षा केंद्रों पर जिला स्तरीय अधिकारी को स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सुरक्षा व्यवस्था हेतु कुल 198 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए प्रवेश द्वार पर सघन चेकिंग, अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापन, संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी, प्रश्नपत्र एवं परीक्षा सामग्री की सुरक्षा, यातायात एवं भीड़ प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

## मो. फैसल भारतीय किसान यूनियन युवा विंग जिलाध्यक्ष मनोनीत



बाराबंकी। किसानों की प्रमुख फसल आलू के उचित समर्थन मूल्य को लेकर भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष हौसिला प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु भारतीय किसान यूनियन युवा विंग का गठन करते हुये पदाधिकारियों का मनोनयन पत्र सौंपे गये। जिसमे सर्वसम्मति से मोहम्मद फैसल पुत्र मैनुद्दीन को युवा जिलाध्यक्ष, समीर यादव को मंडल अध्यक्ष, मोहम्मद रियाज को बंकी ब्लॉक अध्यक्ष, वसी अंसारी बंकी नगर अध्यक्ष, अरशद अली देवा ब्लॉक अध्यक्ष, अंचित तिवारी को बनीकोडर ब्लॉक अध्यक्ष, इरफान अली को मसौली ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष श्री फैसल ने कहा कि वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं संगठन के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों का पालन करेंगे तथा किसान परिवारों को एकजुट करने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

## एडीजी लखनऊ प्रवीण कुमार ने किया नवनिर्मित थाना माती का उद्घाटन

बाराबंकी। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन प्रवीण कुमार ने नवनिर्मित थाना माती का फीता काटकर उद्घाटन किया। तथा थाना परिसर मे



वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प दिलाया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ को मोमटो व अंगवस्त्र भेटकर स्वागत किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक माती अजय प्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## होमगार्ड परीक्षा केन्द्रों का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण



अयोध्या। आगामी होमगार्ड परीक्षा 2026 के सकुशल एवं निष्पक्ष संपादन के दृष्टिगत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने एसएसबी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। यह परीक्षा 25, 26,27 अप्रैल को आयोजित होने वाली है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति तथा परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए सीटिंग प्लान का गहनता से जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। इस अवसर पर विद्यालय में होमगार्ड परीक्षा के सफल आयोजन हेतु चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा को पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं नकल-विहीन वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार भट्ट, जिला विद्यालय निरीक्षक पवन व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्यों का लिया जायजा

जिला संवाददाता



अयोध्या। नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने गुरूवार 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हलकारा का पुरवा, दर्शन नगर, जनौरा अंडरपास, जनौरा, रामनगर घोसियाना, मोदहा, सहादतगंज, गुप्तार घाट, रेतिया, ककरही बाजार तथा साकेत सदन (अफीम कोठी) सहित विभिन्न स्थलों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड-3 सत्यपाल सिंह को निर्देशित किया कि अवशेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो०नि०वि०, अयोध्या द्वारा मार्ग के संरेखण में भूमि/भवन से सम्बन्धित विभिन्न बाधाओं से अवगत कराया गया। अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो०नि०वि०, अयोध्या को निर्देशित किया गया कि मार्ग के आर०ओ०डब्लू में आ रहे भवन इत्यादि हेतु जहाँ-जहाँ भूमि/भवन का भुगतान हो चुका है एवं ध्वस्तीकरण शेष है, को लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व टीम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शेष भवनों का ध्वस्तीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करायें। मार्ग निर्माण के संरेखण में ऐसे भूमि/भवन के मामले जो तहसील स्तर पर लम्बित है, को उपजिलाधिकारी (सदर) को शीघ्रता से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), अयोध्या को मार्ग पर चल रहे सीवर व वाटर सप्लाई के मैनहोल रेजिंग एवं हाउस कनेक्शन के शेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो०नि०वि०, अयोध्या को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि 14 कोसी परिक्रमा मार्ग का विकास श्रद्धालुओं की सुविधा एवं जनहित के दृष्टिगत अत्यंत महत्वपूर्ण है, सभी कार्य उच्च गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं।

## विवरण पूर्ण कर पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करें कृषकः उप निदेशक कृषि

बहराइच । उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत तकनीकी एवं अभिलेखीय कमियों के कारण बड़ी संख्या में किसानों के किश्तों की धनराशि रोक दी गई है। श्री वर्मा ने बताया कि पूर्व भूमि स्वामी की अपूर्ण जानकारी होने के कारण 17325, विरासत के अलावा अन्य आधार पर भूमि के नामांतरण के कारण 2510 तथा एक ही भूमि पर दोहरा लाभ के मामले में 2515 कृषकों की किश्तें प्रभावित हुई हैं। श्री वर्मा ने सम्बन्धित कृषकों को सुझाव दिया है कि अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र अथवा स्वयं से पीएम किसान पोर्टल पर उपलब्ध ह्लअपडेट मिसिंग इनफार्मेशनह्व लिंक के माध्यम से आवश्यक विवरण पूर्ण कर योजना का लाभ प्राप्त करें।

## एसपी ने सुनी फरियाद



बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें।

# स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष ने किया राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ



सतरिख, बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज में 23 से 25 अप्रैल तीन दिवसीय 5वीं राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष अश्वनी कुमार त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि डा0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो0 डॉ0 ए0के0 राय, ईबीसी प्रा0लि0 डीजीएम अरूण पाण्डेय, टीआरसी लॉ कॉलेज शासी निकाय अध्यक्ष डॉ0 सुजीत चतुर्वेदी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त प्राचार्य डॉ0 अश्वनी कुमार गुप्ता ने प्रतियोगिता के पाँचवें संस्करण में देश के विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, दिल्ली, आन्ध्र प्रदेश, हैदराबाद, पुणे, महाराष्ट्र आदि विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की 22 टीमों के समन्वयकां एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का विशेष आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी ने कहा कि न्याय केवल करना ही नहीं अपितु दिखाई भी देना चाहिए। न्यायाधीश द्वारा कठिन सवाल पूछने पर आपकों हमलावर नहीं होना है बल्कि शांतचित्त से उत्तर देना है। विशिष्ट अतिथि श्री पाण्डेय मूट कोर्ट की तैयारी में एवं शोध कार्य में किस प्रकार इसका उपयोग बेहतर तरीके से किया जा सकता है। अधिष्ठाता प्रो0 राय ने कहा कि मूट कोर्ट एक प्रशिक्षण काल होता है जिसमें प्रतिभागियों के तार्किक ज्ञान एवं बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। इस अवसर पर डा0 अविनाश मिश्रा, डा0 शिव शरन, डा0 दीपमाला श्रीवास्तव, डा0 वीर विक्रम सिंह, डा0 नवीन कुमार सिंह, डा0 इन्द्र दमन तिवारी, डा0 मंजय कुमार यादव, डा0 अमजद् अंसारी, डा0 प्रमोद कुमार पाण्डेय, डा0 धर्मेन्द्र कुमार, अंकित मिश्रा, रोहिणी त्रिपाठी मौजूद रहे।

- न्याय केवल करना ही नहीं अपितु दिखाई भी देना चाहिएः अश्वनी कुमार त्रिपाठी

# एसएसवी के तरंग ने प्रदेश में बनाया स्थान



- अधिवक्ता बन समाज की सेवा करना चाहता है तरंग
- शत प्रतिशत रहा एसएसवी का परीक्षा परिणाम

अयोध्या। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से गुरुवार को जारी किए गए बोर्ड परीक्षा परिणाम में एसएसवी इंटर कॉलेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। यूपी की बोर्ड परीक्षा के परिणाम में 7 वें स्थान पर आकर छात्र तरंग मिश्रा ने विद्यालय का नाम प्रदेश में गौरवान्वित किया है। तरंग ने 94.67 प्रतिशत हासिल किया है। बोर्ड परीक्षा में इस बार इंटर के 342 जबकि हाई स्कूल के 328 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। प्रधानाचार्य डॉ. मणिशंकर तिवारी ने बताया कि विद्यालय के 90 फीसदी से अधिक विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कई विद्यार्थी ने सराहनीय सफलता प्राप्त की है तो विभिन्न विषयों में भी कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय के उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र देव तिवारी, परीक्षा प्रभारी डॉ .देवेंद्र कुमार मिश्रा, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, मनीष सक्सेना, उत्कर्ष सिंह व लिपिक मनीष जायसवाल सहित कई शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मिष्ठान खिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया। वहीं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल परीक्षा में सातवें स्थान पर अपना स्थान बनाने वाला तरंग मिश्रा शहर के एसएसवी इंटर कॉलेज का मेधावी छात्र है। तरंग बड़ा होकर सफल अधिवक्ता बन समाज की सेवा करना चाहता है। तरंग का कहना है कि मेहनत और लगन का कोई विकल्प नहीं होता है। तरंग ने अपनी सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य डॉक्टर मणि शंकर तिवारी, शिक्षक और अपने माता-पिता को दिया। भाई उमंग मिश्रा भी परिवार में एनडीए की तैयारी कर रहे हैं तो दीदी पूर्ति मिश्रा भी पॉलिटेक्निक कर रही हैं। ऐसे में परिवार का माहौल शैक्षिक है ।शहर के देवकाली में रहने वाले तरंग के पिता जगदीश मिश्रा का परिवार मूल रूप से बस्ती के निवासी हैं। जगदीश खेती किसानी का काम करते हैं। जब उनका पुत्र तरंग मिश्रा यूपी बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में सर्वाधिक 94.67प्रतिशत हासिल किया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने कहा कि बड़े ही मेहनत, लगन और परिश्रम से वह परिवार का भारत पोषण कर रहे हैं। फिलहाल तरंग की इस उपलब्धि के बाद उसके परिवार में खुशी का माहौल है।

## रंजिशन युवक पर हमला, मरणासन्न

अयोध्या। कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की रात सिविल लाइन स्थित अपने मित्र के घर से निकलकर बाइक से अपने घर वापस जा रहे सिविल लाइन नैयर ककालोनी निवासी एक युवक को बाइक और कार से पीछा कर हमलावरों ने जमकर पीटा। मरणासन्न हालत मैं छोड़कर भाग खड़े हुए। रंजिशन हुई वारदात की लिखाई गई रिपोर्ट के मुताबिक जजेज कालोनी के पास हुई घटना में वंश चैधरी उर्फ बहादुर पुत्र कमल नयन चैधरी उर्फ शेरू निवासी कन्या पाठशाला थाना कैंट व कैश पुत्र सगीर निवासी बुचनीगंज थाना कैंट व दो अन्य के विरुद्ध नामजद करते हुए शिकायत दर्ज कराई गई है।

## पूर्व भाजपा नगर महामंत्री धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार



बहराइच । पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर , आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर , नारायण दत्त मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी कोतवाली देहात, दद्दन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली सफलता, थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच पर पंजीकृत मु0अ0सं0 312/25 धारा 419/420/467/468/471 क्ढ्ढउ. से सम्बन्ध में वांछित बताया गया कि अभियुक्त पवन जायसवाल उपरोक्त के विरुद्ध फर्जी इकरारनामा तैयार कराकर जमीन को किसी और को नही बेचने की धमकी देना और फर्जी दस्तावेज तैयार कर अनुचित धन की मांग करने के सम्बन्ध में 06.08.2025 को मु0अ0सं0 312/25 धारा 419/420/467/468/471 क्ढ्ढउ. पंजीकृत करवाया गया था ।

विवेचना के क्रम में अभियुक्त पवन जयसवाल पुत्र शम्भूनाथ जयसवाल निवासी ओटकोनवा थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच को आज दिनांक 22.04.2026 को समय करीब 15.10 बजे मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त के घर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय बहराइच रवाना किया गया है।

# प्रवर्तन टीम ने वर्कशाप सहित ऑटो पार्ट्स दुकानों की ली तलाशी



- बुलेट चालक बजा रहे पटाखे, ध्वनि मापक यंत्र से जांच कर 18 वाहनो के चालान

बाराबंकी। ध्वनि प्रदूषण को कम करने व मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न की ब्रिकी पर अंकुश लगाने को लेकर परिवहन व यातायात विभाग संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाकर वर्कशापो, ऑटो पार्ट्स दुकानों व गैराजों का निरीक्षण करने में जुटा हुआ है। इस दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला व यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने बुलेट मोटरसाइकिल के वर्कशाप, गैराजो सहित अन्य ऑटो पार्ट्स दुकानो की तलाशी लेते हुए दुकानदारो को नियमो का उल्लघन मिलने पर जुर्माना व विधिक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान एआरटीओ व टीआई ने शहर के पटेल तिराहा पर चेकिंग कर साउंड लेवल मीटर से 15 बुलेट वाहनो की ध्वनि तीव्रता मापते हुये भारी जुमार्ना किया। तो वही यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने अधिक आवाज करने वाले 3 बुलेट वाहनो के साइलेंसरो को उतरवाते हुये चालान किया। तथा दोबारा उपयोग करते मिलने पर विधिक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी भी दी।

## धूमधाम से मनी आदि गुरू शंकराचार्य की जयंती

अयोध्या। गोस्वामी समाज सेवा समिति के बैनर तले आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सनातन धर्म को पुनर्जागरण करने वाले महान दार्शनिक चारों मठों के संस्थापक अद्वैत मत के जन्मदाता भगवान आदि गुरु शंकराचार्य का सनातन धर्म के लिए बहुत बड़ा योगदान है आज से लगभग 2533 वर्ष पूर्व यानी 507 ईसा पूर्व जन्मे आदि गुरु अपने अल्पायु में ही हिंदू सनातन समाज को पुनः एकत्रित किया और दिशा दी। उक्त आयोजन में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव रणजीत गोस्वामी अध्यक्ष जितेंद्र मोहन गोस्वामी मंडल सचिव रामकृष्ण गोस्वामी मंजू गोस्वामी, अर्चना गोस्वामी उपाध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी ऐश्वर्य नारायण, कोषाध्यक्ष अनिल गिरी विद्वान महेश शास्त्री रमाकांत शास्त्री जी अशोक गोस्वामी निशोक गोस्वामी राम भवन गोस्वामी युवा नेता और समाज सेवी भोलेन्द्र गोस्वामी प्रदीप गिरि,बृजेंद्र गोस्वामी प्रभात गोस्वामी राजेश पांडे चंद्रशेखर सिंहश्रीवास्तव आदि सैकड़ो सामाजिक बंधु उपस्थित रहे ।

# डीजल और पेट्रोल आपूर्ति समस्या का होगा समाधानः डीएम



बहराइच 23 अप्रैल। बुधवार को देर शाम विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी व बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के साथ ऑयल कम्पनियों के विक्रय अधिकारीगण, डीजल एवं पेट्रोल पम्प के प्रबन्धक/प्रोपराईटर के साथ आयोजित बैठक में जनपद में संचालित पम्पों पर डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता एवं सुव्यवस्थित ढंग से वितरण सुनिश्चित किये जाने पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान विधायक श्री त्रिपाठी द्वारा सुझाव दिया गया कि जनपद में स्थापित समस्त डीजल/ पेट्रोल पम्पों पर एक साथ तेल उपलब्ध कराया जाये ताकि उपभोक्ता एक पम्प से दूसरे पम्प पर न जायें अथवा तेल की मांग में तेजी न आये। इस सम्बन्ध में ऑयल कम्पनी के विक्रय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि तेल के ट्रांसपोर्ट हेतु वाहनों की कमी रहती है जिस कारण समस्त पम्पों पर एक साथ तेल उपलब्ध कराये जाने में कठिनाई होगी। विधायक श्री त्रिपाठी ने ऑयल कम्पनियों को सुझाव दिया कि ट्रांसपोर्ट वाहनों को बढ़ाया जाय ताकि एक समय में अधिक से अधिक पम्पों पर तेल की उपलब्धता सुनिश्चित हो।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा निर्देशित किया गया कि डीजल/पेट्रोल पम्पों का एक क्लस्टर बनाया जाये एवं उसी के अनुसार समस्त पम्पों पर एक साथ डीजल एवं पेट्रोल का वितरण कराया जाये। डीजल एवं पेट्रोल पम्पों के प्रबन्धकों/प्रोपराईटरों द्वारा यह मांग की गयी कि छुट्टी के दिनों में भी डिपो खोला जाये एवं जनपद को तेल की आपूर्ति की जाये ताकि छुट्टी के अगले दिन पम्प पर तेल की कमी न हो। पम्पों द्वारा उपभोक्ताओं को तेल की आपूर्ति हेतु निर्धारित किये गये समय का कड़ाई से अनुपालन कराया जाये। पम्पधारकों द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि पम्प के खुलने व बन्द होने के समय उपभोक्ताओं की काफी भीड़ रहती है, जिसके दृष्टिगत समय से पुलिस बल की उपलब्धता करायी जाये ताकि सेल्समैन सुरक्षित रूप से डीजल/पेट्रोल का वितरण कर सकें।डीएम श्री त्रिपाठी ने बैठक के माध्यम से जनपदवासियों से अपील की कि पेट्रोलियम पदार्थों के उदाम बढ़ने सम्बन्धी अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने नागरिकों को सुझाव दिया है कि पेट्रोलियम पदार्थों का भण्डारण कदापि न करें। क्योंकि ऐसा करने से आपके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही मामलों में 10 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। डीएम ने कहा कि आमदिनों से अधिक मात्रा में जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्राप्त हो रही है। डीएम ने लोगों से कहा कि अपनी आवश्यकतानुसार ही खरीद करें डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति से सम्बन्धित समस्या शीघ्र ही समाप्त हो जायेगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि तेल की कालाबाजारी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऐसे लोगों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करने के साथ-साथ अवैध कालाबाजारी हेतु राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रा.सु.का.) के तहत कार्यवाही भी की जा सकती है।

संक्षेप

## निसान इंडिया और एविस इंडिया ने की साझेदारी

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और एविस इंडिया ने आज भारत में कॉरपोरेट मोबिलिटी और लीजिंग सॉल्यूशंस को मजबूती देने के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। दोनों कंपनियों ने मिलकर इंटीग्रेटेड लीजिंग एवं सब्सक्रिप्शन ऑफरिंग्स की पेशकश की है। इस गठजोड़ का लक्ष्य विभिन्न कंपनियों की ओर से आ रही फ्लेक्सिबल एवं एसेट-लाइट मोबिलिटी मॉडल्स की बढ़ती मांग को पूरा करना है। साथ ही इससे एक स्ट्रक्चर्ड एवं एंड-टू-एंड इकोसिस्टम के माध्यम से निसान के व्हीकल पोर्टफोलियो तक सुगम एवं किफायती पहुंच भी सुनिश्चित होगी। इन ऑफरिंग्स के तहत फ्लेक्सिबल लीजिंग एवं सब्सक्रिप्शन प्लान के माध्यम से निसान मैग्नाइट एवं ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट समेत निसान के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो तक पहुंच मिलेगी। इसमें 60 महीने तक की अवधि और 50,000 किलोमीटर तक की दूरी के लिए अलग-अलग प्लान मिलेंगे।

## बढ़ते कवर वाला टर्म प्लान चुनें : बंधन लाइफ

बंगलुरु। बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने 30वें दशक के उत्तरार्ध और 40वें दशक के लोगों को सलाह दी है कि वे अपने जीवन बीमा कवर की समीक्षा करें और उसे और मजबूत बनाएं, ताकि परिवार की लंबे समय की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कंपनी ने यह भी बताया कि महंगाई समय के साथ बीमा सुरक्षा की वास्तविक कीमत को कम कर देती है, इसलिए अपने कवर की समय-समय पर समीक्षा करना जरूरी है। 30वें दशक के उत्तरार्ध और 40वें दशक में लोग आमतौर पर अपनी कमाई के सबसे अच्छे दौर में होते हैं, लेकिन इसी समय बच्चों की पढ़ाई और कर्ज चुकाने जैसी बड़ी जिम्मेदारियां भी होती हैं। ऐसे में इस समय बीमा कवर बढ़ाना जरूरी है, ताकि बढ़ती महंगाई और अनिश्चितताओं के बीच परिवार सुरक्षित रह सके। बीमित राशि बढ़ाने का विकल्प देने वाला टर्म प्लान किफायती तरीके से मजबूत वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।

## लोकधुन की पीपीएल इंडिया से साझेदारी

मुंबई। लोकधुन टेलीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 1 अप्रैल 2026 से पीपीएल इंडिया के साथ हाथ मिला लिया है। इसी के साथ कंपनी ने रिकॉर्डेड म्यूजिक परफॉर्मेंस लिमिटेड के साथ अपनी पुरानी संबद्धता समाप्त कर दी है। यह रणनीतिक फैसला न केवल इन दोनों कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इसे भारत के म्यूजिक लाइसेंसिंग इकोसिस्टम में शक्ति के पुनर्गठन के तौर पर देखा जा रहा है। 2016 में स्थापित और नई दिल्ली मुख्यालय वाली लोकधुन टेलीमीडिया के पास आज 80,000 से अधिक गानों की एक बहुत बड़ी लाइब्रेरी है। कंपनी के अंतर्गत 'वेव म्यूजिक' और 'लोकधुन पंजाबी' जैसे बड़े सब-लेबल्स काम करते हैं, जिनका भोजपुरी और पंजाबी संगीत उद्योग पर एकछत्र राज है। डिजिटल दुनिया में लोकधुन का कद किसी ग्लोबल स्टार से कम नहीं है।

## एकीकृत अंतरिक्ष क्षमताओं के निर्माण की तत्काल जरूरत

नई दिल्ली। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आधुनिक युद्ध में अंतरिक्ष की बढ़ती केंद्रीयता के बीच भारत के रक्षा एवं अंतरिक्ष क्षेत्र के शीर्ष नेताओं ने इंडियन स्पेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित संगोष्ठी इंडियन डिफेंस स्पेस सिंपोजियम 2026 में लचीले, संप्रभु एवं एकीकृत अंतरिक्ष क्षमताओं के निर्माण की तत्काल जरूरत रेखांकित की। आज नई दिल्ली में शुरू हुआ यह दो दिवसीय फोरम भारत के रक्षा एवं अंतरिक्ष पारितंत्र के बीच तालमेल मजबूत करने पर केंद्रित रहा जिसमें रक्षा मंत्रालय, सशस्त्र बलों, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी से अधिकारी, नीति निर्माता, सार्वजनिक उपक्रम, स्टार्टअप्स और उद्योगपति शामिल हुए।

## टेक महिन्द्रा का एबिट साल दर साल 39.2% बढ़कर 7152 करोड़ रुपए पहुंचा

मुंबई। टेक महिन्द्रा ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई तिमाही एवं वर्ष के लिए समेकित वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। हमारे परिवर्तन में एक एआई नेतृत्व वाले संगठन की ओर तेजी ला रहे हैं जिसमें सभी सेवाओं में एआई का समावेश किया जा रहा है और साथ ही हम हमारे ग्राहकों के लिए मूल्य डिलीवरी बढ़ाने के लिए हमारी क्षमताओं को विस्तार दे रहे हैं। टेक महिन्द्रा का वित्त वर्ष 26 का एबिट साल दर साल 39.2% बढ़कर 7,152 करोड़ रुपये पहुंचा, 36 रुपये अंतिम लाभांश घोषित, कुल लाभांश 51 रुपये पहुंचा है। यह लगातार तिमाहियों में एक अरब डॉलर से अधिक के सौदों समेत हाल के वर्षों में हासिल सबसे बड़े सौदे में परिलक्षित होता है।

# सेंसेक्स में 852 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 205 अंक नुकसान में रहा। अमेरिकी-ईरान वार्ता रुकने के कारण कच्चा तेल एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से बाजार में गिरावट आई।

कारोबारियों के अनुसार विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के साथ ही एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। तीस शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक यानी 1.09 प्रतिशत टूटकर 77,664 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 942.31 अंक यानी 1.20 प्रतिशत फिसलकर 77,574.18 पर आ गया था। दूसरी ओर 50 शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 205.05 अंक यानी 0.84 प्रतिशत गिरकर 24,173.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयर में ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, भारती एयरटेल और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लाभ में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 प्रतिशत बढ़कर 103.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

भारतीय बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी रहा, निफ्टी में लगातार दूसरे दिन नरमी देखी गई। पिछले दो कारोबारी दिनों में इसमें 400 अंक से अधिक की गिरावट आई। बाजार का मिजाज जोखिम से बचने का है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बढ़ गई है और घरेलू कारक राहत देने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की गिरावट का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में तनाव का तेजी से बढ़ना है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से जुड़ी चिंताओं ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर किया है, जिससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ गई है। इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के रूप में दिखा। भारत जैसी आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्था के लिए इससे बढ़ती मुद्रास्फीति और कॉरपोरेट मार्जिन पर दबाव को लेकर चिंताएं हैं। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.39 प्रतिशत और स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.34 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार प्रदर्शन देखें तो पीएसयू बैंक में 2.36 प्रतिशत, वाहन में 2.27 प्रतिशत, रियल्टी में 1.91 प्रतिशत, उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुओं में 1.71 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 1.63 प्रतिशत और बैंकएक्स में 1.46 प्रतिशत की गिरावट आई।

# रुपया 33 पैसे टूटकर 94.11 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपये में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई और यह 33 पैसे टूटकर 94.11 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। रुपया एक महीने में दूसरी बार 94 के स्तर से नीचे आया। पश्चिम एशिया में शांति वार्ता में कोई प्रगति न होने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से घरेलू मुद्रा दबाव में है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और अमेरिकी मुद्रा की वैश्विक मांग में वृद्धि के बीच विदेशी पूंजी की निकासी के कारण भी रुपये पर दबाव बना रहा। पिछले एक सप्ताह में रुपया एक प्रतिशत से अधिक टूटा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.03 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.17 के निचले स्तर तक पहुंचा। बाद में दिन के उच्च स्तर 93.98 को छूने के बाद यह 94.11 (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 33 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 34 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.78 पर बंद हुआ था। पिछले चार सत्र में घरेलू मुद्रा 17 अप्रैल को 92.91 के बंद भाव के मुकाबले 120 पैसे यानी लगभग 1.3 प्रतिशत टूटी है। पश्चिम एशिया में 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध के कारण उत्पन्न चुनौतियों के बीच घरेलू मुद्रा 23 मार्च को पहली बार 94 डॉलर प्रति डॉलर के स्तर से नीचे पहुंची थी। रुपया 30 मार्च को कारोबार के दौरान अपने अब तक के सबसे निचले 95.22 तक लुढ़क गया था। घरेलू बाजारों में कमजोरी एवं डॉलर की मजबूती से रुपये में लगातार चौथे सत्र में गिरावट आई और 94 के स्तर को पार कर गया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल भी रुपये पर दबाव रहा। अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता के कारण वैश्विक बाजार की धारणा प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि डॉलर के रुपये का हाजिर भाव 93.80 से 94.50 रुपये के बीच रह सकता है। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.88 प्रतिशत चढ़कर 103.83 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक बुधवार को बिकवाल रहे थे।

## चावल निर्यात 2025-26 में 7.5 प्रतिशत घटकर 11.53 अरब डॉलर

नयी दिल्ली। देश का चावल निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 7.5 प्रतिशत घटकर 11.53 अरब डॉलर रह गया। पश्चिम एशिया क्षेत्र के देशों सहित प्रमुख बाजारों को निर्यात में कमी इसकी मुख्य वजह रही। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

वहीं मार्च में निर्यात 15.36 प्रतिशत घटकर 99.75 करोड़ डॉलर रहा। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और ओमान सहित पश्चिम एशिया क्षेत्र के देशों को होने वाले निर्यात पर असर पड़ा है। ईरान, भारत के बासमती चावल का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है लेकिन मौजूदा अस्थिरता के कारण ऑर्डरप्रवाह, भुगतान और जहाजों की आवाजाही पर दबाव बढ़ता दिख रहा है। खबरों के अनुसार, आयातकों ने अपनी मौजूदा प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और भारत को भुगतान भेजने में असमर्थता जताई है जिससे निर्यातकों के लिए अनिश्चितता उत्पन्न हो गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 172 से अधिक देशों को 2.01 करोड़ टन चावल का निर्यात किया था जिसकी कीमत 12.5 अरब डॉलर थी। भारत, दुनिया के सबसे बड़े चावल उत्पादकों और निर्यातकों में से एक है। 2024-25 में देश ने लगभग 4.7 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र से करीब 15 करोड़ टन चावल का उत्पादन किया।

## वित्त मंत्री ने बैंक प्रमुखों के साथ बैठक की

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एंथ्रोपिक के माइथोस मॉडल द्वारा वित्तीय प्रणालियों की डेटा सुरक्षा से जुड़े खतरों की बात सामने आने के बाद बृहस्पतिवार को कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े जोखिमों पर बैंक प्रमुखों के साथ बैठक की।

यह बैठक एंथ्रोपिक द्वारा क्लाउड माइथोस एआई मॉडल के विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण है, जिसमें दावा किया गया है कि उसने कई प्रमुख ऑपरेटिंग सिस्टमों में कमजोरियां पाई हैं। सूत्रों के अनुसार बैठक में एआई से निपटने के लिए जरूरी जोखिमों और उपायों पर चर्चा की गई। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में वित्तीय क्षेत्र पर एआई द्वारा उत्पन्न विभिन्न जोखिमों पर विचार-विमर्श किया गया।



सूत्रों ने बताया कि बैंकों से अपनी प्रणालियों, डेटा और ग्राहकों के पैसे को सुरक्षित करने के लिए एहतियाती कदम उठाने को कहा गया। इस बैठक में बैंकों के शीर्ष अधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारी शामिल हुए। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार मंत्रालय और आरबीआई इस बात का अध्ययन कर रहे हैं कि इस सुरक्षा चूक से भारतीय वित्तीय क्षेत्र को किस हद तक जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। खबरों के अनुसार एंथ्रोपिक ने कहा कि माइथोस साइबर सुरक्षा कार्यों में मनुष्यों से बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। यह प्रमुख ऑपरेटिंग सिस्टम और वेब ब्राउजर में 27 साल पुरानी कमियों सहित हजारों बग को खोजने और उनका फायदा उठाने में सक्षम है। उसके नए मॉडल माइथोस तक अनधिकृत पहुंच बनाई गई थी। माइथोस एक शक्तिशाली एआई मॉडल है, जिसने डिजिटल सुरक्षा कमजोरियों की पहचान करने की अपनी अभूतपूर्व क्षमता और दुरुपयोग की संभावना के कारण नियामकों के बीच चिंता पैदा कर दी है।

## बीओबी सीनियर सिटीजन विशेष सम्मान शुरू करने की घोषणा

लखनऊ। भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य लाभ और

निःशुल्क डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं की पेशकश करने वाले एक प्रीमियम बचत बैंक खाते बॉब सीनियर सिटीजन विशेष सम्मान के शुभारंभ की घोषणा की। यह खाता 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के ग्राहकों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य उनके समग्र स्वास्थ्य एवं वित्तीय समृद्धि में वृद्धि करना है। निःशुल्क ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा भी प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, ग्राहक हर महीने दो निःशुल्क डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं जिससे आवश्यक बैंकिंग सेवाएं सीधे उनके घर तक पहुंचेंगी। इसके अतिरिक्त, इस ऑफर में रिवर्स मॉर्गेज ऋण के प्रोसेसिंग प्रभार में 50% की छूट, लॉकर के किराए में रियायत और बॉब भूमि रुपे सेलेक्ट डेबिट कार्ड भी शामिल है जो जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न प्रकार की विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराता है। बैंक ऑफ बड़ौदा को विशेष रूप से तैयार की गई पेशकशों के माध्यम से अपने वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों सेवाएं प्रदान करते हुए गर्व महसूस कर रहा है।

बैंकिंग एवं जीवनशैली से संबंधित कई लाभ एक साथ प्रदान करने वाली एक प्रीमियम पेशकश की है।

## व्हाट्सएप लेकर आया प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज की सुविधा

नई दिल्ली। व्हाट्सएप ने आज घोषणा की है कि भारत में लोग अब सीधे ऐप के भीतर ही अपना प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज कर सकते हैं। पेयू द्वारा संचालित यह फीचर एंड्रॉइड और आईओएस पर चरणों में जारी किया जा रहा है और आने वाले हफ्तों में सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा। यह फीचर लोगों को कुछ आसान स्टेप्स में अपना या अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों का नंबर रिचार्ज करने की अनुमति देता है। भारत भर में जियो, एयरटेल और वोडा इंडिया के प्रीपेड कनेक्शन वाले लोग विभिन्न उपलब्ध प्लान्स में से चुन सकते हैं और सीधे व्हाट्सएप के भीतर अपना मोबाइल रिचार्ज पूरा कर सकते हैं, जिससे यह प्रक्रिया और भी आसान

### कोटक ने किया तत्काल वर्किंग कैपिटल डिमांड लोन का विस्तार

नई दिल्ली। पायलट चरण में 9,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का वितरण करने के बाद कोटक महिंद्रा बैंक ने कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए तत्काल वर्किंग कैपिटल डिमांड लोन का विस्तार किया है। यह इस बात का संकेत है कि अल्पकालिक कर्ज तक तेज पहुंच अब कंपनियों की रोजमर्रा की फंडिंग जरूरतों को पूरा करने का तरीका बदलने लगी है। यह सुविधा पात्र कंपनियों को डिजिटल प्रक्रिया के जरिए चंद सेकंड में वर्किंग कैपिटल लोन लेने का मौका देती है। इससे वे मैन्युअल प्रक्रियाएं और बैंकिंग की समय-सीमाएं खत्म हो जाती हैं जो पहले लोन की सीमा मंजूर होने के बावजूद रकम मिलने में देरी कराती थीं। ग्राहक अब वर्किंग कैपिटल तब लेते हैं जब जरूरत पड़ती है, न कि बैंकिंग की समय-सीमाओं के हिसाब से योजना बनाकर।

**सैमसंग ने की द डेविल वियर्स प्राडा 2 को सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए ग्लोबल गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा सहयोग की घोषणा की**

नयी दिल्ली। आज सैमसंग ने 20वी सेंचुरी स्टूडियोज की फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' की थिएटर में आगामी रिलीज का जश्न मनाने के लिए एक वैश्विक सहयोग की शुरूआत की है, जिसमें नए गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा पर गूगल के साथ सर्कल टू सर्च फीचर का उपयोग करके मिरांडा प्रेस्टली की आखिरी समय की एक मांग को बड़ी ही कुशलता से पूरा करती हैं। इस वैश्विक साझेदारी के तहत, 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान रेड कार्पेट पर गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा का जलवा देखने को मिला। एक ऐसी गतिविधि में, जो मिरांडा प्रेस्टली को भी गौरवान्वित कर दे, गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा का उपयोग उपस्थित लोगों के शानदार रेड कार्पेट लुक्स को कैद करने के लिए किया गया। 'द डेविल वियर्स प्राडा' बहुत पसंद है और टीम गैलेक्सी की सदस्य होने के नाते मुझे अपना गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा बहुत पसंद है।

## फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी

नई दिल्ली। वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान, फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन –जो फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला उद्यमियों की शाखा है–उन पहलों को प्राथमिकता देगा जो सहायक वातावरण बनाती हैं, प्रमुख उद्योगों को मजबूत करती हैं, और महिला उद्यमियों को स्थायी रूप से अपने उद्यमों को बड़े पैमाने पर ले जाने में सहायता करती हैं। इसके प्रयास कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल साक्षरता, एमएसएमई, वित्तीय समावेशन और नीतिगत वकालत जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों तक फैले होंगे। फ्लो जैसे मंच महिलाओं को वैश्विक मुद्दों से जुड़ने, अपना प्रभाव बनाने और आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फ्लो में, हमारा मानना है कि सशक्तिकरण केवल पहुंच के बारे में नहीं है।

## भीषण गर्मी के बीच अप्रैल में अधिकतम बिजली की मांग 240 गीगावाट तक पहुंची

नयी दिल्ली। देश में अधिकतम बिजली मांग बढ़ते तापमान के कारण कूलर और एयर कंडीशनर जैसे शीतलन उपकरणों के अधिक इस्तेमाल के मद्देनजर बुधवार को इस मौसम में सर्वाधिक स्तर करीब 240 गीगावाट तक पहुंच गई।

बिजली मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 22 अप्रैल को अधिकतम पूरी की गई बिजली मांग (एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति) 239.70 गीगावाट दर्ज की गई जो इस गर्मी की सबसे अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, इस महीने के पहले पखवाड़े में अधिकतम बिजली मांग अपेक्षाकृत कम रही और यह पिछले वर्ष अप्रैल के औसत 235.32 गीगावाट से नीचे बनी रही। इस वर्ष 16 अप्रैल को अधिकतम



पूरी की गई बिजली मांग 234.81 गीगावाट दर्ज की गई थी जबकि अगले दिन यह बढ़कर 238.94 गीगावाट हो गई। 18 अप्रैल को मांग लगभग इसी स्तर पर 238.80 गीगावाट रही लेकिन 19 अप्रैल को घटकर 225.69 गीगावाट हो गई। इसके बाद 20 अप्रैल को फिर बढ़कर 237.43 गीगावाट पहुंच गई। 21 अप्रैल को यह घटकर 236.73 गीगावाट रह गई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि देश में तापमान बढ़ने के साथ बिजली की मांग और खपत और बढ़ेगी क्योंकि घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं द्वारा एयर कंडीशनर, एयर कूलर तथा अन्य उपकरणों का उपयोग अधिक होगा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगले चार-पांच दिन उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के अधिकतर हिस्सों में लू चलने के आसार हैं। मई 2024 में अधिकतम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। इससे पहले सितंबर 2023 में 243.27 गीगावाट का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। पिछली गर्मियों (अप्रैल 2025 के बाद से) के दौरान जून में अधिकतम बिजली मांग 242.77 गीगावाट तक पहुंची थी।

पेज एक का शेष

## नीयत साफ

इच्छाशक्ति हो तो बहुत कुछ परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने एकला बंधा पर ईको पार्क के रूप में हुए नए कायाकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि वाराणसी या लखनऊ की तरफ से गोरखपुर प्रवेश करते ही सबसे पहला मुकाबला कचरे से होता था। बहुत भद्दा और बहुत बुरा लगता था। पर, करने की इच्छाशक्ति से धीरे-धीरे परिवर्तन होता गया। उन्होंने कहा कि आज से 30-35 वर्ष पहले, आज जहां ट्रांसपोर्टनगर बना है, पहले गोरखपुर का सारा कचरा वही डंप होता था। नगर निगम ने उसका समाधान किया तो आज वहां ट्रांसपोर्टनगर है, बेहतरीन मार्केट और गोरखपुर की मंडी है। ट्रांसपोर्टनगर बन जाने के बाद कचरा एकला बंधा पर गिराया जाने लगा। इसका परिणाम हुआ, वायु प्रदूषण, जमीन में जहर, नदी प्रदूषण और भूजल स्तर पर भी प्रभाव। इसके चलते एनजीटी भी जुमार्ना लगाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीयत से नियति को बदला गया और बेहतरीन ईको पार्क तैयार हो गया।

ईको पार्क के विकास के लिए नगर निगम की पूरी टीम की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम ने गोरखपुर शहर के प्रवेश द्वार पर कचरे को कंचन में बदलने का काम किया है। 2.26 लाख मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण कर बनाया गया ईको पार्क पूरे परिवार के लिए पिकनिक स्पॉट और बेहतरीन पर्यटन स्थल बन गया है। यहां पर बच्चों के खेलने के लिए पार्क है। योग और ध्यान की क्रिया के लिए व्यक्ति यहां आराम से बैठ सकता है। उन्होंने कहा कि यह जो परिवर्तन आया है, वह गोरखपुर के विकास का मजबूत विश्वास और यहां की टीम के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इच्छा शक्ति और साफ नीयत के कारण बीते नौ वर्षों में गोरखपुर में हर क्षेत्र में बदलाव हुआ है। गोरखपुर ने रोड कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, खेल, उद्योग, रोजगार सहित हरेक क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। पहले जहां खेलने की सुविधा नहीं थी, आज गोरखपुर में कई मिनी स्टेडियम बने हैं। गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में एक इंटरनेशनल स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। गोरखपुर में एम्स और बीआरडी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा के उत्कृष्ट केंद्र बने हैं। यहां चार विश्वविद्यालय है। गोरखपुर में खाद कारखाना भी चल गया है और पिपराइच में चीनी में मिल भी लग गई है।

## यूपी बोर्ड

में प्रथम स्थान पर बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार, पिहानी (सीतापुर) की शिखा वर्मा (97.60%) रहीं। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप बोर्ड परीक्षाओं की पूरी प्रक्रिया नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सभी सफल छात्र छात्राओं को बधाई दी है और उनके बेहतर भविष्य की कामना की है। परीक्षा परिणाम गुरुवार को शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) एवं बोर्ड के सभापति डॉ. महेंद्र देव तथा परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी किया गया। इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 के बीच प्रदेश के 8,033 परीक्षा केंद्रों पर 15 कार्यदिवसों में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गईं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से 4 अप्रैल 2026 के बीच कुल 254 मूल्यांकन केंद्रों पर कराया गया।

**हाईस्कूल में बेटियों ने फिर मारी बाजी**

हाईस्कूल परीक्षा में कुल 26,01,381 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 13,43,524 बालक और 12,57,857 बालिकाएं शामिल रहीं। इनमें से कुल 23,52,181 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए, जिससे कुल पास प्रतिशत 90.42 रहा। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.30 जबकि बालिकाओं का 93.76 प्रतिशत रहा, जो कि लड़कों से 6.46 प्रतिशत अधिक है। संस्थागत परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 90.51 रहा, जबकि व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 66.67 प्रतिशत दर्ज किया गया। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 96,803 परीक्षकों द्वारा किया गया।

**इंटरमीडिएट में 80.38) रहा परिणाम**

दूसरी तरफ, इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 24,86,072 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 13,09,397 बालक और 11,76,675 बालिकाएं थीं। इनमें से 19,98,317 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए, जिससे कुल पास प्रतिशत 80.38 रहा। बालकों का पास प्रतिशत 75.04 और बालिकाओं का 86.32 प्रतिशत रहा, यानी बालिकाएं 11.28 प्रतिशत आगे रहीं। संस्थागत परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 80.47 और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 77.54 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 55,973 परीक्षकों द्वारा किया गया।

**प्रयोगात्मक परीक्षाएं व अन्य विवरण**

इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 24 जनवरी से 9 फरवरी के बीच दो चरणों में 18,007 परीक्षकों की निगरानी में सम्पन्न कराई गईं। आंशिक विषयों की परीक्षा में हाईस्कूल के 3,286 और इंटरमीडिएट के 58,134 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। कुल मिलाकर इस वर्ष भी यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की है, वहीं परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया गया।

## पश्चिम बंगाल

शुभेंदु सरकार के साथ उस समय हाथापाई की गई जब वह गड़बड़ी की खबरों के बाद एक मतदान केंद्र की ओर जा रहे थे। शुभेंदु सरकार ने दावा किया कि पुलिस की मौजूदगी में उनकी पिटाई की गई और उनके वाहन में तोड़फोड़ की गई। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शुभेंदु सरकार ने एक बूथ के पास अशांति फैलाने की कोशिश की थी जिसके कारण स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, एक अन्य घटना में आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के रहमत नगर में भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर पथराव किया गया जिससे उसकी पिछली खिड़कियों के शीशे टूट गए।

## तमिलनाडु में

मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान राज्य में मतदाताओं की संख्या अक्टूबर 2025 में दर्ज 6.41 करोड़ से घटकर 5.73 करोड़ हो गई। वर्ष 2021 के चुनावों में लगभग 6.29 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। यह संख्या इस चुनाव में पंजीकृत मतदाताओं से 56 लाख अधिक है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, बृहस्पतिवार को सेलम जिले में सबसे ज्यादा 88.02 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जबकि तिरुचिरापल्ली में 82.76 प्रतिशत, कोयंबटूर में 82.33 प्रतिशत, चेन्नई में 81.34 प्रतिशत और मदुरै में 77.89 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

## वैदिक मंत्रोच्चार

रोशनी से अलंकृत किया गया। अलकनंदा नदी के तट पर स्थित यह पावन धाम हिमालय की बर्फीली चोटियों के मध्य अद्भुत छटा बिखेरता नजर आया। कपाट खुलने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से प्रथम महाभिषेक पूजा कराई। पूजा के दौरान राष्ट्र की प्रगति, उत्तराखंड की समृद्धि, जनकल्याण और विश्व शांति की कामना की गई। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर और आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि श्री बद्रीनाथ धाम संपूर्ण भारत की आस्था का महान केंद्र है। यहां पहुंचने वाला हर श्रद्धालु दिव्य ऊर्जा और आध्यात्मिक शांति का अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि सरकार यात्रा मार्गों के सुदृढ़ीकरण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुचारु और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। स्वास्थ्य सेवाओं, पार्किंग, पेयजल, यातायात नियंत्रण, स्वच्छता, विश्राम स्थलों और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री ने यात्रियों से आवश्यकता पड़ने पर सहायता केंद्रों से संपर्क करने की अपील की।

## चमकविहीन व

गेहूं सरकारी क्रय केन्द्रों पर बिना किसी कटौती के खरीदा जायेगा। किसानों के पंजीकरण में दर्ज विवरण का सत्यापन राजस्व एवं चकबन्दी विभाग द्वारा किया जा रहा है। अब नई व्यवस्था के अन्तर्गत जिन किसानों का उक्त विभागों द्वारा सत्यापन अभी तक नहीं हुआ है, उन किसानों का गेहूं भी क्रय केन्द्र प्रभारियों की ओर से किसानों के राजस्व/चकबन्दी अभिलेखों का मिलान करते हुए क्रय किया जायेगा। समस्त जनपदों के क्रय केन्द्रों पर 15 जून तक अनवरत रूप से गेहूं खरीद जारी रहेगी। किसानों के समस्त गेहूं की खरीद सुनिश्चित कराई जायेगी। भीड़ अधिक होने पर किसान अपनी सुविधानुसार क्रय केंद्र प्रभारी से टोकन प्राप्त कर लें और टोकन में दर्ज तिथि पर क्रय केंद्र लाकर गेहूं बिक्री करें। किसी भी असुविधा पर किसान टोल-फ्री नम्बर 18001800150 पर सम्पर्क कर सकते हैं। शासन ने प्रदेश के सभी 18 मंडल में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है।

## आईएसआई के

पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी, आबिद जट व कट्टरपंथी पाकिस्तानी यूट्यूबर्स विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय नौजवानों को निशाना बनाकर व रेडिक्लाइज करके व आर्थिक लाभ का लालच देकर भारत कि आंतरिक शांति व सद्भाव को बिगाड़ने की योजना बना रहे हैं। ये लोग भारतीय नौजवानो को संवेदनशील स्थलों की रेकी करके उनके निर्देश पर आतंकी हमला करने एवं कुछ एक्स मुस्लिम्स व अन्य लोगों को अत्याधुनिक हथियारों से मारने के लिए उकसा रहे हैं।

## विदेशी श्रद्धालुओं

ने बताया कि प्रयागराज केवल एक तीर्थ स्थल नहीं, बल्कि आध्यात्मिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनकर उभर रहा है। यूरोप, अमेरिका, रूस, जापान, नेपाल, श्रीलंका और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। विदेशी मेहमान भारतीय परंपराओं, सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक जीवन शैली से प्रभावित हो रहे हैं। वर्ष 2025 में 20 लाख से अधिक विदेशी पर्यटकों का आगमन इस बात का प्रमाण है कि प्रयागराज की पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हुई है। आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ने की संभावना है, जिससे प्रदेश के पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बड़ा लाभ मिलेगा। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 ने दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में नया इतिहास रचा। 45 दिवसीय इस भव्य आयोजन में 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली

जाए तथा प्रभावितों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाए। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम राजीव कुमार निगम तत्काल स्थानीय तहसील प्रशासन की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर तत्काल सीएचसी रमियाबेहड़ में प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया।

इसके उपरांत सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल ओयल भिजवाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग एवं सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता जिला अस्पताल ओयल पहुंचे।




# चेन्नई ने मुंबई को 103 रन से हराया

## आईपीएल : संजू की दूसरी सेंचुरी, गजनफर-अश्विनी कुमार को 2-2 विकेट

एजेंसी



**मुंबई।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को एकतरफा अंदाज में 103 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की. घरेलू मैदान पर खेल रही मुंबई की टीम पूरी तरह दबाव में नजर आई और मैच के किसी भी मोड़ पर वापसी नहीं कर सकी. इस जीत की नींव चेन्नई के कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने रखी, जिन्होंने शानदार शतक जड़ते हुए टीम को 200 रन के पार पहुंचाया. उनकी पारी ने मैच का रुख पूरी तरह चेन्नई की ओर मोड़ दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरूआत बेहद खराब रही. पावरप्ले में ही दोनों ओपनर पवेलियन लौट गए और टीम 6 ओवर में 29 रन पर 3 विकेट गंवा बैठी. इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभालने की कोशिश की और एक छोटी साझेदारी भी की. हालांकि, जैसे ही यह साझेदारी टूटी, मुंबई की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई. नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम लड़खड़ा गई. आखिरकार मुंबई इंडियंस की पूरी पारी बुरी तरह ढह गई और टीम को 103 रन से करारी हार झेलनी पड़ी. गेंदबाजी में चेन्नई के लिए अकील हुसैन सबसे बड़े हीरो साबित हुए, जिन्होंने चार विकेट लेकर मुंबई की कमर तोड़ दी. वहीं नूर अहमद ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए अहम विकेट झटके और विपक्षी टीम को दबाव में बनाए रखा. इस जीत के साथ चेन्नई सुपर किंग्स ने न सिर्फ दो अहम अंक हासिल किए, बल्कि टूनामेंट में अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली।

चेन्नई सुपर किंग्स ने कढछ के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस को 208 रन का टारगेट दिया। गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। पहले बैटिंग करते हुए चेन्नई ने संजू सैमसन के नाबाद 101 रन की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 207 रन बनाए। उनके अलावा ऋतुराज गायकवाड ने 22 और डेवाल्ड ब्रेविस ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में मुंबई की ओर से अल्लाह गजनफर और अश्विनी कुमार ने 2-2 विकेट लिए।

जसप्रीत बुमराह और मिचेल सैंटनर को एक-एक विकेट मिला। 19वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 10 रन दिए। ओवर की पांचवीं गेंद पर सैमसन ने शानदार चौका लगाकर स्कोर आगे बढ़ाया, वहीं इस ओवर में एक नो-बॉल भी रही जिससे फ्री-हिट मिली। ओवर खत्म होने के बाद चेन्नई का स्कोर 191/6 हो गया, जहां संजू सैमसन 85 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं और अपने शतक से सिर्फ 15 रन दूर हैं, जबकि अकील हुसैन उनका साथ दे रहे हैं। 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर जेमी ओवरटन 15 रन बनाकर आउट हो गए। अश्विनी कुमार की गेंद पर उन्होंने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सही तरीके से बल्ले पर नहीं आई और डीप में नमन धीर के हाथों कैच हो गए। 17वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने कार्तिक शर्मा को 18 रन पर आउट कर दिया। बुमराह की गेंद पर उन्होंने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन सही टाइमिंग नहीं मिली और गेंद मिचेल सैंटनर के हाथों में चली गई। इसके बाद जेमी ओवरटन क्रीज पर आए हैं। 16वें ओवर में क्रिष भगत के खिलाफ संजू सैमसन ने 15 रन बटोरे। दूसरी गेंद पर सैमसन ने लंबा छक्का जड़ा, इसके बाद तीसरी और चौथी गेंद पर लगातार दो चौके लगाकर गेंदबाज पर दबाव बना दिया। इस ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर 164/4 हो गया, जहां सैमसन 77 रन बनाकर शानदार लय में नजर आ रहे हैं, जबकि कार्तिक शर्मा उनका साथ दे रहे हैं। 14वें ओवर में मिचेल सैंटनर के खिलाफ कार्तिक शर्मा ने दो शानदार सिक्स लगा दिए।

ओवर की दूसरी और पांचवीं गेंद पर कार्तिक ने आगे बढ़कर लॉन्ग-ऑफ के ऊपर और फिर एक और बड़ा शॉट लगाकर गेंद को स्टैंड्स में पहुंचाया। 13वें ओवर में अश्विनी कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 3 रन दिए। 13 ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर 131/4 है, जहां संजू सैमसन 59 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं, जबकि कार्तिक शर्मा उनका साथ दे रहे हैं। 11वें ओवर की तीसरी गेंद पर संजू सैमसन ने चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया, उन्होंने लो फुल टॉस को डीप बैकवर्ड पॉइंट की दिशा में भेजते हुए 50 रन पूरे किए। हालांकि इसी ओवर की आखिरी गेंद पर डेवाल्ड ब्रेविस 21 रन बनाकर आउट हो गए। अश्विनी कुमार की शॉर्ट गेंद पर ब्रेविस ने अपर कट खेलने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही और गेंद सीधे डीप में जसप्रीत बुमराह के हाथों में चली गई।

10वें ओवर की पहली गेंद पर मिचेल सैंटनर के खिलाफ डेवाल्ड ब्रेविस ने शानदार छक्का जड़ते हुए चेन्नई का स्कोर 100 के पार पहुंचा दिया। ओवरपिच गेंद को ब्रेविस ने सीधे मैदान के सामने की ओर लॉन्ग-ऑन के ऊपर से लगभग 80 मीटर दूर भेज दिया। इसके बाद पांचवीं बॉल पर ब्रेविस ने एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से एक और सिक्स लगा दिया। 9वें ओवर की पहली गेंद पर गजनफर ने बड़ा झटका देते हुए शिवम दुबे को बोल्ड कर दिया। दुबे 5 रन बनाकर आउट हुए। कैरम बॉल पर दुबे गेंद को पढ़ नहीं पाए और बोल्ड हो गए।

# बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे आरसीबी और गुजरात



बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस की टीम शुक्रवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। चिन्नास्वामी की थोड़ी चिपचिपी पिच पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में आरसीबी के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे जिससे उसकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी की यह इस सत्र में दूसरी हार थी जिससे उसने शीर्ष चार में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका गंवा दिया था।

वह अब अंक तालिका में आठ अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। उसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद (8 अंक), दिल्ली कैपिटल्स और टाइटंस (प्रत्येक 6 अंक) का नंबर आता है। मौजूदा चैंपियन आरसीबी को यह बात अच्छी तरह से पता होगी कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन से उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि उसे अब अपने अधिकतर मैच विरोधी टीम के मैदान पर खेलने हैं। यही नहीं वह अब अपने दो घरेलू मैच भी रायपुर में खेलेगा। आरसीबी अब चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत हासिल करके अपने प्रशंसकों को शानदार विदाई देना चाहेगा लेकिन इसके लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बड़ा स्कोर बनाने का तरीका ढूंढना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ फिल साल्ट को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। कप्तान रजत पाटीदार और टिम डेविड जैसे छक्के जड़ने में माहिर बल्लेबाजों को भी रन बनाने के वैकल्पिक तरीके खोजने पड़े, हालांकि उन्हें इसमें बहुत अधिक सफलता नहीं मिली। इसलिए आरसीबी के बल्लेबाजों को एक प्लान बी तैयार रखना चाहिए, क्योंकि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि उनका आक्रामक खेल हर समय कारगर साबित होगा। इसी तरह से गुजरात टाइटंस भी अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से चिंतित है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उसकी पूरी टीम 100 रन पर आउट हो गई थी और उसे 99 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था। इससे उसके नेट रन रेट पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है।

## सीएसके ने म्हात्रे की जगह आकाश मधवाल को टीम में किया शामिल

चेन्नई। आयुष म्हात्रे के चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बचे हुए सत्र से बाहर होने के कारण चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने बृहस्पतिवार को उनकी जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया। भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान म्हात्रे ने सीएसके के लिए इस सत्र में शानदार शुरुआत की थी, उन्होंने छह मैच में दो अर्धशतक बनाए लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान उन्हें बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। मधवाल 30 लाख रुपये में सीएसके से जुड़े हैं। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मधवाल इससे पहले मुंबई इंडियंस (2023, 2024) और राजस्थान रॉयल्स (2025) का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## संक्षेप

### प्रियानुज व ऋत्विक राष्ट्रीय चैंपियन बने

देहरादून। असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तमिलनाडु के पी बी अभिनंद को हराकर बृहस्पतिवार को यहां जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का अंडर-19 लड़कों का एकल खिताब जीत लिया। भट्टाचार्य ने 4-2 से जीत हासिल की। तमिलनाडु के अभिनंद और एम आर बालमुरुगन ने अपने ही राज्य के एस के मेहान और उमेश कुमार पर 3-1 की जोरदार जीत के साथ युगल खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं अंडर-17 लड़कों के एकल वर्ग का फाइनल बेहद रोमांचक रहा जिसमें जम्मू-कश्मीर के ज्त्विक गुप्ता ने ओडिशा के सार्थक आर्य को सात गेम तक चले संघर्षपूर्ण मैच में 4-3 से हराकर खिताब जीता। अंडर-17 लड़कों के युगल में साहिल रावत और धैर्य रावत ने अपने ही क्लब के साथी त्रिशाल राज कुमार और ज्षिकेश जगताप पर पांच गेम तक चले कड़े मुक़ाबले में जीत हासिल कर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।

### ध्रुव ने डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में बनाई बढ़त

नूंह (हरियाणा)। दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज ध्रुव श्योराण ने तीसरे दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ रुपये इनामी डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट में तीन शॉट की बढ़त बना ली। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के पूर्व विजेता गुरुग्राम के 31 साल के ध्रुव ने तीसरे दौर में छह बर्डी की। उनका कुल स्कोर 15 अंडर है। कोलकाता के सुनीत चौरसिया तीसरे दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से कुल 12 अंडर 204 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर हैं। दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज अक्षय शर्मा (70) और पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज जमाल हुसैन (68) 11 अंडर 205 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के गगनजीत भुल्लर ने बृहस्पतिवार को यहां सिंगापुर ओपन में पहले दौर में बोगी रहित चार अंडर का स्कोर बनाया जबकि शिव कपूर ने होल इन वन (पहले ही प्रयास में गेंद को होल में डालना) किया। भुल्लर पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से छठे स्थान पर हैं।

## छह राज्यों में इंडोर क्रिकेट बुनियादी ढांचों का उद्घाटन करेंग : पीएम मोदी

एजेंसी

गंगटोक। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 अप्रैल को सिक्किम दौरे के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र के छह राज्यों में इंडोर क्रिकेट बुनियादी ढांचों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 28 अप्रैल को यहां पालजोर स्टेडियम में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम सिक्किम को राज्य का दर्जा मिलने के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में साल भर चले समारोहों के समापन का प्रतीक होगा। सैकिया ने उद्घाटन से पहले बुनियादी ढांचे के विकास का जायजा लेने के लिए इंडोर क्रिकेट स्टेडियम स्थल का दौरा किया।

## तुषारा ने एसएलसी के खिलाफ मामला लिया वापस

कोलंबो। इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी न करने पर श्रीलंका क्रिकेट के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर करने वाले तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने अब यह मामला वापस ले लिया है। तुषारा ने 2022 से अब तक 30 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने दलील दी थी कि एसएलसी ने फिटनेस परीक्षण में असफल रहने का हवाला देते हुए उन्हें एनओसी जारी करने से इनकार कर दिया था।

## कमजोरियों को दूर कर हासिल किया लक्ष्य : हरमनप्रीत

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी टीम ने सही समय पर खराब प्रदर्शन किया क्योंकि इससे टीम प्रबंधन को कमजोरियों को दूर करने और जून में होने वाले टी20 विश्व कप में मजबूत वापसी करने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। भारतीय महिला टीम को अक्टूबर 2024 में हुए टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद पहली बार किसी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को तीसरा मैच नौ क्रिकेट से जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली। पिछले टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया तथा वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखलाएं जीती।

हरमनप्रीत ने तीसरे मैच के बाद पत्रकारों से कहा, पिछले टी20 विश्व कप के बाद हमने अधिकतर टी20 श्रृंखला जीती हैं। यह एकमात्र ऐसी श्रृंखला है जिसमें हम पहले जैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह टीम के लिए अच्छा है कि हम जो भी गलतियां कर रहे हैं वह अभी कर रहे हैं, न कि विश्व कप में। यह सही समय है जब हम अपनी गलतियों से सीख सकते हैं और मजबूती से वापसी कर सकते हैं। हरमनप्रीत ने कहा, कप्तान होने के कारण मैं हर बात को सकारात्मक रूप से लेती हूं। हमें अभी दो मैच खेलने हैं और हम उनमें अच्छा प्रदर्शन करके वापसी कर सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले टी20 विश्व कप में दो महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में भारत का यह प्रदर्शन चिंता का विषय है। विशेषकर उसकी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों में 21 विकेट लिए हैं, जबकि भारत केवल सात विकेट ही ले पाया है। तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के सामने 192 रन का लक्ष्य रखा था। दक्षिण अफ्रीका ने इसे 16.3 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। हरमनप्रीत ने कहा, हमारा स्कोर अच्छा था लेकिन हम दुर्भाग्य से पावरप्ले में विकेट नहीं ले पाए। आप कोई भी मैच खेल रहे हों पावरप्ले में विकेट लेने से हमेशा मदद मिलती है। हम ऐसा नहीं कर पाए, जिसका हमें बहुत खामियाजा भुगतना पड़ा। वहीं दूसरी ओर रविंद्र जडेजा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए विभिन्न कारणों से अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं किए हैं लेकिन उन्हें इस बात का कोई शिकवा नहीं है और उनका कहना है कि वह मैदान पर आने से पहले अपना अहंकार होटल के कमरे में छोड़ देते हैं।




जडेजा ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम को 40 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले कुछ मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे न कर पाने के बारे में जडेजा ने जियोहॉटस्टार से कहा, जब मैं मैदान पर आता हूं, तो मैं अपना अहंकार होटल के कमरे में ही छोड़ देता हूं। मैं केवल इस बारे में सोचता हूं कि टीम मुझसे जिस तरह की भी अपेक्षा करेगी मैं उसे पूरी करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा अगर इस मैच में बल्लेबाजी की बात करें तो मैं पारी के आखिर तक खेलना चाहता था क्योंकि अगर मैं 17वें या 18वें ओवर में गलत शॉट खेलकर आउट हो जाता तो हम 159 रन तक नहीं पहुंच पाते और शायद 20-25 रन कम बना पाते।

जडेजा ने 29 गेंद पर 43 रन बनाए और फिर चार ओवरों में 29 रन देकर एक विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, एलएसजी के लिए छोटा लक्ष्य हासिल करना शायद आसान होता। टी20 क्रिकेट में हर पिच, हर परिस्थिति और हर मैच की स्थिति अलग होती है।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे भारत के शीर्ष एथलीट




एजेंसी

तुमकुर (कर्नाटक), 23 अप्रैल (भाषा) देश की उभरती हुई ट्रैक एवं फील्ड प्रतिभाओं की परीक्षा शुक्रवार से यहां महात्मा गांधी स्टेडियम में शुरू हो रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में होगी जिसमें कई खिलाड़ियों की नजरें भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर टिकी होंगी। अगले महीने हांगकांग में होने वाली एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता में काफी कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है, विशेषकर तब जब भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए कड़े क्वालीफिकेशन मानक घोषित किए हैं। पहले दिन पदक के लिए शुरुआती स्पर्धाएं पुरुषों और महिलाओं दोनों वर्गों में पांच हजार मीटर की दौड़ होंगी लेकिन सभी की निगाहें 100 मीटर पुरुष फर्राटा दौड़ पर टिकी होंगी जिसमें झारखंड के पार्थ सिंह, ओडिशा के प्रतीक महाराणा और अन्य धावकों के बीच कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। पार्थ का पिछला सत्र काफी शानदार रहा था और वे इस स्पर्धा में अपना दबदबा कायम करने के लिए उत्सुक होंगे।

इस स्पर्धा में कुल 79 धावकों ने हिस्सा लेने की पुष्टि की है जबकि पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में भी 93 प्रतिभागियों के साथ मुकाबला उतना ही कड़ा होने की उम्मीद है। यह प्रतियोगिता ओडिशा के अंतरराष्ट्रीय 400 मीटर धावक बापी हंसदा के लिए भी एक आदर्श मंच साबित होगी। बापी उत्तराखंड में आयोजित 2025 राष्ट्रीय खेलों के दौरान लगी चोट के कारण लंबे समय तक खेल से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। केरल के उभरते हुए धावक मोहम्मद अशफाक ने भी इस प्रतियोगिता में भागीदारी की पुष्टि कर दी है। वे हांगकांग प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह पक्की करने के लिए उत्सुक होंगे।

इस स्पर्धा में कुल 89 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रतियोगिता के पहले दिन सबसे तेज महिला धावक का भी फैसला होगा। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में 37 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेने की पुष्टि की है। महिलाओं की पोल वॉल्ट और चक्का फेंक स्पर्धाओं में भी पदक विजेताओं का फैसला होगा। कुल मिलाकर 709 पुरुषों सहित I,059 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भागीदारी की पुष्टि की है। यह प्रतियोगिता रविवार को संपन्न होगी।

## यूपी स्टेट कराटे चैंपियनशिप आज से, 550 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**लखनऊ।** चौक स्टेडियम का लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल शुक्रवार से तीन दिनों तक जापानी मार्शल आर्ट कराटे के मुकाबलों का गवाह बनेगा। यहां प्रदेश के 30 जिलों के करीब 550 खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में अपने हुनर का प्रदर्शन करने उतरेंगे। मौका होगा यूपी स्टेट सब जूनियर, कैडेट, जूनियर कराटे चैंपियनशिप-2026 का, जिसका आयोजन कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ द्वारा आगामी 24 से 26 अप्रैल, 2026 तक किया जाएगा। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया व महासचिव जसपाल सिंह ने बताया कि चैंपियनशिप में 111 स्वर्ण, 111 रजत व 222 कांस्य पदकों के लिए बालक व बालिका वर्गों में मुकाबले होंगे। चैंपियनशिप में कुमिते के 87 भारवर्ग और काता की 24 श्रेणियों सहित कुल 111 वर्गों में स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष टीपी हवेलिया ने बताया कि इस चैंपियनशिप के माध्यम से उत्तर प्रदेश की कराटे टीम का चयन किया जाएगा, जो आगामी अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी।

## मशहूर नहीं हुआ हूं, वैसा ही बने रहने की कोशिश कर रहा हूं जैसा मैं पहले था : हिंगे

बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार पदार्पण से अचानक मिली शोहरत से प्रफुल हिंगे में जरा भी बदलाव नहीं आया है और सनराइजर्स हैदराबाद के इस तेज गेंदबाज का मानना है कि उन्होंने अपने करियर में अभी शुरूआत ही की है। हाल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पहले आईपीएल मैच में हिंगे ने अपने पहले दो ओवरों में ही वैभव सूर्यवंशी, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रियान पराग और ध्रुव जुरेल को आउट कर दिया। उनके चार विकेटों की बदौलत सनराइजर्स ने 57 रन से जीत दर्ज की। हिंगे ने कहा कि वह इस प्रदर्शन से बिल्कुल भी अभिभूत नहीं हुए। हिंगे ने जियोस्टार प्रेस रूम में पत्रकारों से कहा, मैंने सोचा था कि मैं दर्शकों के शोर को अपने दिमाग से निकाल दूं। मैं जितना हो सके शांत रहना चाहता था। मैंने नेट्स में भी बहुत ज्याद गेंदबाजी की थी। इसलिए मुझे मैच में उन सभी चीजों को ठीक वैसे ही करना था। जब मैंने ऐसा किया तो मुझे सच में बहुत अच्छा लगा। इस शानदार गेंदबाजी के बाद वह रातों-रात सोशल मीडिया पर सबके चहेते बन गए लेकिन इससे हिंगे जरा भी नहीं बदले हैं।

## 'विशेष मीट एंड ग्रीट' में शामिल हुए एलएसपी के खिलाड़ी




लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंसिपल स्पॉन्सर जेके सीमेंट ने आज ताज लखनऊ में फ्रेंचाइजी के स्टार खिलाड़ियों के साथ एक विशेष मीट एंड ग्रीट का आयोजन किया। इस अवसर पर एलएसजी कप्तान ऋषभ पंत, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श, और युवा भारतीय प्रतिभाएं अर्जुन तेंदुलकर एवं मुकुल चौधरी उपस्थित रहे। खिलाड़ियों ने जेके सीमेंट के वरिष्ठ नेतृत्व और रणनीतिक साझेदारों के साथ बातचीत, फोटो अवसरों और अनौपचारिक संवाद के माध्यम से एक यादगार दोपहर बिताई।

प्रसिद्ध एंकर शेफाली बग्गा ने कार्यक्रम की शुरूआत एक आकर्षक स्वागत और मेहमानों के लिए एक ऊर्जावान आइसब्रेकर सत्र के साथ की। इसके बाद एक बिजनेस और लाइफस्टाइल सेगमेंट आयोजित किया गया, जिसमें श्री अनुज खंडेलवाल, बिजनेस हेड, जेके सीमेंट और श्री पुष्प राज सिंह, ग्रुप प्रेसिडेंट ह्र सेल्स एंड मार्केटिंग, जेके सीमेंट शामिल हुए। इसके पश्चात चारों खिलाड़ियों का मंच पर औपचारिक स्वागत और सम्मान किया गया। इसके बाद मंच पर एक विशेष संवाद सत्र हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी तैयारियों, करियर के प्रमुख पलों और लखनऊ सुपर जायंट्स टीम की संस्कृति पर चर्चा की। खिलाड़ियों और उपस्थित दर्शकों ने जेके सीमेंट के प्रमुख अभियान टैगलाइन सुपर ही स्ट्रॉन्ग है के साथ उत्साहपूर्वक जयकारा लगाया। सत्र का समापन प्रश्नोत्तर, विशेष फोटोशूट और व्यक्तिगत संवाद के साथ हुआ। यह मीट एंड ग्रीट लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ जेके सीमेंट की साझेदारी के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है, साथ ही उत्तर प्रदेश के व्यापक व्यावसायिक समुदाय के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में कंपनी के निवेश को भी रेखांकित करता है। अनुज खंडेलवाल, बिजनेस हेड, जेके सीमेंट ने कहा, ह्यआज का यह संवाद हमारे रणनीतिक व्यावसायिक साझेदारों के लिए खिलाड़ियों से करीब से मिलने और लखनऊ सुपर जायंट्स टीम की ऊर्जा को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने का एक शानदार अवसर था। इस तरह की पहलें केवल स्पॉन्सरशिप से आगे बढ़कर हमारे पार्टनर नेटवर्क के लिए यादगार अनुभव बनाती हैं और देशभर के क्रिकेट प्रेमियों के साथ जेके सीमेंट के भावनात्मक जुड़ाव को और मजबूत करती हैं। पुष्प राज सिंह, ग्रुप प्रेसिडेंट ह्र सेल्स एंड मार्केटिंग, जेके सीमेंट ने कहा, आज ऋषभ पंत, मिचेल मार्श, मुकुल चौधरी और अर्जुन तेंदुलकर द्वारा लाई गई ऊर्जा वास्तव में संक्रामक थी।

# बदलाव के पक्ष में एक शानदार जनादेश मिलेगा

## बंगाल में मतदान के अब तक के आंकड़ों से मुझे पूरा यकीन है कि भाजपा को शानदार जीत मिलेगी: मोदी



कृष्णानगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में वोट देने के लिए राज्य की जनता को बधाई दी और मतदान के अब तक के आंकड़ों को परिवर्तन के लिए शानदार जनादेश का संकेत बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक चुनावी रैली में कहा कि निर्वाचन आयोग इस बात के लिए बधाई का पात्र है कि उसने चुनाव में हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं होने दी। मोदी ने कहा कि बंगाल में पिछले 50 वर्षों के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है कि हिंसा की घटनाएं न्यूनतम रहीं। मतदान के बारे में अब तक मुझे जो जानकारी मिली है, उससे मुझे पूरा विश्वास है कि यह बंगाल के मतदाताओं द्वारा बदलाव के पक्ष में एक शानदार जनादेश होगा।

देश के अन्य हिस्सों के मतदान के आंकड़ों का हवाला देते हुए, प्रधानमंत्री ने दावा किया कि जब भी लोग बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए निकले हैं, भाजपा को निर्णायक जीत हासिल हुई है। बंगाल में शाम 5 बजे तक औसतन लगभग 90 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में, 152 सीटों पर अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच बृहस्पतिवार को मतदान हुआ। हालांकि, कुछ इलाकों से हिंसा की छिटपुट घटनाओं की खबरें हैं। शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 2,400 से अधिक कंपनियां तैनात की गई हैं। मोदी ने कहा कि मतगणना के बाद भाजपा की बंगाल इकाई 4 मई को विजयोत्सव मनाएगी, जब पार्टी लोगों में न केवल मिठाई बल्कि झालमुड़ी भी बांटेगी। प्रधानमंत्री ने पिछले हफ्ते झाड़ग्राम के अपने दौरे के दौरान झालमुड़ी का स्वाद लिया था। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि झालमुड़ी ने भी कुछ लोगों को करारा झटका दिया है। मैंने झालमुड़ी खाई थी, लेकिन ऐसा लगता है कि तृणमूल नेताओं को मिर्ची लग रही है। मोदी ने तृणमूल के सिंडिकेट, आपराधिक और माफिया गठजोड़ का जिक्र करते हुए दावा किया कि पार्टी राज्य के कुछ जिलों में एक भी सीट नहीं जीत पाएगी। उनकी यह जनसभा एक ऐसे क्षेत्र में थी, जहां हिंदू नामशूद्र मतुआ समुदाय के सदस्यों की अच्छी खासी संख्या है और एसआईआर के जरिये मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाए जाने से लोगों के बीच आक्रोश है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद, बांग्लादेश से आए उत्पीड़ित शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि तृणमूल का नारा है घुसपैठियों के साथ, घुसपैठियों का विकास। हमें फर्जी दस्तावेजों के जरिए बाहरी लोगों को नागरिकता देने की साजिश को रोकना होगा।

# पाकिस्तान को लश्कर और जैश जैसे आतंकवादी समूहों पर नकेल कसनी चाहिए: अमेरिकी सांसद



वाशिंगटन। अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमैन ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी समूहों पर नकेल कसने की मांग की है।

इस आतंकवादी संगठन का संबंध 2025 के पहलगाम आतंकी हमले से बताया जाता है। भारतीय दूतावास ने आतंकवाद की मानवीय कीमतै शीर्षक वाली एक प्रदर्शनी आयोजित की है जिसमें शेरमैन ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने पहलगाम हमले की पहली बरसी पर उन 26 निर्दोष लोगों को याद किया जिन्हें आतंकवादियों ने मौत के घाट उतार दिया था। शेरमैन ने बुधवार को कहा कि द रेजिस्टेंस फोर्स के हमलावरों ने निर्दोष लोगों को निशाना बनाया और कथित तौर पर पीड़ितों को धर्म के आधार पर अलग किया। इस समूह को व्यापक रूप से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ माना जाता है, जिसे पाकिस्तान में पनाह मिली हुई है। हमें इस अवसर का उपयोग पाकिस्तानी सरकार से लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और अन्य आतंकवादी समूहों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने के लिए करना चाहिए। कैपिटल हिल (संसद भवन परिसर) में यह प्रदर्शनी ऐसे समय में आयोजित हो रही है जब पाकिस्तान सात सप्ताह से जारी अमेरिका-ईरान युद्ध को समाप्त कराने के प्रयासों में मध्यस्थता करके खुद को शांतिदूत के रूप में पेश कर रहा है। प्रदर्शनी में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों दलों के सांसदों ने शिरकत की। इस डिजिटल प्रदर्शनी में विश्व भर में हुए प्रमुख आतंकवादी हमलों को भी प्रदर्शित किया गया है, जिनमें 1993 के मुंबई बम विस्फोट, 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले और पहलगाम हमला शामिल हैं। इसमें हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादी संगठनों की पहचान भी बताई गई है, जिनमें पाकिस्तान के कई व्यक्ति और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठन शामिल हैं। यह विशेष प्रदर्शनी हमें कुछ बातों की याद दिलाती है। पहली बात, आतंकवाद का कहर मानवता को तबाह करने पर तुला हुआ है। दुनिया भर के देशों को एकजुट होकर आतंकवाद को हराने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद से निपटने और उसे हराने के लिए भारत के अटूट संकल्प को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है।

संक्षेप

## लोकतंत्र में भागीदारी करें युवा : बिरला

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि युवाओं को लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए क्योंकि राजनीति से दूर रहकर देश का भला संभव नहीं है तथा अच्छे लोगों का लोकतांत्रिक संस्थाओं में आना जरूरी है। बिरला ने दिल्ली विश्वविद्यालय के दो महाविद्यालयों किरोड़ीमल कॉलेज और महाराज अग्रसेन कॉलेज में अलग-अलग कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्ति तक सीमित न रखते हुए उसे सामाजिक उत्तरदायित्व, समावेशिता तथा चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम बनाया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी आकांक्षाओं को व्यापक राष्ट्रीय दृष्टि के साथ समन्वित करें तथा लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। लोकसभा अध्यक्ष का कहना था कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आलोचनात्मक चिंतन तथा शैक्षणिक लचीलेपन को प्रोत्साहित करते हुए एक परिवर्तनकारी युग का सूत्रपात कर रही है। उन्होंने कहा कि ज्ञान और कौशल निस्संदेह आवश्यक हैं, किन्तु इनके साथ सुदृढ़ नैतिक मूल्यों, सत्यनिष्ठा और धैर्य का समावेश भी उतना ही अनिवार्य है, जिससे स्थायी और सार्थक सफलता सुनिश्चित की जा सके।

# पीएम मोदी के कार्यक्रम के लिए बने मंच तक पहुंचा युवक, थानाधिकारी निलंबित

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बालोतरा के प्रस्तावित दौरे से पहले वीवीआईपी मंच तक एक युवक के अनाधिकृत रूप से पहुंच जाने की घटना को सुरक्षा में गंभीर चूक मानते हुए एक थानाधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार युवक की पहचान अरशद के रूप में हुई है। उसके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और बाद में उसे रिहा कर दिया गया।

यह घटना 20 अप्रैल को उस समय हुई जब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद युवक प्रतिबंधित डी क्षेत्र में प्रवेश कर अतिविशिष्ट लोगों के लिए बने वीवीआईपी मंच तक पहुंच गया। उसने मंच से एक वीडियो भी बनाया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे सुरक्षा तैयारियों पर सवाल उठे हैं। जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में पचपदरा थानाधिकारी अचला राम को निलंबित कर दिया गया है। यह सुरक्षा में गंभीर चूक है कि एक व्यक्ति मंच तक पहुंच गया और वीडियो बनाकर उसे प्रसारित कर दिया। उन्होंने बताया कि राजस्थान आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी (आरएसी) के कमांडेंट को घटना के लिए जिम्मेदार कर्मियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्वाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में कार्यक्रम स्थल पर तैनात आरएसी कर्मियों की लापरवाही सामने आई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री का 21 अप्रैल को एचपीसीएल रिफाइनरी परियोजना के उद्घाटन के लिए बालोतरा दौरा प्रस्तावित था, लेकिन 20 अप्रैल को रिफाइनरी की एक इकाई में आग लगने के बाद यह दौरा स्थगित कर दिया गया था।

## भारत व कतर ने व्यापार बढ़ाने पर की चर्चा

नयी दिल्ली। भारत और कतर ने द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने एवं आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की है। पश्चिम एशिया संकट के कारण प्रभावित हुई आपूर्ति श्रृंखलाओं के बीच यह बातचीत हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कतर के विदेश व्यापार मंत्री अहमद बिन मोहम्मद अल सईद ने ऑनलाइन बातचीत की। सोशल मीडिया पर लिखा, हमने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश संबंधों को और मजबूत करने तथा आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में हमारी रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। दोनों देशों के बीच 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 14 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जिसे दोनों पक्षों ने 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।


# बंगाल चुनाव: समानांतर रणनीति कक्ष का संचालन कर रहे हैं ममता-अभिषेक और शाह



कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा की 152 सीटों पर बृहस्पतिवार को पहले चरण का मतदान हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता अमित शाह ने क्रमशः कालीघाट और साल्ट लेक से अपने अपने दलों के रणनीति कक्ष का संचालन किया तथा इस महत्वपूर्ण चुनावी मुकाबले में वास्तविक समय में मतदान और बूथ स्तर की गतिविधियों पर पल- पल नजर रखी।

बनर्जी के साथ उनके भतीजे और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी थे, जबकि शाह के साथ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता थे। राज्य में बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में तेजी से मतदान हुआ, जिसमें अपराह्न तीन बजे तक 3.6 करोड़ मतदाताओं में से 78.77 प्रतिशत अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके थे। इस दौरान छिटपुट हिंसा, धमकियों और भाजपा उम्मीदवारों पर हमलों के कुछ मामले भी सामने आए। सुबह से ही, सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का राजनीतिक केंद्र कालीघाट एक तरह से कमांड सेंटर बन गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी मतदान के रुझानों, जिले से मिली जानकारी और किसी भी तरह की गड़बड़ी के संकेतों पर कड़ी नजर रख रहे थे। स्थानीय सूत्रों के व्यापक नेटवर्क से सुसज्जित तृणमूल नेतृत्व न केवल निगरानी कर रहा था, बल्कि जिले के नेताओं को, विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में, निर्देश भी जारी कर रहा था। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि एक बेहद प्रतिस्पर्धी चुनाव में यह सतर्कता की एक अतिरिक्त कड़ी की तरह था। चुनाव प्रचार के दौरान ईवीएम में कथित हेराफेरी को लेकर बनर्जी द्वारा बार-बार सार्वजनिक चेतावनी दिए जाने के बाद सतर्कता बढ़ाई गई है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com